


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 224 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.4/5, 2079 शनिवार, 29 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला के बेटे महेंद्र सिंह ने थामा कांग्रेस का हाथ

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला के बेटे महेंद्र सिंह वाघेला कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्होंने 28 अक्टूबर को कांग्रेस ज्वाइन किया। गुजरात में विधानसभा चुनाव से पूर्व यह अहम घटनाक्रम माना जा रहा है। सूबे में चुनाव की तिथियां अभी घोषित नहीं हुई हैं, लेकिन तमाम राजनीतिक दल प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। महेंद्र सिंह वाघेला के कांग्रेस में शामिल होने के बाद अब एक बार फिर गुजरात की राजनीति में शंकर सिंह वाघेला और नरेंद्र मोदी का टकराव दिखाई देने की उम्मीदें हैं।

### सूरजकुंड चिंतन शिविर में पीएम मोदी बोले

# जो मैसेज आए, उसे फॉरवर्ड करने से पहले वेरिफाई जरूर करें



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। चिंतन शिविर में पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन इसके इस्तेमाल में सावधानी जरूर रखें। फेक न्यूज का छोटा सा हिस्सा पूरे देश में तूफान ला सकता है। लोगों को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत है कि कुछ भी फॉरवर्ड करने से पहले सोचें। जो भी संदेश आपके पास आए, उसे फॉरवर्ड करने से पहले वेरिफाई जरूर करें। मोदी हरियाणा के सूरजकुंड में गुरुवार से चल रहे मुख्यमंत्रियों और गृहमंत्रियों के चिंतन शिविर में बोल रहे थे। वे इस शिविर में वर्चुअली शामिल हुए।चिंतन शिविर का उद्देश्य विजन 2047 की प्लानिंग करना है। चिंतन शिविर में सभी राज्यों के गृहमंत्री, संघ शासित राज्यों के उप राज्यपाल और प्रशासकों ने हिस्सा लिया है।

**अमृत काल के पंच प्रण भी दोहराए**

चिंतन शिविर की शुरुआत में मोदी ने कहा कि- अगले 25 साल अमृत पीढ़ी के निर्माण के लिए होंगे। यह अमृत पीढ़ी 'पंच प्रण' के संकल्पों को आत्मसात करके बनाई जाएगी। ये पंच प्रण है- एक विकसित भारत का निर्माण, औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और सबसे महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य।

**पुलिस थानों के लिए दिया बेहतर सुझाव**

थानों के ऊपर 20 मंजिल बिल्डिंग बना दें। सुरक्षा बना दें। ताकि पुलिस थाना आधुनिक हो जाए और उसी के ऊपर रहने की व्यवस्था बन जाएगी। हर शहर में 20-25 थाने ऐसे होंगे, जिन्हें सुधारा जा सकता है। ताकि कोई पुलिस वाला 20-25 किमी दूर जाकर घर न ले। उन्होंने यह भी आइडिया दिया है कि पूरे देश में पुलिस की एक यूनिफॉर्म होना चाहिए।अभी हर राज्य में अलग-अलग है।

**अच्छी चीजें एक-दूसरे से सीखें**

सूरजकुंड में गृह मंत्रालय का यह चिंतन शिविर सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह संविधान की भावना है और नागरिकों के प्रति हमारा कर्तव्य है हर राज्य एक दूसरे से सीखें और मिलजुल कर कार्य करें।

पीएम ने कहा कि कानून-व्यवस्था के पूरे सिस्टम का विश्वसनीय होना बहुत महत्वपूर्ण है। स्मार्ट टेक्नॉलॉजी से कानून-व्यवस्था को स्मार्ट बना पाना संभव होगा। साइबर क्राइम हो या फिर ड्रोन टेक्नॉलॉजी का हथियारों और ड्रग्स तस्करी रोकने में उपयोग, इनके लिए हमें नई टेक्नॉलॉजी पर काम करते रहना होगा।

पीएम ने कहा- कानून-व्यवस्था एक राज्य तक सीमित नहीं है। इंटर स्टेट और इंटरनेशनल क्राइम हो रहे हैं। तकनीक के साथ, अपराधियों के पास अब राज्यों में अपराध करने की शक्ति है। सीमा से परे अपराधी तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं। सभी राज्यों की एजेंसियों के बीच समन्वय और केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय जरूरी है।

# आभा वैश्य महासम्मेलन का भव्य दीपावली मिलन

**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन (एआईवीएफ) द्वारा नगर के एक होटल में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कपड़ा, वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वर्तमान में सभी को सिर्फ यह सोचना है कि हम केवल भारतीय है और भारत का विकास कैसा हो, इसके बारे में ही सोचना है। पुराने जमाने में परिस्थितियों के अनुसार समाज और जाति आदि बनाए गए थे। आज हालात बदल गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत काम हुआ है। तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इसका देश को दीर्घकालीक लाभ होगा। श्री गोयल ने का कि आजादी के 70 साल बाद केन्द्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ है। इससे माताओं, बहनों को कितना लाभ मिला है।

(विस्तृत समाचार पृष्ठ 3 पर)




**अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन (एआईवीएफ) द्वारा नगर के एक होटल में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय कपड़ा, वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का स्वागत करते हुए अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार संघी ।**

## मोदी ने ऋषि सुनक से बातचीत की

**नए ब्रिटिश पीएम को दी बधाई, भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हुई चर्चा**

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से फोन पर बातचीत की है। मोदी ने उन्हें पीएम बनने पर बधाई दी। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की उम्मीद जताई है। पीएम मोदी ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

पीएम मोदी ने कहा कि एक व्यापक और संतुलित मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए वह और सुनक सहमत हैं। हम अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। इधर, ऋषि सुनक ने पीएम मोदी से मिली बधाई पर उन्हें धन्यवाद कहा। सुनक ने सोशल मीडिया पर लिखा- आपकी शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया। यूके और भारत में बहुत कुछ है। मैं इस बात को लेकर उत्साहित हूं कि हमारे दो महान लोकतंत्र आने वाले वर्षों में अपनी सुरक्षा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। बता दें कि भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की नींव पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपनी भारत यात्रा के दौरान रखी थी। उनके बाद लिज ट्रस ने भी इस प्रस्तावित ट्रेड डील का समर्थन करते हुए इसे आगे बढ़ाने पर जोर दिया था।

# आईएसआईएस से जुड़े कोयंबटूर धमाकों के तार

## आरोपी ने कबूला-श्रीलंका में आतंकियों से मिला था

कोयंबटूर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। शहर में हुए विस्फोट के एक मामले के छह आरोपियों में से एक व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि वह केरल की एक जेल में दो लोगों से मिला था, जिनका संबंध श्रीलंका में ईस्टर बम विस्फोटों में शामिल आईएसआईएस समूह से था। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि फिरोज इस्माइल ने कबूल किया कि उसने पड़ोसी राज्य की जेल में बंद मोहम्मद अजहरुद्दीन और राशिद अली से मुलाकात की थी और मुलाकात के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए आगे की पूछताछ जारी है। अजहरुद्दीन और अली अपने खिलाफ पड़ोसी राज्य में एक मामले के सिलसिले में जेल में हैं। पुलिस ने कहा कि पांच आरोपियों को उनके घर ले जाया गया और तलाशी ली गई। इस बीच पुलिस ने कोयंबटूर जिले में वाहनों की जांच जारी रखी और सड़क किनारे खड़ी लावारिस मोटरसाइकिलों और कारों को कब्जे में ले लिया। इसके अलावा अधिकारियों ने केरल के साथ तमिलनाडु की सीमा पर पुलिस और वन चौकी स्थानों पर वाहनों की जांच तेज कर दी है। पुलिस ने राज्य के अन्य हिस्सों में भी संदिग्धों के परिसरों की तलाशी तेज कर दी है। 23 अक्टूबर को 29 वर्षीय जमीशा मुबीन के आवास से पोटेशियम नाइट्रेट सहित 75 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया गया था, जो एक कार में गैस सिलेंडर विस्फोट में मारा गया था।

### राहुल गांधी का भाजपा-तेरास पर हमला

# दोनों पार्टियां लोकतंत्र के खिलाफ और पैसे की राजनीति में लिप्त



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना के नारायणपेट में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर हमलावर हुए। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ये लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं और पैसे की राजनीति में लिप्त हैं। कांग्रेस सांसद ने टीआरएस और बीजेपी दोनों पर खरीद-फरोख्त और सरकारों को गिराने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा और टीआरएस एक ही हैं। जनता को इसे समझने की जरूरत है। टीआरएस दिल्ली में भाजपा की मदद करती है और बीजेपी तेलंगाना में टीआरएस की मदद करती है। दोनों पार्टियां लोकतंत्र के खिलाफ हैं और पैसे की राजनीति में लिप्त हैं। ये विधायकों को खरीदकर पैसे की राजनीति करते हैं।

बता दें कि टीआरएस ने आरोप लगाया था कि भाजपा विधायकों को पैसे और ठेके का लालच देकर उन्हें लुभाने का प्रयास कर रही है। जिसमें साइबराबाद पुलिस ने बुधवार शाम को रंगा रेड्डी के एक फार्महाउस पर तीन को गिरफ्तार किया था। तेरास नेताओं ने आरोप लगाया था कि यह भाजपा द्वारा किया गया। हालांकि, तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने के साइबराबाद पुलिस के अनुरोध को खारिज कर दिया। भाजपा ने आरोपों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता जी. किशन रेड्डी ने टीआरएस विधायकों के अवैध शिकार के आरोपों का खंडन किया और कहा कि यह टीआरएस के डर को दर्शाता है और उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों द्वारा जांच की मांग की। राहुल गांधी ने चार दिनों के अंतराल के बाद गुरुवार को नारायणपेट जिले के मकथल से 'भारत जोड़ो यात्रा' फिर से शुरू की। तेलंगाना के नारायणपेट जिले के येलिगंदला में राहुल गांधी की यात्रा का तीसरा दिन है।

## गलती है कि मैं मंत्री बन गया : सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के सत्येंद्र जैन ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपने ऊपर लगे आरोपों पर कहा कि मेरी गलती है कि मैं मंत्री बन गया, नहीं तो कोई मामला नहीं होता। 5 नवंबर 2022 को दिल्ली की अदालत के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत याचिका पर ईडी की दलीलें सुनेंगे।

आप नेता सत्येंद्र जैन ने अपने खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में दिल्ली की एक अदालत के समक्ष अपनी जमानत के लिए दलीलें पेश करते हुए कहा कि उनकी एकमात्र गलती यह थी कि वह एक मंत्री बने और सार्वजनिक जीवन में आ गए वरना उन पर कोई मामला नहीं होता। जैन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन पेश हुए जिन्होंने राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश विकास ढुल के समक्ष दलील दी। जज 5 नवंबर को जमानत याचिका पर ईडी की दलीलें सुनेंगे।

## मंत्री ने राम रहीम के सत्संग में लिया आशीर्वाद

गुरुग्राम, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। बलात्कार और हत्या का दोषी राम रहीम जब से वो पैरोल पर बाहर आया है, तब से सत्संग कर रहा है। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और हिमाचल के परिवहन मंत्री बिक्रम ठाकुर ने राम रहीम के सत्संग में शामिल हुए। इस दौरान बीजेपी मंत्री ने राम रहीम से आशीर्वाद लिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में बिक्रम ठाकुर कह रहे हैं कि मैं एक मंत्री और विधायक हूं, मैं यहां आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। जिस तरह से आप पंजाब और हरियाणा में नेक काम कर रहे हैं, उससे बड़ा कुछ नहीं हो सकता। मैं चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश के लोग जो आपको बहुत प्यार करते हैं। इसको आप हमेशा बनाए रखें। मुझे आशा है कि हमें आपका आशीर्वाद मिलेगा। बिक्रम ठाकुर ने विधानसभा चुनाव के लिए जसवां प्रागपुर से नामांकन दाखिल किया है। हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को मतदान होगा।


# इमरान खान ने फिर की भारत की विदेश नीति की तारीफ

### आईएसआई की पोल खोलने की धमकी दी



इस्लामाबाद, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में इमरान खान और सरकार के बीच चल रही सियासी जंग आर-पार की लड़ाई में तब्दील हो चुकी है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की ओर से शुक्रवार को शुरू हुआ आजादी मार्च लाहौर के लिबर्टी चौक पहुंच गया।

यहां इमरान खान ने शहबाज शरीफ सरकार पर जबरदस्त निशाने साधे। उन्होंने कहा कि यह मार्च किसी राजनीति या निजी फायदे के लिए नहीं है, बल्कि देश की आजादी के लिए है। उन्होंने कहा कि मार्च का सीधा मकसद देश को आजाद करने के लिए है। अपने भाषण के दौरान इमरान खान एक बार फिर भारत की तारीफ कर गए। उन्होंने भारत की विदेश नीति को स्वतंत्र बताते हुए शरीफ सरकार की खिंचाई की। साथ ही उन्होंने अपने देश की खुफिया एजेंसी आईएसआई पर निशाना साधा और कहा कि वह एजेंसी की पोल खोल देंगे। गौरतलब है कि हाल ही में पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता और आईएसआई के प्रमुख नदीम अहमद अंजुम की तरफ से की गई साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमरान खान पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। कहा गया था कि इसी साल मार्च में सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को 'लुभाने वाला प्रस्ताव' दिया गया था। शुक्रवार को इन्हीं आरोपों का जवाब देते हुए इमरान खान ने आईएसआई पर निशाना साधा। इमरान ने कहा, 'कल हुई सेना और आईएसआई की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस शेख रशीद के बयानों से ज्यादा राजनीतिक थी।' उन्होंने धमकाने के अंदाज में कहा, 'ध्यान से सुनो डीजी आईएसआई, जो मैं जानता हूं, उस पर मैं सिर्फ अपने संस्थानों और देश के लिए चुप बैठा हूं। मैं अपने देश को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता। जब हम संस्थानों की आलोचना करते हैं, तो यह आपके भले के लिए होता है। मैं काफी कुछ बोल सकता हूं और जवाब दे सकता हूं। पर मैं इस संस्थान को कमजोर नहीं करना चाहता।' बता दें यह मार्च लाहौर से इस्लामाबाद तक निकाला जाएगा। इमरान खान पहले ही आजादी मार्च निकालने की घोषणा कर चुके थे।



बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सैनिक सीमा निगरानी चौकी के पास गश्त कर रहे थे। जगदीश (पूर्व-136) को जीरो लाइन के पास कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिलीं, जिनमें हथियार और गोला बारूद था। इसके सीमा पार से आईएसआई के एजेंटों द्वारा भेजे जाने की संभावना है।

# पाक सीमा पर तीन एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद

## बीएसएफ को जीरो लाइन के पास मिला जखीरा

फिरोजपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने फिरोजपुर सेक्टर में भारत-पाक सीमा से तीन एके-47 राइफल, तीन मिनी एके-47 राइफलें और तीन पिस्तौल बरामद की हैं। शुक्रवार सुबह द ट्रिब्यून को भेजे गए एक ईमेल में बीएसएफ के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की।



प्रवक्ता ने बताया कि सैनिक सीमा निगरानी चौकी के पास गश्त कर रहे थे। जगदीश (पूर्व-136) को जीरो लाइन के पास कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिलीं, जिनमें हथियार और गोला बारूद था। इसके सीमा पार से आईएसआई के एजेंटों द्वारा भेजे जाने की संभावना है। विवरण के अनुसार, बीएसएफ के जवानों ने तीन एके-47 राइफल्स के साथ छह खाली मैगजीन, तीन मिनी एके-47 राइफलों के साथ पांच खाली मैगजीन और तीन पिस्तौल (बेरेटा प्रकार) छह खाली मैगजीन के साथ बरामद कीं। बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि 200 राउंड गोला-बारूद (राइफल के 100 राउंड, और 100 पिस्टल के राउंड) भी मौके से बरामद किए गए। बीएसएफ अधिकारियों ने बरामदगी के बारे में स्थानीय पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने और आगे की जांच के लिए सूचित किया था। पंजाब पुलिस को आगे की कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है। बीएसएफ अधिकारियों की शिकायत पर फाजिल्का में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 54, 59 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# महाराष्ट्र के मंत्री सत्तार ने जिलाधिकारी से पूछा 'क्या आप शराब पीते हैं?' विपक्ष ने घेरा



मुंबई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार को बीड़ के जिला अधिकारी राधाबिनोद शर्मा से कथित तौर पर यह पूछते हुए सुना जा सकता है कि "क्या आप शराब पीते हैं?" सत्तार ने यह कथित टिप्पणी 21 अक्टूबर को अत्यधिक बारिश से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए मध्य महाराष्ट्र के बीड़ जिले के दौरे के दौरान की थी। सामने आए वीडियो में जिलाधिकारी शर्मा, जिले के अन्य अधिकारियों और कुछ अन्य लोगों के साथ मंत्री एक हॉल में बैठे नजर आ रहे हैं। वहां सभी को चाय परोसने के दौरान शर्मा चाय पीने से मना कर देते हैं। तभी, सत्तार को कथित तौर पर जिलाधिकारी से पूछते हुए सुना जा सकता है,

"क्या आप शराब पीते हैं?" अब इस मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी सचिन सावंत ने ट्वीट कर सत्तार से पूछा है कि क्या वह बारिश से नुकसान के आकलन का दौरा था या शराब देखने का दौरा?

# पूर्व कांग्रेसी विधायक के घर आईटी की रेड



पठानकोट, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पठानकोट के हल्का भोआ से पूर्व कांग्रेसी विधायक जोगिंदर पाल के घर, फार्म हाउस ओर क्रशर पर शुक्रवार को इनकम टैक्स की टीम ने दबिश दी। पूर्व विधायक जोगिंदर पाल के कई नजदीकियों के घरों में भी इनकम टैक्स की छापेमारी जारी है।

पूर्व विधायक जोगिंदर पाल अपने कार्यकाल दौरान अक्सर सुर्खियों में रहते थे। अपने कार्यकाल के दौरान जमा की गई आय और उसके सोर्सेस को लेकर पिछले लंबे समय से इनकम टैक्स विभाग की निगाह पूर्व विधायक पर थी। इसी के चलते शुक्रवार को जोगिंदर पाल के घर सुजानपुर में इनकम टैक्स टीम ने दबिश दी। इसके अलावा उनके क्रशर, फार्म हाउस पर भी टीम पहुंची है। पठानकोट जिले में उनके कई नजदीकी लोगो पर भी टीम ने छापामारी की है।

# गोपाल राय के आरोप पर एलजी ऑफिस की सफाई

## मंत्री पर लगाया यह आरोप



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा 'रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ' अभियान को अनुमति नहीं देने को लेकर पर्यावरण मंत्री द्वारा गलत जानकारी दी गई है। मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा था कि यह कार्यक्रम 28 अक्टूबर से शुरु होना था। लेकिन उपराज्यपाल द्वारा इस फाइल को लटकाने के चलते कार्यक्रम स्थगित करना पड़ रहा है। लेकिन वास्तव में उपराज्यपाल को भेजी गई फाइल में 31 अक्तूबर को इस अभियान को शुरू करने की बात लिखी गई है। सूत्रों ने बताया कि यह फाइल बीते 21 अक्तूबर को उपराज्यपाल के पास भेजी गई थी। इसके अगले दिन से छुट्टी थी और उसके बाद दफ्तर 27 अक्टूबर को ही खुले हैं। इसी दिन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन बुलाकर आरोप लगाया कि उपराज्यपाल ने अभियान की अनुमति वाली फाइल लटका रखी है। 28 अक्टूबर से इस अभियान को शुरु करना था लेकिन अभी तक अनुमति नहीं मिली है। इसलिए अभियान को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। ऐसे समय में यह आरोप लगाए गए जब उपराज्यपाल अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। वह असोला भाटी माइंस गए हुए थे और वहां से उन्हें राष्ट्रपति भवन जाना था।

# यूट्यूब ने कहा

## लोकसभा चुनाव के लिए स्पष्ट नीति, गलत सूचनाएं जल्द हटाएंगे




नई दिल्लीयूट्यूब ने कहा कि हमारे पास भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए स्पष्ट नीति है। हम गलत सूचनाओं के कंटेंट को जितनी जल्दी संभव होता है अपने प्लेटफॉर्म से हटाते हैं और हमारा दृष्टिकोण व्यापक है। यह दावा यूट्यूब के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर और गूगल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नील मोहन ने टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और सोसाइटी के जुड़े एक सम्मेलन में वर्चुअली हिस्सा लेते हुए किया। नील मोहन ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण काफी व्यापक है। यह सुनिश्चित कर रहा है कि चुनावी पवित्रता या चुनावों से संबंधित संभावित गलत सूचनाओं के बारे में हमारी स्पष्ट नीति है। मतदान कैसे करें, कहां मतदान करें, उम्मीदवार की देनदारी आदि सभी प्रकार की चीजें चुनाव के दौरान आती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी नीति है कि गलत जानकारी के कंटेंट को जितनी जल्दी हो सके, हटा देते हैं। हमारे पास हिंसा, हिंसा को भड़काने, भड़काऊ भाषण को लेकर संदर्भ, नीतियां हैं जो यह सुनिश्चित करती हैं कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हों जिससे लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें।

# शिंदे गुट में फंड की फाइट, एमएलए चिमनराव पाटिल बोले

## मंत्री गुलाब राव ने उनके विरोधी को दिया पैसा



मुंबई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना के धड़े में सब कुछ ठीक नहीं है। जलगांव जिले से विधायक चिमनराव पाटिल ने मुख्यमंत्री से अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपने प्रतिद्वंद्वी को सरकारी धन आवंटित करने के लिए मंत्री गुलाबराव पाटिल के खिलाफ शिकायत की। शिवसेना के भीतर चिमनराव पाटिल और गुलाबराव को प्रतिद्वंद्वी माना जाता है।

### 'मैं मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग करूंगा'

चिमनराव ने शिकायत की है कि गुलाबराव पाटिल ने जानबूझकर उनके निर्वाचन क्षेत्र में उनके प्रतिद्वंद्वी को राज्य का फंड दिया। उन्होंने कहा, सरकारी फंड मेरे प्रतिद्वंद्वी को दिया गया है जो एनसीपी से संबंधित है, जबकि हमारी पार्टी के मंत्री ने अपनी ही पार्टी के विधायक को फंड देने से इनकार कर दिया है। यह दिखाता है कि मुझे घेरने की जानबूझकर कोशिश की जा रही है। मैं मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग करूंगा।

### चिमनराव को नहीं दिया गया मंत्री पद

शिवसेना के 40 विधायकों ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी और उनकी सरकार गिरा दी थी। चिमनराव पाटिल, जो एकजुट शिवसेना में खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे थे, शिंदे में शामिल हो गए और इस उम्मीद में सूरत गए कि मौजूदा मंत्री गुलाबराव पाटिल तख्तापलट का हिस्सा नहीं होंगे। गुलाबराव न केवल गुवाहाटी में शिंदे खेमे में शामिल हुए, बल्कि नई सरकार में मंत्री के रूप में शपथ भी ली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चिमनराव पाटिल को सीएम शिंदे के वादे के बावजूद मंत्रालय नहीं दिया गया था।

### रवि राणा ने बच्चू कडू पर लगाए रिश्वत लेने के आरोप

इससे पहले, निर्दलीय विधायक रवि राणा ने एक अन्य निर्दलीय विधायक बच्चू कडू पर गुवाहाटी में पैसा लेकर शिंदे-फडणवीस सरकार का समर्थन करने का आरोप लगाया था। बच्चू कडू ने कहा है कि 1 नवंबर तक रवि राणा को या तो अपना बयान वापस लेना होगा या फिर वह उनके खिलाफ केस दर्ज कराएंगे।

### डैमेज कंट्रोल में जुटा शिंदे कैंप

उन्होंने कहा कि रवि राणा ने जो रिश्वत के आरोप लगाए थे वे गंभीर हैं और सीएम को स्पष्टीकरण देना होगा। अगर सीएम और उनके डिप्टी इस मुद्दे को हल करने में विफल रहते हैं तो वह कठोर कार्रवाई कर सकते हैं। इस सबके बीच अब शिंदे कैंप डैमेज कंट्रोल में जुट गया है। शिंदे-फडणवीस सरकार में मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि वे जल्द ही बच्चू कडू से बात करेंगे और उन्हें उनकी सरकार में मंत्री के रूप में शामिल किया जाएगा।

# आईएएस दिलीप कुमार कापसे को उप सचिव बनाया

भोपाल, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सामान्य प्रशासन विभाग ने भारतीय प्रशासन सेवा (आईएएस) के अधिकारी मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक दिलीप कुमार कापसे की नई पदस्थापना की गई है। उन्हें मध्य प्रदेश शासन में उप सचिव बनाया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से आदेश जारी हो गए हैं। इसके साथ ही राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के दो अधिकारियों की जिम्मेदारी में भी बदलाव किया है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की उपसचिव प्रियंका गोयल को एमपी नागरिक आपूर्ति की जिम्मेदारी दी गई है।

# अंडमान के पूर्व मुख्य सचिव एसआईटी के समक्ष पेश

## सामूहिक दुष्कर्म केस में हो रही पूछताछ

कोलकाता, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में घिरे अंडमान निकोबार के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण आज विशेष जांच दल के समक्ष पेश हुए। प्रदर्शनकारियों से बचाने के लिए उन्हें पोर्टब्लेयर स्थित पुलिस लाइंस में पिछले दरवाजे से ले जाया गया। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे।

उन पर लिखा था, 'महिला के साथ घृणित कृत्य किया गया, हमें उसके लिए न्याय चाहिए'। 'जितेंद्र नारायण रेपिस्ट है'। नारायण से पूछताछ के लिए वरिष्ठ अधिकारी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को पोर्ट ब्लेयर पहुंच गए थे।



बता दें, एसआईटी 21 वर्षीय एक युवती के आरोप की जांच कर रही है। उसका आरोप है कि 14 अप्रैल और 1 मई को नारायण और अन्य लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस युवती ने 1 अक्तूबर को पोर्ट ब्लेयर के एबरडीन पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। युवती ने आरोप लगाया कि उसे सरकारी नौकरी का झांसा देकर मुख्य सचिव के घर ले जाया गया और फिर वहां शीर्ष अधिकारियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

# मां ने पेंशन का पैसा देने से किया इनकार बेटे ने फोड़ दिया सिर

मुंबई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में पेंशन को लेकर हुए छोटे से विवाद में एक व्यक्ति ने अपनी मां का सिर फोड़ दिया। उसने लकड़ी के बड़े से टुकड़े को अपनी मां के सिर पर मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गई। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना के बाद पुलिस ने भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया, मामला महाराष्ट्र के बारामती क्षेत्र का है। इसका वीडियो भी सामने आया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया, आरोपी अपनी वृद्ध मां से पेंशन के पैसे मांग रहा था, इसी दौरान दोनों में बहस हो गई थी।

# 'मैं महिला और इंसान होने के नाते माफी मांगती हूं'

## डीएमके नेता की अपमानजनक टिप्पणी पर सांसद कनिमोझी



चेन्नई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। डीएमके नेता सैदाई सादिक ने तमिलनाडु बीजेपी की महिला नेताओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद डीएमके की वरिष्ठ नेता कनिमोझी ने खुले तौर पर माफी मांगी है।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सैदाई सादिक को अभिनेत्री से बीजेपी नेता बनीं खुशबू सुंदर, नमिता, गौतमी और गायत्री रघुराम को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करते साफ सुना जा सकता है। दरअसल, डीएमके नेता की इस टिप्पणी को लेकर बीजेपी नेता खुशबू ने एम के स्टालिन को टैग कर ट्विटर पर सवाल पूछा था। उन्होंने लिखा, जब पुरुष महिलाओं को गाली देते हैं, तो यह सिर्फ दिखाता है कि उनकी किस तरह की परवरिश हुई है और वे किस जहरीले वातावरण में पले-बढ़े हैं।

ये पुरुष एक महिला के गर्भ का अपमान करते हैं। ऐसे पुरुष खुद को कलैगनार का अनुयायी कहते हैं, क्या यह सीएम स्टालिन के शासन के तहत नया द्रविड़ मॉडल है?

इसी ट्वीट का जवाब देते हुए डीएमके सांसद कनिमोझी ने माफी मांगी। उन्होंने लिखा, मैं एक महिला और इंसान के रूप में जो कहा गया उसके लिए माफी मांगती हूं। इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, चाहे वह किसी भी व्यक्ति ने कहा हो या जिस पार्टी का वे पालन करते हैं। और मैं इसके लिए खुले तौर पर माफी मांग सकती हूं, क्योंकि मेरे नेता एम के स्टालिन और मेरी पार्टी ऐसे लोगों को माफ नहीं करती है।

# बीपीसीएल डिपो ब्लास्ट में तीसरी मौत

## चिरायु हॉस्पिटल में भर्ती था विनोद

भोपाल, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भोपाल-इंदौर बायपास स्थित बकानिया भौंरी में बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के डिपो में 21 अक्टूबर को हुए टैंकर ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल विनोद ने भी दम तोड़ दिया। वे गंभीर रूप से झुलसा था और चिरायु हॉस्पिटल में भर्ती था। इस हादसे में यह तीसरी मौत है। विनोद से पहले दो ड्राइवरों की मौत हो चुकी है। विनोद केजुअल डिपार्टमेंट में काम करता था। उसकी मौत से परिजन आक्रोशित है और सही इलाज नहीं मिलने का आरोप भी लगाए जा रहे हैं। दूसरी



ओर टैंकर एसोसिएशन ने परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। एसोसिएशन के अब्दुल रहमान खान ने बताया कि विनोद दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी था। जो सुविधाएं और मुआवजा मृतक ड्राइवरों के परिजनों को दी गई है, वह विनोद के परिजनों को भी दी जाना चाहिए।

# देश में फिर दिखा कोरोना का कहर! एक दिन में आए 2200 से अधिक नए केस

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में त्योहारी मौसम में एक बार फिर कोरोना डराने लगा है। लगातार दो दिनों की कमी के बाद कोरोना वायरस के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। देश में आज यानी शुक्रवार को 2200 से अधिक नए संक्रमण के केस आए हैं। मगर राहत की बात यह है कि एक्टिव केसों की संख्या 20 हजार से नीचे आ गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी कोरोना डेटा के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 2208 नए केस मिलने से कोविड के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,46,49,088 हो गई है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक, भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 21,607 से घटकर 19,398 रह गई है। वहीं, संक्रमण से 12 और लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,28,999 हो गई है। इन 12 मामलों में वे नौ मृतक भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं। आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 19,398 रह गई है, जो कुल मामलों का 0,04 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,423 की कमी दर्ज की गई है।

वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98,77 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर 1.55 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1,12 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,41,00,691 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1,18 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219.60 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# दहेज मामले में अग्रिम जमानत के लिए

## पत्नी को 10 लाख रुपये देने के एचसी के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पति को अग्रिम जमानत की शर्त के तौर पर परित्यक्ता पत्नी को 10 लाख रुपये देने को कहा था। उच्च न्यायालय ने चार और पांच मार्च, 2021 को अपने आदेश में पति को अपनी पत्नी के पक्ष में अंतरिम मुआवजे के रूप में 10 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करने का निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सीटी रवि कुमार की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा अपीलकर्ता (पति) को अग्रिम जमानत का लाभ उठाने के लिए 10 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करने के लिए कहने का कोई औचित्य नहीं है, लिहाजा अपील की अनुमति दी जाती है। पीठ ने 18 अक्टूबर को अपने आदेश में कहा कि गैर-संज्ञेय अपराध होने के कारण, अपीलकर्ता (पति) ने गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए एक आवेदन दायर करके अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

# तमिलनाडु में हिंदी 'थोपने' के खिलाफ होगी राज्यव्यापी बैठक, सीएम स्टालिन भी कर चुके हैं विरोध



चेन्नई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में हिंदी भाषा को लेकर विवाद गरमाया हुआ है। हाल ही में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन (ने हिंदी भाषा को कथित रूप से थोपने के खिलाफ केंद्र की निंदा की थी। अब राज्य की द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) राज्य में हिंदी भाषा के 'लागू' के खिलाफ तमिलनाडु विधानसभा में पारित प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 4 नवंबर को राज्यव्यापी जनसभाएं आयोजित करेगी। कुछ अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। इस जनसभा में स्पीकर तमिलनाडु विधानसभा में हिंदी भाषा के थोपने के खिलाफ पारित प्रस्ताव की व्याख्या करेंगे, जिसमें केंद्र से राजभाषा पर संसदीय समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू नहीं करने का आग्रह किया गया था। इससे पहले 13 अक्टूबर को सत्तारूढ़ द्रमुक की युवा और छात्र शाखा ने केंद्र की तरफ से हिंदी थोपने के मामले में तमिलनाडु में राज्यव्यापी विरोध की घोषणा की थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हिंदी भाषा को कथित रूप से थोपने के खिलाफ केंद्र की निंदा की है। स्टालिन ने अपने बयान में कहा कि ऐसे प्रयास केंद्र और राज्य के संबंधों की भावना को खतरे में डालते हैं। उन्होंने कहा, 8वीं अनुसूची में सभी भाषाओं को राजभाषा बनाएं। इसे लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा है। स्टालिन ने पीएम को भेजे अपने पत्र में लिखा है, "हिंदी थोपने के हाल के प्रयास अव्यावहारिक और चरित्र में विभाजनकारी हैं जो कई मायनों में गैर-हिंदी भाषी लोगों को बेहद नुकसानदेह स्थिति में डालते हैं। यह केवल तमिलनाडु ही नहीं, बल्कि मातृभाषा का सम्मान और कद्र करने वाले किसी भी राज्य को स्वीकार्य नहीं होगा।

# सभी एकजुट होकर नए भारत के विकास का इतिहास लिखें : पीयूष गोयल

## पूरे विश्व में बज रहा है भारत का डंका : डॉ. गिरीश कुमार संघी



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केन्द्रीय कपड़ा, वाणिज्य व उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने देशवासियों से आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर नए भारत के विकास का इतिहास लिखें। भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए जात-पात, भेदभाव, समाज, संगठन से परे होकर अपना अमूल्य योगदान दें, ताकि आने वाली पीढ़ी अंग्रेजों, मुगलों आदि की पुरानी बातों को भूलकर आपको विकास के महापुरुष के रूप में इतिहास में पढ़कर गर्व करें।

श्री गोयल अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन (एआईवीएफ) द्वारा नगर के एक होटल में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी को सिर्फ यह सोचना है कि हम केवल भारतीय है और भारत का विकास कैसा हो, इसके बारे में ही सोचना है। पुराने जमाने में परिस्थितियों के अनुसार समाज और जाति आदि बनाए गए थे। आज हालात बदल गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत काम हुआ है। तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इसका देश को दीर्घकालीक लाभ होगा। श्री गोयल ने का कि आजादी के 70 साल बाद केन्द्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ है। इससे माताओं, बहनों को कितना लाभ मिला है। यह विकास कार्य टैक्स चुकाने वालों के लिए भी सुखद है। पचास प्रतिशत घरों में शौचालय का निर्माण हुआ है। सरकार टैक्स के पैसे का सदुपयोग कर रही है। देश हित और आम लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने की चर्चा करते हुए श्री गोयल ने कहा कि आजादी के कई साल बीतने के बाद भी लोग पेयजल, सड़कों, बिजली आदि की सुविधा से वंचित थे। प्रधानमंत्री ने आम लोगों की पीड़ा को समझते हुए जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में नल से जल पहुंचाने का काम किया। हजारों घरों में बिजली पहुंचाई गई। सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन आदि का वितरण किया। आज देश के हर घर में मोबाइल फोन पहुंच गया है। भारत में करीब 80 लाख लोग स्मार्ट फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। पहले पक्का घर लोगों का सपना होता था। आज देश में लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सरकार गरीबों, शोषितों, वंचितों के हित में काम कर रही है। उन्होंने लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से घूमने जाने पर स्थानीय उत्पादों को खरीदने का अनुरोध किया है। हम लोगों को देश को मजबूत करने के लिए लोकल उत्पादों को खरीदना चाहिए।

उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि सभी को मिलकर देश के हित में काम करना है। समस्या का मिलकर समाधान करना है। सारी दुनिया भारत की स्थायी और सशक्त सरकार की ओर देख रही है। केन्द्र सरकार के साहसिक निर्णय का प्रभाव दुनिया पर दिख रहा है।

उन्होंने वैश्य समाज की चर्चा करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन के सबका सहयोग करने के आदर्श का प्रभाव सभी जगहों पर देखा जा सकता है। वैश्य समाज देने वाला है, लेने वाला नहीं। वैश्य समाज दिनरात समाज सेवा करता है। देश-विदेश में वैश्य समाज के दिग्गजों ने स्कूल, अस्पताल, गौशाला, धर्मशाला आदि की विशाल ऋृखंला खड़ी की है। सभी मिलकर काम करेंगे तो भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की एक बड़ी और मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में अधिक समय नहीं लगेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद व अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार संघी ने कहा कि सदियों के बाद देश में एक सशक्त सरकार, मजबूत नेता और निर्णायक राजनीति देखने को मिल रही है। पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। करीब ढ़ाई सौ साल पहले भारत 40 फीसदी निर्यात करता था। मौजूदा समय में इससे अधिक निर्यात बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज ने कभी दबाव में धर्म परिवर्तन नहीं किया। समाज के लोग प्राचनीकाल से ही लोक कल्याण की भावना से काम कर रहे हैं। वैश्य समाज के लोग अपने प्राण त्याग करते हैं, लेकिन देश की बुराई को कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह चाहेंगे, तो कश्मीर का बचा हिस्सा भी 3 से 4 दिन में भारत का हिस्सा बन जाएगा। श्री संघी ने कहा कि वैश्य समाज अखंड भारत में विश्वास करता है। भारत की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन पहुंचाने में वैश्य समाज डटकर खड़ा रहेगा। भारत के वैश्य समाज के सामने चीन के लोग कुछ भी नहीं है। देश के विकास में अहम योगदान देने वाले वैश्य समाज की चर्चा करते हुए डॉ. संघी ने कहा कि वैश्य समाज के लोगों को व्यापार में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्य समाज की समस्याओं के बारे में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कई बार मामूली बातों के कारण फैक्ट्रियों का संचालन करने में कठिनाई आती है। इसके साथ ही प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा सरकार और अधिक सीटों के साथ बनना चाहिए। इससे देश हित में संविधान संशोधन में आसानी होगी। वैश्य समाज को सरकार से सहयोग चाहिए। इसके लिए सरकार को राष्ट्रवाद से ओतप्रोत वैश्य समाज के साथ खड़ा होना पड़ेगा।

इस दौरान डॉ. गिरीश कुमार संघी ने केन्द्रीय मंत्री पीयूष को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। समारोह में गोपाल मोर और बद्रीविशाल बंसल, सुरेश अग्रवाल आदि प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री ने नरेंद्र कुमार गोलय का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रमोद केडिया, रमेश बंग, अंजनी अग्रवाल, मुन्नालाल अग्रवाल, डॉ. मोहन गुप्ता, जसमत भाई पटेल, अमरवादी लक्ष्मी नारायण के अलावा कई प्रमुख हस्तियों की विशेष उपस्थिति रही।






# शहर में ब्लैक हेरोइन के साथ पकड़े गए आरोपी



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नशों पर चल रहे विशेष अभियान को देखते हुए जगदगिरीगुट्टा पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर नशा तस्करों को पकड़ा। पुलिस ने आज गजलारामरम के रविनारायण रेड्डी नगर में अन्नपूर्णादिवी मंदिर के खुले क्षेत्र के सामने दो ड्रग तस्करों को पकड़ा, जब वे ड्रग व ब्लैक हेरोइन बेचने की कोशिश कर रहे थे और उनके कब्जे से कुल 20 ग्राम ब्लैक हेरोइन जब्त की गई।

आरोपियों की पहचान मनोज (24) बढ़ई के रूप में हुई है, जो संतोष ढाबा, नरसिंग चौरता के पीछे रहता है। वह राजस्थान के धुगोली के रहने वाले हैं। दूसरा आरोपी रामाराम (23) एक किसान है, जो राजस्थान का मूल निवासी है। दोनों ने राजस्थान में अज्ञात व्यक्तियों से स्मैक नामक ब्लैक हेरोइन खरीदी और उसे बेचने के लिए जगदगिरीगुट्टा इलाके में आए। इसका सेवन भी वे करते हैं।

आज सुबह 8 बजे उन्हें रवीनारायण रेड्डी नगर, गजुलारामरम में अन्नपूर्णादिवी मंदिर के खुले क्षेत्र के सामने पकड़ा गया। पुलिस ने 20 पैकेट जब्त किए हैं और प्रत्येक पैकेट में एक ग्राम ब्लैक हेरोइन है जिसकी कीमत 3,500 रुपये है। 70,000 रुपये की कुल 20 ग्राम ब्लैक हेरोइन और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसमें एसआईपी रंजीत कुमार रेड्डी, एम. लक्ष्मी नारायण, एचसी, ए सत्यनारायण, पीसी, दशरथ ने इंस्पेक्टर पी. सैदुलु और डीआई की देखरेख में किया गया।











### विधायक घोटाले के लिए नकदी के पीछे मुख्य वास्तुकार केसीआर हैं : बंडी

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज आरोप लगाया कि विधायक घोटाले के लिए सनसनीखेज नकदी के पीछे मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव मुख्य वास्तुकार हैं। उन्होंने इस मामले में सीएम को लाई डिटेक्टर टेस्ट की चुनौती दी। उन्होंने ये टिप्पणी यादगीरगुट्टा में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए एक शपथ लेने के बाद की कि न तो उनकी पैटी और न ही उनके नेता विधायक घोटाले के लिए नकदी में शामिल थे। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि उन्होंने मंदिर जाकर और शपथ लेकर वादा निभाया और आरोप लगाया कि केसीआर उनकी चुनौती के बावजूद मंदिर में नहीं आए और उनकी चुनौती को स्वीकार करने से दूर रहे।

# छह दिन बाद केरल के 'फादर' का शव गोदावरी नदी में मिला



मंचेरियल, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। 23 अक्टूबर को गोदावरी नदी में डूबने वाले दो पुजारियों में से एक का शव कल रात कोटपल्ली मंडल के एर्रायिपेट गांव में मिला। दूसरे पुजारी का शव 24 अक्टूबर को बरामद किया गया था। कोटापल्ली सब-इंस्पेक्टर बी. वेंकट ने कहा कि फादर टोनी सैमसन (32) का शव रात करीब 10.30 बजे कोटापल्ली मंडल के कोल्लूर गांव के पास नदी में मिला, जहां वह बह गया था। शव नदी में एक पेड़ के तने के नीचे फंसा हुआ था। उन्होंने कहा कि शव को पीड़ित के परिजनों को सौंपने से पहले उसे पोस्टमार्टम के लिए चेन्नूर के सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

सैमसन केरल से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन यहां के चेन्नूर के एक ईसाई मिशनरी स्कूल से जुड़े थे। केरल के पतानामथिट्टा के मूल निवासी भाई बीजो पालमपुरक्कल (38) का शव पहले बरामद किया गया था। शिमशोन तीन साल से मिशनरी स्कूल में काम कर रहा था। दोनों पुजारी नदी में स्नान कर रहे थे, भले ही वे तैराकी से परिचित नहीं थे। उनके साथ फादर एंथोनी भी थे, जो नदी के किनारे थे और दोनों के परिवार के सदस्यों और स्थानीय पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया। वे कथित तौर पर तस्वीरें लेने के लिए नदी के तट पर थे। चेन्नूर ग्रामीण निरीक्षक सीएच विद्यासागर की देखरेख और वेंकट के नेतृत्व में, चार टीमों द्वारा छह दिनों के लिए एक तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें मत्स्य विभाग के दो विशेषज्ञ गोताखोर, दो पुलिसकर्मी, पीड़ित के परिवार के दो सदस्य और एररायपेट गांव के चार स्थानीय लोग शामिल थे। उन्होंने प्रतिदिन लगभग 12 घंटे बिताकर नदी को लगभग 50 किलोमीटर नीचे की ओर स्कैन किया। पुलिसकर्मियों ने महाराष्ट्र के सिरोंचा से लाई गई एक मोटर चालित नाव और पेद्दापल्ली जिले की एक अन्य नाव और रात में शव की तलाश के लिए विशेष रोशनी का इस्तेमाल किया।






### माओवादियों द्वारा पति की हत्या के बाद महिला ने की खुदकुशी

कोठागुडेम, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। माओवादियों द्वारा अपने पति की हत्या के कुछ दिनों बाद कुर्नापाली गांव में एक महिला ने फांसी लगा ली। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (संचालन) टी. साई मनोहर ने कहा कि भाकपा (माओवादी) पार्टी के नेता कोय्यादा सांबैया उर्फ आजाद को आदिवासी महिला इरपा कनकम्मा (30) की मौत की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। महिला के पति और कुर्नापल्ली गांव के उप सरपंच, इरपा रामुडू की 30 अगस्त को माओवादी चेरला-सबरी एरिया कमेटी के सदस्यों ने हत्या कर दी थी, जिन्होंने उन्हें पुलिस का मुखबिर बताया था। आजाद के आदेश पर रामुडू को अगवा करने के बाद हत्या को अंजाम दिया गया। अपने पति की मौत से व्यथित कनकम्मा ने कुछ दिन पहले कुर्नापल्ली स्थित अपने आवास पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मनोहर ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि आजाद दो निर्दोष आदिवासियों की मौत का कारण बन गया है। माओवादी नेता अपनी मूर्खतापूर्ण विचारधारा से निर्दोष आदिवासियों की जान ले रहे थे।




# लक्ष्मी-गणेश की नहीं, नोटों पर लगे कर्पूरी ठाकुर और लालू यादव की फोटो


राजद सुप्रीमो लालू यादव


पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर

पटना, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की नोट पर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर की मांग के बाद देश भर में राजनीतिक माहौल गरम हो गया है। अलग-अलग पार्टियों के नेताओं ने भारतीय करेंसी पर फोटो के कई सुझाव दे डाले हैं। शुक्रवार को आरजेडी के नेता भी पीछे नहीं रहे। आरजेडी के बिहार प्रदेश महासचिव भाई अरुण ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश जारी कर कहा कि भारतीय करेंसी पर लक्ष्मी गणेश की फोटो नहीं बल्कि बिहार के दो दिग्गज नेता और जननायकों लालू यादव और कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर भारतीय नोट पर छापी जानी चाहिए।

वीडियो संदेश जारी कर आरजेडी प्रदेश महासचिव ने कहा कि जिस प्रकार अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय करेंसी को ऊपर उठाने के लिए नोट पर लक्ष्मी गणेश की फोटो लगाने की मांग की है वो भी भारतीय नोटों पर लालू यादव और कर्पूरी ठाकुर की फोटो लगाने की मांग कर रहे हैं। वीडियो में उन्होंने कहा भारतीय रुपये में गिरावट रोकने के लिए ये एक तरफ गांधी जी और दूसरी तरफ लालू और कर्पूरी

### आरजेडी नेता की मांग

ठाकुर की तस्वीर लगायी जाए। भाई अरुण ने तर्क दिया रेलमंत्री रहते हुए लालू यादव ने वर्षों से हो रहे घाटे से रेलवे को उबारा था। उनके रेलमंत्री बनते ही रेलवे मुनाफा में चलने लगा। उन्होंने कहा कि रुपए को डॉलर के मुकाबले मजबूत करने का ये एक विकल्प है। इसका जरूर असर पड़ेगा। भाजपा के समर्थन में उतरे चिराग पासवान, मोकामा और गोपालगंज में करेंगे चुनाव प्रचार।

दिल्ली के सीएम अरविन्द केजरीवाल की मांग के बाद देश की कई पार्टियों के नेताओं ने भारतीय करेंसी परअलग-अलग फोटो को लेकर मांग शुरू कर दी है। अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि रुपए कि हालत मजबूत करने के लिए भारतीय करेंसी पर लक्ष्मी और गणेश जी की फोटो लगाई जानी चाहिए। नोट पर फोटो के बयान से राष्ट्रीय राजनीति में गहमागहमी का माहौल है।

# हिमाचल चुनाव में सबसे ज्यादा सीएम योगी की डिमांड

## 8 और 10 नवंबर को शिमला में करेंगे रैली 10 से ज्यादा रैली और जनसभा प्रस्तावित



लखनऊ, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल बज चुका है। भारतीय जनता पार्टी सत्ता में दोबारा लौटने के लिए पूरी ताकत लगाए हुए है। इसके लिए भाजपा अपने नेताओं की पूरी फौज हिमाचल के चुनावी मैदान में उतरने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैलियों का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। इतने नेताओं की रैलियों में सबसे अहम बात यह है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा है। फिलहाल यूपी के सीएम योगी की दो रैलियों की तारीखें तय हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिमाचल में 8 और 10 नवंबर को रैली करेंगे। सीएम की यह दोनों रैली शिमला में होनी है। हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को मतदान होना है। भाजपा सीएम योगी की हिमाचल प्रदेश में तकरीबन 10 चुनावी रैलियां और 20 सामान्य सभाएं कराने की तैयारी कर रही है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इन रैलियों का ऐलान तो नहीं हुआ है, लेकिन जल्द ही रैलियों का पूरा खाका तैयार कर लिया जाएगा।

# आजम खान चले थे पॉलिश कराने

## अब उसी आईएएस की शिकायत में फंसे



लखनऊ, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेताओं और अफसरों के पंगे कई बार देखने को मिलते हैं। लेकिन कुछ पंगे ऐसे होते हैं, जो नेताओं की सियासत की जड़ में मट्ठे का काम करते हैं। आजम खान इन दिनों कुछ ऐसे ही अनुभव से गुजर रहे हैं। साल 2019 में हेट स्पीच के मामले में आजम खान को 3 साल की सजा सुनाई गई है। अगर यह सजा कायम रही तो फिर आजम खान की विधायकी जानी तय है। वहीं, उम्र के इस पड़ाव पर आजम खान के लिए यह एक बड़ा झटका होगा, यह भी तय है। वैसे तो यह सजा हेट स्पीच के लिए दी गई है, लेकिन इसकी कहानी इतनी आसान भी नहीं है। इस कहानी का एक अहम किरदार है वह आईएएस ऑफिसर, जिसकी आजम खान ने कभी जमकर लानत-मलानत की थी। यहां तक कि आजम ने उस आईएएस से अपने जूते तक साफ कराने की बात कह डाली थी। इस आईएएस का नाम है आंजनेय कुमार। फिलहाल वह मुरादाबाद के मंडलायुक्त हैं।

इस पूरे वाकए को समझने के लिए आपको चलना होगा साल 2019 में। देश में लोकसभा के चुनाव चल रहे थे। रामपुर में डीएम थे आंजनेय कुमार सिंह। आजम खान की तूती बोलती थी। आलम यह था कि आजम के सामने बोलने की हिम्मत अफसर नहीं जुटा पाते थे। लोकसभा चुनाव के दौरान डीएम आंजनेय जिला निर्वाचन अधिकारी की भूमिका में थे। इस दौरान आजम खान लगातार उनके ऊपर निशाना साध रहे थे। अफसरों पर हमला बोलते-बोलते आजम शब्दों की मर्यादा तक लांघ गए थे।

आजम खान ने इस दौरान डीएम से जूते साफ कराने तक की बात भी कह डाली थी। वहीं, डीएम आंजनेय, आजम खान के बयानों पर कानूनी शिकंजा कसते जा रहे थे। एक के बाद एक मुकदमे दर्ज होते गए। आजम खान के बयान किस कदर अपमानजनक थे, इसका अंदाजा उस एफआईआर से लगाया जा सकता है, जिस केस में उन्हें सजा सुनाई गई है। एफआईआर के मुताबिक आजम ने कहा था कि डीएम अंधा हो गया है। इन जैसे कितने डीएम ने मेरे ऑफिस में खड़े-खड़े पेशाब कर दिया है। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही आजम के खिलाफ कई केसेज दर्ज किए गए।

आईएएस आंजनेय का कहना है कि हमने पूरी तरह से निष्पक्ष चुनाव कराया था। प्रशासन के आरोप कोर्ट में सही साबित हुए।

# गोरखपुर के दो घाटों पर इस बार नहीं होगा छठ पूजन



गोरखपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। गोरखपुर में इस बार तकियाघाट और हनुमानगढ़ी घाट पर छठ पूजन का आयोजन नहीं होगा। दरअसल नगर निगम ने ये कदम राप्ती नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए उठाया है। दूसरी तरफ तट पर नव निर्मित श्रीराम घाट, राजघाट और श्रीगोरक्षघाट पर सिल्ट को हटाने के काम किया जा रहा है। हालांकि छठ महापर्व को लेकर लालडिग्गी पार्क के फब्बारे में भी आयोजन की तैयारियां जोरों पर है।

शहर के नगर आयुक्त अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि तकियाघाट और हनुमानगढ़ी घाट पर इस बार सुरक्षा की दृष्टी से छठ पूजा का आयोजन नहीं कराया जाएगा। हालांकि नौसड़, एकला बंधा, जोमिनगढ़ घाट, सूरजकुंड पोखरा, मानसरोवर मंदिर, भीम ससरोवर और गोरखनाथ मंदिर में साफ-सफाई के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के इंतजाम किया जा रहा है।

**श्रीराम घाट और श्रीगोरक्ष घाट से हटाई जा रही सिल्ट**

सफाई कर्मियों के मुताबिक श्रीरामम घाट और श्रीगोरक्ष घाट पर मोटी सिल्ट की लाल पत्थर जमी हुई है। जिसे हटाया जा रहा है। दूसरी तरफ शहर के विभिन्न वार्डों में 100 से अधिक स्थानों पर कृतिम पोखरों की सफाई शुरू की गई है। वहीं रविवार से पहले इसमें पानी भरा जाएगा।

नगर आयुक्त अविनाश कुमार सिंह के निर्देश पर घाटों पर समुचित लाइट और बैरिकेडिंग का इंतजाम किया जा रहा है। मार्ग में जहां किचड़ है वहां लोहे की चद्दरें बिछाई जा रही हैं। घाटों पर चूना और मैलाथियान का छिड़काव किया गया है। वहीं पीने के लिए पानी और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है।

# बिहार के लाल ने किया ब्रिटेन में कमाल

## पीएम ऋषि सुनक की कोर कमेटी में सीवान के प्रज्वल शामिल



सीवान, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीवान के जीरादेई की चर्चा डॉ राजेंद्र प्रसाद के नाम के साथ होती है। यहां जन्में डॉ राजेंद्र बाबू देश के पहले राष्ट्रपति बने। ब्रिटेन में हुए ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन के बाद जीरादेई एक बार फिर चर्चा है। भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कोर टीम में सीवान जिले के जीरादेई प्रखंड के जामापुर के रहने वाले प्रज्वल पांडेय भी शामिल हैं। वे बागीश दत्त पांडेय के पोता व राजेश पांडेय व मनीषा पांडेय के पुत्र हैं। प्रज्वल अपने माता- पिता के साथ करीब एक दशक से ब्रिटेन में रहते हैं। प्रज्वल पांडेय के दादा नौकरी की वजह से झारखंड के सिंदरी में रहते हैं। इनके परिवार के लोगों का अक्सर गांव जामापुर आना - जाना रहता है। प्रज्वल को ब्रिटेन के पीएम की टीम में शामिल किए होने से सीवान जिले के लोगों में खुशी है।

**प्रज्वल ने 2019 में ली थी कंजरवेटिव पार्टी की सदस्यता**

अगस्त 2022 में ऋषि सुनक प्रधानमंत्री पद के लिए जब चुनाव में उतरे तो प्रज्वल को उनकी पार्टी की ओर से मुख्य अभियान टीम में शामिल किया गया। प्रज्वल 2019 में मात्र 16 साल की उम्र में ब्रिटेन के कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य के रूप में शामिल हुए थे। इससे पहले प्रज्वल 2019 में ही यूके यूथ पार्लियामेंट के निर्वाचित सदस्य चुने गए। वे युवा संसद सदस्य के रूप में ब्रिटिश संसद में पहली बार भाषण भी दिए। प्रज्वल के चाचा अमित पांडेय ने बताया कि वह बचपन से ही मेधावी रहे हैं। वह 2021 में हार्वर्ड इंटरनेशनल इकोनॉमिक कांटेस्ट के विजेता भी रहे हैं। प्रज्वल 2019 में यूके यूथ पार्लियामेंट के लिए भी रिकॉर्ड वोट से जीत हासिल किए थे। प्रज्वल सुनक की टीम के कम्युनिकेशन एंड आउट रीच डिवीजन में कार्यरत रहे हैं।

उनकी बहन प्रांजल पांडेय कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। पिता ब्रिटेन में ही रक्षा सेवा में हैं। वहीं, उनकी माता मनीषा पांडेय शिक्षक के रूप में सेवा कर रही हैं। प्रज्वल के बहनोई मैरवा के लेभरी गांव निवासी विनीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रज्वल शुरू से ही एक होनहार छात्र वह एक बेहतरीन व्यक्तित्व वाले इंसान हैं। वह भारत के अपने लोगों से मिलते हैं तो काफी सरल तरीके से सभी लोगों से बातचीत करते हैं। उनके उज्जवल भविष्य को लेकर सभी आशान्वित हैं।

# युवक का धारदार हथियार से गला रेता

## हत्या से पहले हुई शराब पार्टी, खाली बोतल और चाकू बरामद



भागलपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भागलपुर जिले में लगातार अपराधी बेलगाम नजर आ रही हैं। जहां बेख़ौफ़ बदमाशों ने एक अज्ञात युवक को हाँथ बांध कर बेहरमी से धारदार हथियार से रेत कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले को जांच के जुट गई है।

घटना के बाबत बताया जा रहा है बरारी थाना क्षेत्र के सुर्खिकल झोपड़पट्टी खोड़ी मैदान के पास अज्ञात युवक की लाश लावारिश हालात में मिली है। शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। युवक का कान तीन जगह से काटा गया है। धारदार उस्तरा से कान के पीछे का हिस्सा काटकर हत्या की गयी है।

युवक का हाथ काले रंग के गमछे से बंधा हुआ है। उस्तरा, दो छोटा-छोटा कैंची एवं ग्लव्स और शराब की खाली बोतल घटनास्थल से बरामद हुआ है।

वही लोगो ने आशंका जाहिर किया है की देर रात भागलपुर में मां काली को प्रतिमा विषर्जन शोभायात्रा निकाला गया था और उसी में विवाद होने के बाद शराब को पार्टी की गई और उसके बाद हत्या को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद बरारी थाना पुलिस मृतक युवक की पहचान और जांच में जुट गई है।

# सुलतानगंज के बाद अब मुजफ्फरपुर में दिखा मगरमच्छ

## छठ घाट बना रहे युवक को निगला, लोगों में दहशत

पटना, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में श्रावणी मेला के दौरान सुलतानगंज में मगरमच्छ का खौफ देखने को मिला था। लेकिन अब छठ पूजा से पहले मुजफ्फरपुर में मगरमच्छ का खौफ दिख रहा है। जिले में बागमती नदी के किनारे बसे गांव में मगरमच्छ का खौफ दिख रहा है। यहां मगरमच्छ ने एक युवक को छठ पूजा का घट बनाते समय निगल लिया।

इसके बाद मौके पर मौजूद लोग वहां से भाग खड़े हुए। दरअसल 30 अक्टूबर को छठ पूजा के पहले अर्घ के लिए ग्रामीण बागमती नदी के किनारे घाट बनाने और साफ सफाई का काम कर रहे थे। साफ-सफाई के बाद 25 वर्षीय श्रवण कुमार नदी में नहाने के लिए उतरा था। स्नान करने उतरे युवक के पैर को मगरमच्छ ने अपने जबड़े में जकड़ लिया। मगरमच्छ को देख घाट की सफाई कर रहे अन्य लोग डर कर भाग खड़े हुए। किस ने भी मगरमच्छ के डर से युवक को बचाने की कोशिश नहीं की।

# 400 लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया

## मेरठ में जबरन ईसाई बनाने के आरोप, लोगों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर किया हंगामा

मेरठ, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेरठ में हिंदू बस्ती के लोगों को बरगलाकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को मंगतपुरम बस्ती के लोग एसएसपी दफ्तर पहुंचे। बस्ती के लोगों ने आरोप लगाए कि उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा है। इसके लिए प्रलोभन भी दिए जा रहे हैं।

**'जांच होनी चाहिए, इसके पीछे कौन लोग है'**

पुलिस दफ्तर पहुंचे भाजपा मेरठ महानगर मंत्री दीपक शर्मा ने कहा कि मंगतपुरम बस्ती में रहने वाले लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। हिंदू से ईसाई बनने का दबाव डाला जा रहा है। बस्तीवालों ने करीब 400 लोगों को ईसाई बनाने के लिए मजबूर करने के बारे में बताया है। अब इसकी जांच होनी चाहिए कि इसके पीछे कौन लोग हैं। ऐसे कितने लोग है, जिन्होंने ईसाई धर्म को अपना लिया है। अगर वो गुमराह हुए हैं, तो उन्हें हिंदू धर्म में वापस लाया जाएगा।



बस्ती वालों ने बताया कि ये पूरा खेल कोरोना काल में 2 साल पहले लॉकडाउन के वक्त शुरू हुआ। बस्ती के लोगों के पास पैसे और काम की परेशानी थी। तब कुछ ईसाई लोग हमारी बस्ती में आ गए। उन लोगों ने हम लोगों को खाने-पीने का सामान दिया। कुछ लोगों को पैसे देकर मदद की। जब हम लोग उन पर भरोसा करने लगे तो अब वे ईसाई धर्म बदलवाने के लिए कहने लगे। बस्ती में अस्थायी चर्च भी बनाने का आरोप भी लगाया है।

लोगों का आरोप हैं कि 400 लोगों को प्रभाव में लेकर धर्म परिवर्तन कराने की तैयारी है। हमें अपने देवी देवताओं की पूजा करने से रोक रहे हैं। उनकी फोटो घरों से हटाने का दबाव बना रहे हैं। जबरन धर्म परिवर्तन को रोका जाए, सनातन धर्म को मानने वालों को उनके धर्म का पालन करने दिया जाए।

# 2 दिन बाद भी क्लियर नहीं हुआ गया-धनबाद ट्रैक

गया, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। गया-धनबाद रेलवे रूट 2 दिन बाद भी क्लियर नहीं हो पाया है। गुरपा रेलवे स्टेशन पर बुधवार को कोयला ले जा रही एक मालगाड़ी डि-रेल हो गई थी। इसके बाद से ट्रैक पर सुधार का काम चल रहा है। ऑपरेशन में 600 मजदूर, 10 क्रेन , 20 से ज्यादा जेसीबी दिन रात लगी हुई है। अब तक 53 डिब्बों में से 34 को ही हटाया जा सका है। अभी भी 19 बोगियों को हटाना है।

मालगाड़ी पर लदा कोयला पटरी के दोनों साइड अब भी पसरा है। बोगियां अब भी एक दूसरे के ऊपर चढ़ी हुई हैं। इस वजह से शुक्रवार को संबंधित रूट से चलने वाली सभी ट्रेनों का रूट डायवर्ट रहेगा। इसके अलावा जो पैसेंजर ट्रेनें कैंसिल की गई हैं। वे सभी ट्रेनें शुक्रवार को स्थगित रहेंगी। रेलवे के मुताबिक देर शाम तक रूट क्लियर होने की संभावना जताई जा रही है।

गौरतलब है कि बुधवार की सुबह साढ़े बजे एक मालगाड़ी का ब्रेक फेल होने की वजह से लूप लाइन पर डि-रेल कराया गया था। जिस समय ट्रेन को डिरेल कराया गया था। उस समय ट्रेन की स्पीड 150 किलोमीटर प्रतिघंटा था।

इस वजह से ट्रेन का इंजन और एक बोगी ही लूप लाइन पर आ सकी थी और शेष सभी पलट गई थीं। ट्रेन के इंजन के पीछे वाली बोगी के पिछले हिस्से का पहिया निकल गया था। इस वजह से उसके रगड़ खाने से इंजन में ब्रेक लग सका था।

### जहरीली हो रही हवा, 7 जिलों में एक्यूआई 300 के पार

पटना, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में शुक्रवार की सुबह की अपेक्षा शाम में वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक रही। सूबे के ज्यादातर शहरों में एक्यूआई 200 के पार खराब जोन में दर्ज किया गया। आसमान में धुंध छाये रहने से साफ आसमान के आसार काम दिखे। आगामी कुछ दिनों में स्थिति बदतर हो सकती है। राजधानी पटना में बने मॉनिटरिंग केंद्रों पर एयर क्वालिटी सूचकांक 250 से पार रहा। छठ के मौके पर आसमान में धुंध और कोहरे की बदली छायी रह सकती है। समस्तीपुर में एक्यूआई सर्वाधिक 368 दर्ज किया गया।

# हेड कांस्टेबल को सरेराह पीटने वालों की हुई पहचान

लखनऊ, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। लखनऊ के पारा कोतवाली की मोहान रोड पुलिस चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल श्रीकांत यादव को सरेराह पीटने का दुस्साहस करने वाले चारों युवकों की पहचान कर ली गई है। इनके खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दो टीमों ने उनकी तलाश में कई जगह दबिश दी लेकिन सब फरार मिले। उनके करीबियों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल के आधार पर आरोपितों का पता लगाया जा रहा है। डीसीपी राहुल राज ने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

हेड कांस्टेबल श्रीकांत वाहन चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान बाइक सवार चार लोगों को उन्होंने रोका। गाड़ी रुकते ही उन्होंने चार युवक बैठे होने पर चालान करने

## युवकों ने क्यों की थी अभद्रता

की बात कही। इसके साथ ही उनकी बाइक की चाभी भी निकाल ली। इससे नाराज युवकों ने उनसे अभद्रता कर दी।

श्रीकांत ने अपने साथी को फोन कर वहां पहुंचने को कहा। इस बीच विरोध करते हुये चारों युवक उन पर हमलावर हो गए। गालियां बकते हुये चारों ने श्रीकांत को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में श्रीकांत का मोबाइल भी युवकों द्वारा पटककर तोड़ते दिख रहा है। इंस्पेक्टर दधिबल तिवारी ने बताया कि आरोपित चारों युवकों की पहचान कर ली गई है। इनमें से तीन युवक पारा के सलेमपुर पतौरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों के करीबियों से पूछताछ भी की है। डीसीपी राहुल राज ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

दूसरा वीडियो भी वायरल हुआ

हेड कांस्टेबल श्रीकांत ने जब चारों युवकों को रोका और उनकी चाभी निकाल ली, उस समय लड़कों ने उनका वीडियो बना लिया था। यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर बाद में वायरल हुआ। इसमें युवक श्रीकांत को ही सीख दे रहे हैं कि इनकी नम्बर प्लेट गड़बड़ दिख रही है। ये चाभी कैसे निकाल सकते हैं, यह किस कानून के तहत आता है। इस दौरान श्रीकांत लगातार मोबाइल से अपने साथी को वहां बुलाते दिख रहे हैं।

# गाय का जबड़ा बम से उड़ा

## कानपुर पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस माहौल बिगाड़ने की साजिश मान रही

कानपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कानपुर के काकादेव नवीन नगर में गुरुवार दोपहर तेज धमाके के बाद एक गाय चीखने लगी। लोगों ने देखा तो गाय का जबड़ा उड़ गया था। मुंह के पूरे हिस्से में मांस के लोथड़े लटक रहे थे और खून की धार बह रही थी। इलाके के लोगों की सूचना पर पुलिस और नगर निगम की टीम पहुंची। गाय का इलाज करने के साथ ही मामले में काकादेव पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। माहौल बिगाड़ने के लिए किसी की कोई हरकत तो नहीं। इस बात की जांच चल रही है। काकादेव नवीन नगर में तेज धमाका हुआ। इसके बाद एक गाय जोर-जोर से चीखने लगी। मोहल्ले के लोगों ने जाकर देखा तो एक गाय बुरी तरह से जख्मी हालत में खड़ी थी।

# अवैध संबंध के कारण गई बंटी यादव की जान

कटिहार, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कटिहार में बंटी यादव हत्याकांड मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में दो आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि अवैध संबंध के कारण युवक की हत्या हुई थी। दरअसल, बंटी यादव का हत्यारोपी की मां से अवैध संबंध था। बेटों को इस बात की भनक लगी तो उसने हत्या का प्लान बनाया। बुधवार की रात चापर गांव निवासी बंटी यादव अपने सहयोगी के साथ कटरिया मेला

## एक्स गर्लफ्रेंड के बेटे ने गोली मार उतारा मौत के घाट, पुलिस ने दो को पकड़ा

देखने के लिए गए थे। जहां अज्ञात अपराधियों ने दो गोली मारकर बंटी यादव की हत्या किया था। पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर चौबीस घंटों के अंदर हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया।

मामले पर एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि मृतक बंटी चापर निवासी दहियारी का काम करता था बुधवार की रात 11 बजे उसी गांव के ही नीरज साहनी किसी अन्य व्यक्ति के साथ बंटी को घर से बुलाकर मेला देखने बाइक से कटरिया गांव ले गया था। जहां उसकी हत्या कर दी गई। परिजनों को रात 2 बजे मृतक के परिजनों को दुर्घटना होने की खबर मिली। जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो तो देखा कि उसके सर में और गले के पास गोली मारी गई थी।

पुलिस ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में बंटी को घर से बुलाने वाले नीरज सहनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में नीरज ने बताया कि मृतक बंटी यादव द्वारा पूर्व में उसकी मां के साथ अवैध संबंध की वजह से प्रतिशोध में उसने बंटी की हत्या का प्लान बना कर अंजाम दिया है। इस हत्याकांड में शामिल चंदन मंडल को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के क्रम में दोनों आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है वहीं घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा, 2 गोली और मोबाइल आरोपी के द्वारा बताए गए स्थान से पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## टी-20 वर्ल्ड कप में सट्टेबाजी करने वाले 18 लोग गिरफ्तार

बेंगलुरु, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में वर्ल्ड कप टी-20 के दौरान सट्टेबाजी करने वाले 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई बेंगलुरु की वेस्ट जोन पुलिस ने की। बताया जा रहा है कि इस दौरान 4,68,200 रुपये बरामद किए गए। साथ ही, 17 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

## 1000 से ज्यादा केसों की गलतियों को ठीक करने का आखिरी मौका

# कोर्ट ने दिया चार सप्ताह का समय



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 से 2020 तक दायर 1000 से अधिक मामलों की गलतियों को ठीक करने के लिए आखिरी मौका दिया है। कोर्ट ने इसके लिए अधिवक्ताओं को चार सप्ताह का समय दिया है। इसके साथ ही चेतावनी भी दी है कि अगर अधिवक्ता ऑन-रिकॉर्ड ऐसा करने में विफल रहते हैं तो इन मामलों को खारिज कर दिया जाएगा। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने हाल ही में दिए अपने आदेश में कहा कि अदालत में 2014 से 2020 तक सूचीबद्ध किए गए 1000 मामले ऐसे हैं, जिनमें दोष थे। ऐसी फाइलें संशोधन के लिए अधिवक्ताओं को वापस कर दी गई हैं। उन्होंने कहा, ये मामले रिमाइंडर भेजे जाने के बाद भी रजिस्ट्री में वापस नहीं आए हैं। ऐसे में इन दोषों को ठीक करने का आखिरी चार सप्ताह का समय दिया जाता है। ऐसा न करने पर बिना किसी संदर्भ के मामलों को खारिज कर दिया जाएगा।

### 13,147 मामले हो चुके हैं खारिज

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 19 अगस्त, 2014 से पहले के 13,147 मामलों को इसी तरह खारिज कर दिया था। कोर्ट का कहना था कि कई मामले आठ साल से अधिक पहले दायर किए गए थे, लेकिन उनमें हुई गलतियों को कभी भी ठीक नहीं किया गया था।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला में | कन्या... | 03-23 बजे |
| चंद्र- | वृश्चिक में | तुला- | 05-28 बजे |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 07-38 बजे |
| बुध- | कन्या में | धनु--- | 09-53 बजे |
| गुरु- | मीन में | मकर- | 11-58 बजे |
| शुक्र- | तुला में | कुंभ- | 14-48 बजे |
| शनि- | मकर में | मीन... | 15-26 बजे |
| राहु- | मेष में | मेष-- | 17-02 बजे |
| केतु- | तुला में | वृष-- | 18-46 बजे |
| | | मिथुन.. | 20-48 बजे |
| | | कर्क... | 23-00 बजे |
| | | सिंह... | 01-12 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पूर्व-अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी **- 08-13** तक उपरान्त, पंचमी
मास - कार्तिक शुक्ल पक्ष ,शनिवार, **29 Oct**
नक्षत्र - ज्येष्ठा - **09 -05** - तक उपरान्त, मूल
योग - अतिगण्ड **-22 - 22** - तक उप- सुकर्मा
करण- विष्टि - **08 - 13** - तक उप- बव
विशेष:- सौभाग्य-ज्ञान- पांडव पंचमी
व्रत -त्योहार - जया पंचमी,पंचमी तिथि का क्षय

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:07 से 10:33 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:16 - 07:41 | अशुभ | लाभ. | 17:45 - 19:19 | शुभ |
| शुभ | 07:41 - 09:07 | शुभ | उत्पात | 19:19 - 20:52 | अशुभ |
| रोग | 09:07 - 10:33 | अशुभ | शुभ | 20:52 - 22:26 | शुभ |
| उत्पात | 10:33 - 11:59 | अशुभ | अमृत | 22:26 - 23:59 | शुभ |
| चंचल | 11:59 - 13:26 | शुभ | चंचल | 23:59 - 01:34 | शुभ |
| लाभ | 13:26 - 14:52 | शुभ | रोग | 01:34 - 03:07 | अशुभ |
| अमृत | 14:52 - 16:19 | शुभ | काल | 03:07 - 04:41 | अशुभ |
| काल | 16:19 - 17:45 | अशुभ | लाभ | 04:41 - 06:16 | शुभ |

## डीएनए टेस्ट से खुलासा, चचेरे भाई ने किया था दुष्कर्म

### दुष्कर्म पीड़िता के भ्रूण का बायोलॉजिकल पिता आरोपी नहीं, चचेरा भाई निकला

ग्वालियर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्वालियर हाईकोर्ट में दतिया निवासी एक लड़की के दुष्कर्म के मामले में डीएनए रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है। दुष्कर्म पीड़िता उसके पिता ने तथ्यों का छुपाकर पीड़िता का गर्भपात कराने की इजाजत ली थी। जब भ्रूण और आरोपी का डीएनए टेस्ट कराया तो दोनों का कोई संबंध नहीं निकला। इसके बाद दो संदेहियों का डीएनए टेस्ट और कराया गया। जिस बच्चे को दुष्कर्म के आरोपी का बताया जा रहा था उस भ्रूण का जैविक पिता पीड़िता का चचेरा भाई निकला है। अब हाईकोर्ट ने इस मामले में पीड़िता, उसके पिता व भाई को अवमानना का नोटिस जारी किया है। साथ ही 7 नवंबर को अगली सुनवाई में तीनों को तलब किया है। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने चचेरे भाई पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार भी कर लिया है। यह अपने आप में अनोखा मामला है।

## जेल में तैनात डॉक्टर कैदियों को सप्लाई करता था ड्रग्स

### 100 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

चंडीगढ़, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमृतसर केंद्रीय जेल में कैदियों को कथित तौर पर ड्रग्स की आपूर्ति करने के आरोप में उसके चिकित्सा अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जेल मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सोशल मीडिया पर इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि 194 ग्राम हेरोइन जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि जिन कैदियों को डॉक्टर हेरोइन सप्लाई कर रहा था उनमें एक पिछले 14 साल से हत्या के केस में जेल में बंद है और जबकि दूसरे कैदी पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज है। चिकित्सा अधिकारी की पहचान डॉक्टर दविंदर सिंह के रूप में हुई है। जेल अधिकारियों ने दो कैदियों को भी गिरफ्तार किया।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
आज उन परियोजनाओं पर एक अच्छी शुरुआत करें जिनको लंबे समय से आपने ठंडे ब्स्ते में डाल दिया था ।आप एक सफल भविष्य के लिए अच्छी नींव बिछाने में बस एक कदम दूर है। चीजों को आसान तरीके से ले और बिना सोच समझे कुछ भी न करे ।अपने काम को करने के लिए दूसरों पर भरोसा न करे ।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
अपना बेहतर प्रयास डाले । आपने दुसरो का समर्थन किया है परन्तु वे अपने बारे में अच्छा नहीं सोचते न जानते और आपके प्रयासों की सराहना करना वे भूल गए ।आप ऐसे लोगों के बारे में चिंता न करे और अपने प्रयास जारी रखे ! अपनी कार्य के प्रति अपनी भावनाओ को लगाये न की उन लोगो के लिए जो आपको महत्व नहीं देते ।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
आप की भावना अदम्य है, इसलिए आप अपनी क्षमता को दुसरो को आगे बढ़ने में समर्पित करे और चीजों को व्यवस्थित एवं संगठित करे ।इससे आप अपनी कठोर मेहनत के बल पर मान्यता और प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे ।आपके व्यय में वृद्धि हो सकती है ,इसलिए अपने खर्चे और निवेश को कम करे ।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आपकी सफलता हासिल करने की इच्छा आज और बलवती होती जायेगी ।आप आज अपनी लिखित और वक्ता कला में सुधार के लिए कोशिश कर सकते हैं ।सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स पढ़ें या किसी कुशल आदमी से मार्गदर्शन ले लें । हालाँकि इन सबके चक्कर में उनकी भी उपेक्षा ना करें।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
आज आपका मूड बदलता रहेगा ।आप खुद भी यह नही समझ पायेंगे कि आप ऐसा क्यों महसूस कर रहे हैं और इस स्थिति को कैसे बदलें आपके इस प्रकार के व्यवहार से दुसरे भी उलझन में रहेंगे ।फिर भी,किसी भी स्थिति में इमानदार बनें रहें क्योंकि इसी से आपको अपने लक्ष्य पूरे करने में मदद मिलेगी।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आप विशेषकर हलके फुल्के मूड में रहेंगे ।सब समस्याओं का सामना चेहरे पर मुस्कराहट के साथ करेंगे ।आज किसी विवाद में मैत्रीपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी अदा कर सकते हैं।आपकी मौजूदगी से ख़ुशी और रोनक रहेगी और शाम को पार्टी की जान बने रहेंगे ।आज आप ख़ुशी मनाने के मूड में अधिक रहेंगे।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आप आज किसी मनोरंजक व्यक्ति के साथ सम्बन्ध स्थापित करेंगे ।उसके साथ मजेदार बातचीत से समय अच्छा गुजरेगा ।इस आदमी से सीखने और प्रेरणा लेने की कोशिश करें ।इससे आपको और लोगों की मन स्थिति समझने में भी मदद मिलेगी ।परिवार की यात्रा में अगर अपनी मनपसंद जगह जाना है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
आप पिछले कुछ दिनों से कोई बड़ी योजना बना रहे हैं । वास्तव में आज आपको यह बात महसूस होगी कि आप क्या करने जा रहे हैं और इसका आप पर काफी प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब आपके पास पीछे हटने का विकल्प मौजूद नही है ।आपको इसी दिशा में विशवास से आगे बढना होगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
आज आपको दूसरों पर विश्वास करना होगा ।यह आपका कोई करीबी या कोई दोस्त हो सकता है और वः आपकी किसी ऐसे विशेष काम में मदद करेगा जिससे आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा ।लेकिन इसके लिए सबसे जरुरी यह होगा की आप उस व्यक्ति में विश्वास बनाये रखें ।आपको अपनी ही तरफ से विश्वास की पहल करनी होगी ।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है,लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें ।दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे ।इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
अगर कुछ लोग आपको नहीं समझ पा रहें हैं तो उन्हें अपना हरेक काम समझाने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद ना करें ।वे कभी नही मानेंगे ।आप काफी व्यस्त रहेंगे लेकिन आपको आने वाली जरूरतों के कारण पहले वाली योजनाओं में भी कुछ बदलाव करने पड सकते हैं ।स्थिति की मांग के अनुसार कार्य करें ।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आज आप साझेदारी के अंतर्गत घर और ऑफिस दोनों ही में बहुत अच्छा काम करेंगे ।यदि अकेले काम करेंगे तो अस्पष्ट और असंभव सी लगने वाली मुसीबतों में फंस सकते हैं ।टीम के रूप में काम करने पर ये बाधाएं परेशान नही करेंगी । आपसी सहयोग से आज आप किसी भी प्रयास में सफलता हासिल कर पायेंगे ।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

## करनाल में हादसा

### जीटी रोड पर खड़े ट्राले से टकराई डबल डेकर टूरिस्ट बस, छह फुट अंदर घुसा ट्राला, चालक की मौत

करनाल (हरियाणा), 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। करनाल में नेशनल हाईवे-44 पर शुक्रवार को एक टूरिस्ट बस खराब खड़े एक ट्राले में जा घुसी। इस हादसे में बस के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि परिचालक गंभीर रूप से घायल है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राला बस के छह फुट अंदर तक जा फंसा। इससे डबल डेकर बस का एंट्री एग्जिट गेट बंद हो गया। मदद के लिए पहुंचे लोगों ने बस के शीशे तोड़कर सवारियों को बाहर निकाला। हादसा नेशनल हाईवे पर नमस्ते चौक के नजदीक हुआ। बताया जा रहा है कि बस जम्मू से दिल्ली जा रही थी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। बस के ड्राइवर पठानकोट निवासी अरविंद ने मौके पर ही दम तोड़ गया।

## देखते ही देखते 15 मकान जलकर हो गए खाक

# तेईस परिवारों का उजड़ गया आशियाना



जम्मू, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में उस वक्त 23 परिवारों के सिर से छत हट गया, जब आग लगने की वजह से उनके आशियाने पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। दरअसल, किश्तवाड़ जिले में भीषण आग लगने से 15 मकान जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के पद्दार तहसील के छग-गांधारी क्षेत्र में बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को आग लग गई। यह आग की इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते 15 घरों को अपनी चपेट में ले लिया और ये मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि इस आग में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। पद्दार के एसडीएम डॉ। ऋषि कुमार शर्मा ने इस बात की पुष्टि की है।

किश्तवाड़ के उपायुक्त देवांश यादव ने को बताया कि सेना और पुलिस के जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। यादव के मुताबिक, आग के पूरी तरह से बुझने तक 15 मकान जलकर खाक हो गए थे, जिनमें 23 परिवार रहते थे। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजी जा रही है।

# भिंड में 50 हजार की रिश्वत लेता पटवारी गिरफ्तार

## जमीन का नामांतरण करने के एवज में मांग रहा था पैसे



भिंड, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने भिंड जिले के भजपुरा इलाके में पदस्थ पटवारी मेवाराम शर्मा को 50 हज़ार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पटवारी, अजय जयंत नाम के एक युवक से जमीन के नामांतरण के मामले में दबाव बनाकर पैसों की मांग कर रहा था। पीड़ित युवक ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से की थी। पीड़ित अजय जयंत ने बताया कि भजपुरा में उसके नाना ससुर का प्लॉट था, जिसका नामांतरण होना था लेकिन भजपुरा हल्का नंबर 22 पर पदस्थ पटवारी मेवाराम शर्मा द्वारा अपना काम करने की जगह पिछले डेढ़ महीने से टालमटोली कर रहा था। जब बार-बार उनसे पूछा गया तो उन्होंने 2 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की, लेकिन पीड़ित ने जब उनसे अपनी माली हालत का हवाला दिया तो एक लाख 40 हज़ार रुपये में बात सेटल हुई और आरोपी पटवारी ने पैसा तीन किस्तों में लेने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि वह पहले 20 हजार पटवारी को दे चुका था, पटवारी की मांग से परेशान होकर पीड़ित अजय जयंत ने अपने मित्र की सलाह पर ग्वालियर लोकायुक्त से संपर्क किया और शुक्रवार सुबह दोबारा 50 हजार रुपये देने के दौरान आरोपी को ट्रैप कराने में मदद की। वहीं, ग्वालियर लोकायुक्त टीम ने बताया कि 17 अक्टूबर को पीड़ित अजय जयंत ने हल्का पटवारी मेवाराम शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वत की मांग किए जाने की शिकायत की थी, जिसके बाद शिकायत का सत्यापन कराने के लिए लोकायुक्त पुलिस का एक कर्मचारी फरियादी अजय जयंत के साथ पहचान छिपाकर आरोपी पटवारी से मिला, जहां दोनों के बीच हुए पैसे के लेनदेन की बातचीत को टेप रिकॉर्डर की मदद से रिकॉर्ड किया गया, शिकायत सही पाए जाने पर शुक्रवार सुबह 10:00 बजे टीम भिंड के भारौली रोड बायपास पर स्थित आरोपी के घर के बाहर दबिश देकर पुलिस ने 50 हज़ार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## आईएएस पवन जैन के खिलाफ

### ईओडब्ल्यू ने अभियोजन की स्वीकृति मांगी, सात साल पुराना है मामला



भोपाल, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंदौर में दिव्यांग से अभद्रता के मामले में हटाए गए आईएएस पवन जैन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने राज्य सरकार से सात साल पुराने मामले में उनके खिलाफ चालान पेश करने के लिए अभियोजन की स्वीकृति मांगी है। स्वीकृति मिलने के बाद उनके खिलाफ केस चलेगा। रियल एस्टेट से जुड़ा मामला इंदौर में दर्ज है। इंदौर के सांवेर निवासी सैफुद्दीन ने ईओडब्ल्यू ने 2015 में शिकायत की थी, इसमें उन्होंने तत्कालीन एडीओ राजस्व पवन जैन के खिलाफ पद के दुरुपयोग की शिकायत की थी। इसमें उन्होंने जैन पर अन्य लोगों के साथ सांठगांठ कर कम पर्यवेक्षण शुल्क जमा कराया था। जैन ने कॉलोनी के आतंरिक विकास कार्य पूरे होने से पहले ही बंधक प्लॉट मुक्त कर दिए थे। इससे सरकार को 1 करोड़ रुपये राजस्व हानि हुई। इस मामले की ईओडब्ल्यू की जांच पूरी हो गई है। अब सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोजन के लिए स्वीकृति मांगी गई है। आईएएस होने के कारण मामला केंद्र तक जाएगा।

## विधानसभा शीतकालीन सत्र की तैयारियां शुरू

### अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने बुलाई विधान मंडल दल की बैठक



देहरादून, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके तहत विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने 31 अक्टूबर को विधान मंडल दल की बैठक बुलाई है। इस बैठक में सत्र की तिथि से लेकर आयोजन स्थल को लेकर स्थिति साफ हो सकती है। विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर से पहले आयोजित होना है। पिछले सत्र के बाद नए सत्र के नियमों के अनुसार 17 दिसंबर के पहले शीतकालीन सत्र का आयोजन होना जरूरी है। इसी को देखते हुए अब तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं।राज्य में भर्तियों में धांधली का मामला सामने आने के बाद विधानसभा में भी बड़े स्तर पर गड़बड़ियां सामने आई थीं और 250 कर्मचारियों को बर्खास्त करना पड़ा था। हालांकि कर्मचारी तो बहाल हो गए हैं।

लेकिन, विधानसभा में कई मामलों में अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है। इसे देखते हुए इस बार सत्र के आयोजन को लेकर विधानसभा को अतिरिक्त तैयारियां करनी पड़ रही हैं। विधानसभा के प्रभारी सचिव हेम पंत की ओर से सीएम पुष्कर धामी, संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और बसपा विधायक दल के अध्यक्ष मोहम्मद शहजाद को इस संदर्भ में पत्र भेजा गया है।

विधानसभा सत्र की तैयारियों के संदर्भ में यह बैठक बुलाई गई है। सत्र कब और कहां आयोजित होगा यह अभी तय नहीं है। लेकिन बैठक में इन्हीं बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी और उसके बाद ही इस संदर्भ में सामूहिक रूप से कोई निर्णय लिया जाएगा।

# सरकार ने मानी किसानों की मांगें

## संगरूर में सीएम आवास के सामने से 29 अक्तूबर को हटेगा धरना



पटियाला, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। संगरूर में मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास के सामने किसान संगठनों का धरना 29 अक्तूबर को समाप्त होगा। यह फैसला पंजाब के कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां समेत पांच प्रमुख नेताओं की संयुक्त बैठक में लिया गया। पटियाला के सर्किट हाउस में हुई इस बैठक में कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के अलावा भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां, वरिष्ठ किसान नेता जगतार सिंह कालाझार, झंडा सिंह जेठुके, शंगरा सिंह और रूप सिंह छन्ना, आईजी जतिंदर सिंह औलख, आईजी पटियाला रेंज मुखविंदर सिंह छिना, उपायुक्त संगरूर जतिंदर जोरवाल और एसएसपी संगरूर मनदीप सिंह सिद्धू भी मौजूद थे। जोगिंदर सिंह उगराहां ने 29 अक्तूबर को किसान संगठनों द्वारा धरना समाप्त करने की बात कही और कहा कि पहले उनकी मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ने किसानों की मांगों पर सहमति जताई और आज कृषि मंत्री कुलदीप धालीवाल और अन्य अधिकारियों के साथ इस बैठक में लिखित स्वीकृति दी गई। अब वे अपना धरना उठाएंगे।

## बेटे के खिलाफ कराई एफआईआर

### मां बोली- मेरे बेटे में कमी, इसलिए बहू मां नहीं बनी

भोपाल, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। शादी के 10 साल बाद भी बच्चा नहीं हुआ तो महिला पर पति शक करने लगा। मां ने पत्नी का पक्ष लिया तो उसे गालियां देने लगा। परेशान बुजुर्ग अपने बेटे के खिलाफ एफआईआर कराने पहुंच गई। वह उसे घर से निकालना चाहती है। आए दिन सास-बहू के झगड़े से लेकर अनबन और प्रताड़ना के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन भोपाल में दिल छू देने वाला मामला सामने आया है। गुरुवार दोपहर कोलार थाने में अपने बेटे के खिलाफ शिकायत करने के लिए एक बुजुर्ग महिला बहू के साथ पहुंची। शिकायत थी- शादी के 10 साल बाद भी बच्चा नहीं हुआ। डॉक्टर से जांच करवाई, तो बेटे में कमी निकली। अब वह बहू पर शक करता है।

**बहू के माता-पिता नहीं हैं**





सिसकियों को दबाते हुए बुजुर्ग सास ने कहा- मेरी बहू के माता-पिता नहीं हैं। उसे इंदौर के किसी पादरी ने गोद लिया था। पादरी की तरफ से बहू का रिश्ता आया। मैंने बहू से पूछा, तो उसने हां कर दिया। यह दोनों इंदौर में एक ही हॉस्पिटल में काम करते थे। साल 2012 में दोनों की शादी हो गई। शादी के कुछ साल बाद ही दोनों में झगड़े होने लगे। बहू मेरे पास कुछ महीनों के लिए भोपाल आ गई। मैंने भी बहू का साथ दिया।

## सब चाहते हैं, देश की तरक्की होगी

### लक्ष्मी-गणेश पर केजरीवाल का पीएम मोदी को लेटर

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात में अगले तीन दिन तक प्रचार करने जा रहे दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को लेटर लिखा है। नोट पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर लगाने की मांग कर चुके केजरीवाल ने अब लेटर लिखकर पीएम मोदी से यह अपील की है। केजरीवाल ने यह भी दावा किया है कि उनकी मांग से सभी सहमत हैं और जबर्दस्त जनसमर्थन मिल रहा है। आप संयोजक ने एक बार फिर यह तर्क दिया है कि नोट पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर लगाने से देश की तरक्की होगी। केजरीवाल ने नोट पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर की मांग को 130 करोड़ लोगों की इच्छा बताते हुए पीएम से सवाल किया कि आज भी देश में इतने लोग गरीब क्यों हैं। केजरीवाल ने कहा, "देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छा है कि भारतीय करेंसी पर एक तरफ गांधी जी की और दूसरी तरफ श्री गणेश जी और लक्ष्मी जी की तस्वीर होनी चाहिए। आज देश की अर्थव्यवस्था बहुत बुरे दौर से गुजर रही है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी भारत विकासशील और गरीब देशों में गिना जाता है। हमारे देश में आज भी इतने लोग करीब हैं।



## दिल्ली में बाइक सवार से मामूली विवाद के बाद शख्स ने कई लोगों को कार से कुचला

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के अलीपुर इलाके में मामूली विवाद पर एक कार चालक ने कई लोगों को अपनी गाड़ी से कुचल दिया। इस घटना में कई लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद हुई है। दरअसल गली काफी छोटी थी, ऐसे में कार को निकलने की जगह नहीं मिल रही थी। इसी पर कार चालक नितिन मान ने बाइक वाले से लड़ाई शुरू कर दी। जब मोहल्ले के लोग बाइक चालक की मदद के लिए आए तो कार चालक उनसे भी लड़ाई करने लगा। कुछ देर तक इनके बीच बहस होती रही। बाद में गुस्से में आकर कार चालक ने गली में खड़े लोगों को कुचल दिया।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 29 अक्टूबर, 2022

# बेतुकी बयानबाजी

आजकल राजनीति में बेतुकी बयानबाजी का ऐसा दौर चल निकला है कि लोगों को अब इससे अरुचि होने लगी है। राजनेता बदजुबान जमाखर्च में लोकतांत्रिक तकाजों को भी तिलांजलि देने से नहीं चूक रहे हैं। जाहिर है इस तरह की बयानबाजी से सामाजिक ताना-बाना भी छिन्न-भिन्न होने का खतरा मंडरा सकता है। बयानबाजी का स्तर यहां तक पहुंच गया है कि वे मजाक तो अपने प्रतिद्वंद्वी का उडाना चाहते हैं, लेकिन हंसी का पात्र वे खुद बन जाते हैं। मजेदार बात तो यह है कि इसके बाद भी वे खुद को ही सही मानते हैं। आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ भी यही हुआ है। कहां तो वे केंद्र सरकार की खिल्ली उड़ाने की कोशिश कर रहे थे और कहां खुद ही इस मसले पर बुरी तरह घिर गए हैं। डालर के मुकाबले गिरते रुपए की कीमत को लेकर केंद्र पर तंज कसते हुए उन्होंने यह तक कह डाला कि अब देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए देवी-देवताओं के आशीर्वाद की जरूरत है। इसके लिए भारतीय नोटो पर गांधी जी की तस्वीर के साथ लक्ष्मी और गणेश का चित्र भी छापना शुरू कर देना चाहिए। जिससे रुपए पर उनकी कृपा बनी रहेगी। अपनी बात को सही साबित करने के लिए उन्होंने इंडोनेशिया के रुपए पर गणेश जी की तस्वीर छापने का उदाहरण भी दे दिया। उनके इस बेतुके बयान को भाजपा ने तुरंत लपक लिया और चुन-चुक कर केजरीवाल पर निशाना साधना शुरू कर दिया। केजरीवाल के सारे बयान भाजपा गिना रही है, जब केजरीवाल ने ऐसे प्रयासों के लिए भाजपा का विरोध किया था। गुजरात के विधानसभा और दिल्ली नगर निगम के चुनाव नजदीक हैं। आम आदमी पार्टी दोनों जगह भाजपा को हराने के दावे कर रही है। इसके लिए उसने आसान रास्ता केंद्र सरकार की सारी नाकामियां गिनाने को चुना है। डालर के मुकाबले रुपए की कीमत गिरने के मुद्दे को केजरीवाल ने अनायास ही उठा लिया। देखा जाए तो वे अर्थव्यवस्था के जानकार हैं, उस पर बात करते तो उतनी अटपटी न लगती, जितनी रुपए के स्वरूप को बदलने की उनकी सलाह लगी। अब यह तो जाहिर हो चुका है कि आम आदमी पार्टी भाजपा को उसके ही हथियार से हराना चाहती है। इसी कोशिश में केजरीवाल बार-बार खुद को भाजपा से अधिक राष्ट्रवादी और हिंदू हितैषी साबित करने का प्रयास में जुटे हैं। पूरी दिल्ली में तिरंगा लगाने का मामला हो या फिर बुजुर्गों को तीर्थयात्रा पर भेजने का, हर मंच से इन्हें अपनी बड़ी उपलब्धियों के रूप में गिनाते रहे हैं। रुपए पर हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीर छापने की सलाह भी उन्होंने इसी मंशा से दी कि इस तरह वे हिंदू वोटों को अपने पक्ष में कर लेंगे। पढ़े-लिखे और अधिकारी रहे केजरीवाल को यह समझ तो होना ही चाहिए कि भारतीय रुपए पर किसी देवी-देवता की तस्वीर न छापने के पीछे मकसद क्या है? आखिर हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर ही तो टिका है। केजरीवाल अच्छी तरह समझते हैं कि चुनावी माहौल में मतदाता चुटीले बयानों को देर तक याद रखते हैं। लेकिन इसका यह मतलब यह तो कतई नहीं है कि इसका लाभ उठाने के लिए बेतुकी बयानबाजी की जाए। अरविंद केजरीवाल मुफ्त की रेवडी का लाभ लेकर जनमत अपने पक्ष में करने का नुस्खा लंबे समय से आजमाते आ रहे हैं। उनकी रेवडीबाजी का असर देश की राजनीति पर दिखाई भी देने लगा है। इससे लोग प्रभावित भी हैं, इसके बाद उन्हें ऐसी क्या सूझी कि धार्मिक भावनाओं से खेलना शुरू कर दिए। लगता है आम आदमी पार्टी अपने मूलभूत सिद्धांतों से भटक गई है। यह बयान उसके सिद्धांत से कहीं से कहीं तक मेल नहीं खाता है। यह बयान देकर उन्होंने भाजपा को तो घेरने का मौका दे ही दिया है, दूसरे धर्मों और आस्था के लोगों या फिर पंथनिरपेक्ष मतदाताओं को नाराज करने का ही काम किया है। सत्ता हासिल करने के लिए उन्होंने अपने किस राजनीतिक गुरु की सलाह से यह चाल चली है अब तो उसकी भी जांच जरूरी हो गई है कि कहीं उसे दिमागी इलाज की जरूरत तो नहीं पड गई है।

# नोटों पर हो तोताराम

अभी तो केजरीवाल का नोटों पर गणेश लक्ष्मी वाला हिंदुत्त्ववादी जुमला संबित पात्रा के गले में उलझा हुआ है, सांप छछूंदर की तरह न उगले बन रहा है, न निगले। यह केजरीवाल भी बहुत शैतान है। लोग तो नोटों पर गाँधी की जगह गोडसे या सावरकर का फोटो लगाने की सोच रहे थे और इसने सारे समीकरण गड़बड़ा दिए। और अब तोताराम के नाम का असमय का यह विवादी स्वर?

फिर भी तोताराम की महत्वाकांक्षा ने हमें प्रभावित किया। दो मिनट में ही जुलूस बरामदे के आगे से गुजरा। पीछे-पीछे तोताराम। बच्चों से बोला- इंडस्ट्रियल एरिया मोड़ तक चक्कर लगा आओ उसके बाद जाते हुए अपनी आइसक्रीम के पैसे लेते जाना। हमने पूछा- तोताराम, यह क्या है? बोला- जनता के दिल की आवाज़ है। हमने कहा- यह तो राहुल गाँधी की तरह बच्चों का राजनीतिक दुरुपयोग है। स्मृति ईरानी को खबर लग गई तो उनका विभाग तुझ पर एफआईआर ज़रूर दर्ज़ कर लेगा। बोला- क्यों केजरीवाल गणेश लक्ष्मी की सिफारिश कर सकता है, कोई शिवाजी तो कोई आम्बेडकर की तस्वीर नोटों पर चाहता है तो तोताराम में क्या कांटे उगे हुए हैं। मोदी जी जब जनता की बेहद मांग पर 'राजीव गाँधी खेलरत्न' का नाम 'ध्यानचंद खेलरत्न' कर सकते हैं तो देश के ये नौनिहाल नोटों पर तोताराम के फोटो की मांग क्यों नहीं कर सकते?

सभी नेता लोग जनता के पैसे से अपना विज्ञापन करते हैं जबकि मैं सारा खर्च अपनी पेंशन में से कर रहा हूँ। अल्लाह, गॉड, मुहम्मद साहब आदि की कोई फोटो नहीं होती। ईसा, बुद्ध और महावीर का कभी धन दौलत से कोई संबंध नहीं रहा बल्कि वे तो जो था उसे भी छोड़छाड़कर चले गए। नानक आदि निर्गुण के उपासक हैं तो किसी फोटो का प्रश्न ही कहाँ उठता है? और मोदी जी तो फकीर हैं। कभी भी झोला उठाकर चल देंगे। पहले भी जो थे उन नोटों की भी बंदी कर दी। मेरा दावा इसलिए भी बनता है कि मैनें कभी कोई कर्ज़ा नहीं लिया। भले ही कंजूसी कर ली लेकिन कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया। इससे बढ़िया ट्रेक रिकार्ड और क्या हो सकता है। हमने कहा- लेकिन गणेश और लक्ष्मी जी की बात और है। वे तो विघ्नों को दूर करने वाले और धनधान्य के दाता हैं।

बोला- लोगों को लक्ष्मी जी की असलियत मालूम नहीं है। तिरुपति के बालाजी मतलब उनके पतिदेव विष्णु पर अभी तक भी कुबेर का कर्ज़ा है।

पहले उन्हें अपना क़र्ज़ तो चुका लेने दो उसके बाद ही उन्हें कष्ट देना। और फिर अपना देश तो धर्मनिरपेक्ष है ऐसे में केवल हिन्दुओं के देवी देवताओं को नोटों पर छापना कहाँ तक उचित है?

हमने कहा- लेकिन इंडोनेशिया में तो गणेश लक्ष्मी के फोटो नोटों पर छपे हुए हैं। उसीसे उसकी प्रतिव्यक्ति आय और ह्यूमन इंडेक्स हमसे अच्छा है। बोला- मास्टर, मेरा तो मानना है कि यदि भाजपा सही अर्थों में हिन्दू धर्म में श्रद्धा रखती है तो इस मुद्दे पर भले ही उसकी केंद्र और सभी राज्यों की सरकारें गिर जाएँ लेकिन उसे नोटों पर गणेश-लक्ष्मी के फोटो नहीं छापने चाहियें क्योंकि इसी आधार पर कल को देश के मुसलमान कहने लगे कि हम 14% वालों के धार्मिक चिह्न 84% वालों के नोटों पर क्यों नहीं?

# सरकारी नौकरियों के लिए ट्रेनों में मरामारी



पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (यूपीपीईटी) के लिए यात्रा करने वाले युवाओं की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए थे। ऐसा अनुमान है कि लगभग 38 लाख उम्मीदवारों ने इस परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से कुछ सचमुच अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए जान की बाजी लगाकर ट्रेन से सफर कर रहे थे। रेलवे स्टेशन खचाखच भरे थे और रेलों की बोगियां भी। आमतौर पर सरकारी नौकरियों के लिए होने वाली परीक्षाएं उम्मीदवारों को उनके घर, गांव या कस्बे, शहर में परीक्षा देने की मंजूरी नहीं देती हैं, जिसके चलते उन्हें अपने उन परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए यात्राएं करनी पड़ती हैं, जो अक्सर दूर होते हैं।

1990 के दशक में बिहार सरकार द्वारा संचालित इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पाने के लिए परीक्षा देने के दौरान मुझे इसी तरह के हालात का सामना करना पड़ा था। जब मैं रांची में रहता था, जो उस समय दक्षिण बिहार (और अब झारखंड) में था, मेरा परीक्षा केंद्र उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर में था। मुजफ्फरपुर जाने वाली बसें और ट्रेनें खचाखच भर गई थीं। शहर में होटल और लॉज थे, लेकिन कई छात्रों को रेलवे स्टेशन पर परीक्षा से पहले रात बितानी पड़ी थी। छात्रों की इस अचानक पहुंची भारी भीड़ को संभालने की क्षमता न तो मुजफ्फरपुर और न ही भारतीय रेलवे के पास थी।

बहरहाल, आखिर सरकारी नौकरियों के प्रति इतना आकर्षण क्यों है? वास्तव में निचले और मध्यम स्तर की सरकारी नौकरियां अधिकांश निजी नौकरियों की तुलना में बहुत बेहतर कमाई का जरिया होती हैं। नवंबर 2015 में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करने वाले सातवें वेतन आयोग ने अहमदाबाद में भारतीय प्रबंधन संस्थान को इस मुद्दे का अध्ययन करने के लिए कहा था। संस्थान की रिपोर्ट में एक अध्ययन के हवाले से कहा गया था कि एक सामान्य हेल्पर, जो सरकार में सबसे कम रैंक वाला कर्मचारी होता है, का कुल वेतन-भत्ता 22,579 रुपये है, जो निजी क्षेत्र के उपक्रमों के एक सामान्य हेल्पर के वेतन-लाभ से दोगुना है। निजी क्षेत्र में इसी रैंक के हेल्पर 8,000 से 9,500 रुपये तक पाते हैं।

यह परिदृश्य साफ तौर पर नहीं बदल रहा है। इसके अलावा, एक सरकारी नौकरी पक्की नौकरी की सुरक्षा के साथ आती है, यह कुछ ऐसा है, जो महामारी के बाद की दुनिया में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इससे पता चलता है कि क्यों हम नियमित रूप से निम्न स्तर की सरकारी नौकरियों के लिए भी इंजीनियरों, पीएचडी और एमबीए धारकों को आवेदन करते देखते हैं।

दिलचस्प बात है कि सरकारी नौकरियों के प्रति आकर्षण अन्य विकासशील देशों में भी खूब दिखाई देता है। जैसा कि अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो गुड इकोनॉमिक्स फॉर हार्ड टाइम्स में इन देशों के संदर्भ में लिखते हैं : सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी निजी क्षेत्र के औसत वेतन से दोगुने से अधिक कमाते हैं और इसमें उदार स्वास्थ्य सुविधा तथा पेंशन लाभों की गिनती नहीं हो रही है। यह लोगों की धारणा को उस ओर ले जाता है, जहां सरकारी क्षेत्र की नौकरियां निजी क्षेत्र की नौकरियों की तुलना में बहुत अधिक मूल्यवान लगने लगती हैं। लगभग हर किसी को इनका इंतजार रहता है।

अक्सर होता यह है कि एक युवा के कामकाजी जीवन का एक अच्छा-खास हिस्सा इंतजार में ही खर्च हो जाता है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा प्रकाशित बेरोजगारी के आंकड़ों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सितंबर 2022 में 20-24 वर्ष की आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर 41.9 प्रतिशत थी। 25-29 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत थी। इसके अलावा, बेरोजगारी लगभग न के बराबर थी।

अब यह हमें क्या बताता है? यह हमें बताता है कि जैसे ही किसी व्यक्ति की उम्र 30 वर्ष होती है, बेरोजगारी एक घटना के रूप में लगभग लुप्त हो जाती है। इस समय तक उम्र बढ़ जाती है और कई युवा ज्यादातर सरकारी नौकरियों के अयोग्य हो जाते हैं या परीक्षा लिखने के लिए जितने मौके मिलते हैं, वो समाप्त हो जाते हैं। यह स्थिति उन्हें निजी क्षेत्र में अनौपचारिक नौकरी करने या वैकल्पिक रूप से स्वरोजगार के लिए मजबूर करती है और इससे भारतीयों के लिए बेरोजगारी दर घट जाती है।

एक अर्थशास्त्री ने इसके लिए समाधान बताया है कि सरकारी नौकरियों में वेतन की कटौती की जाए और सरकारी वेतन को असंगठित निजी क्षेत्र के अनुरूप लाया जाए, लेकिन यह व्यावहारिक नहीं है। जैसा कि बनर्जी और डुफ्लो बताते हैं, 'कई विकासशील देशों के श्रम बाजारों में यह द्वंद्व विशेषता है, बिना किसी सुरक्षा के एक बड़ा असंगठित क्षेत्र है, जिसमें कई लोग बेहतर विकल्पों की कमी के चलते स्व-रोजगार करने लगते हैं, या संगठित क्षेत्र में नौकरी मिलने का इंतजार ही करते रहते हैं। संगठित क्षेत्र में कर्मचारियों से न केवल लाड़-प्यार किया जाता है, बल्कि उन्हें दृढ़ता से संरक्षित भी किया जाता है।' इसके कई दुष्परिणाम हैं। अव्वल तो कई युवा एक सरकारी नौकरी का पीछा किए बिना अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे वर्ष बिताते हैं। दूसरा, निष्क्रिय युवा सामाजिक स्थिरता के लिए हानिकारक हैं। तीसरा, सरकारी नौकरी के प्रति अत्यधिक मोह की यह प्रवृत्ति अर्थव्यवस्था में समग्र निजी खपत को नुकसान पहुंचाती है। पीटर जीहान द एंड ऑफ द वर्ल्ड इज जस्ट द बिगिनिंग : मैपिंग द कोलैप्स ऑफ ग्लोबलाइजेशन में लिखते हैं, 'एक व्यक्ति अपना अधिकांश खर्च 15 और 45 की उम्र के बीच करता है, यही जीवन की खिड़की है, जब लोग कार खरीद रहे होते हैं (भारतीय संदर्भ में दोपहिया वाहन), घर खरीद रहे होते हैं, इस तरह की खपत वाली गतिविधि ही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाती है।' अतः 30 वर्ष की आयु तक पहुंचने तक कई युवा जब बेरोजगार रहते हैं, तो अर्थव्यवस्था को वैसी गतिशीलता या तेजी नहीं मिल पाती है, जैसी मिलनी चाहिए।

अंत में, यहां कम खपत का तात्पर्य भारतीय अर्थव्यवस्था में वस्तुओं व सेवाओं की कम मांग से है। इसका मतलब है कि क्या व्यवसायों को अपनी क्षमता का विस्तार करने की जरूरत नहीं है? रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि भारत में विनिर्माण कंपनियां एक दशक से अपनी क्षमता का तीन-चौथाई से कम उपयोग कर रही हैं। ऐसे में, निजी क्षेत्र में कम नौकरियों का सृजन हो रहा है, इसीलिए बेरोजगारी है।

# एलन मस्क की चिड़िया आजाद हुई या हाथी उड़ गया



ऋतुपर्ण दवे

बचपन में हममें से बहुतों ने चिड़िया उड़ का खेल खूब खेला है। इस चक्कर में चिड़िया भले ही न उड़ी हो लेकिन हाथी को जरूर उड़ा दिया। बड़ा मजेदार खेल था। लगभग इसी तर्ज पर मालिकाना हक बदलते ही ट्वीटर की चिड़िया के पर आसमान को छूने लगे हैं। दुनिया के सबसे प्रभावशाली सोशल मीडिया मंच ट्वीटर को पूरी स्वतंत्रता देने का दंभ भरने वाले ट्वीटर के नए मालिक एलन मस्क का ऐक्शन कितना कामियाब होगा कहना जल्दबाजी होगी। फिलाहाल नए मालिक के आते हजारों नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है वहीं चिड़िया की आजादी की दुहाई बेमानी लगती है।

जहां वो इंसानियत की मदद करने की बात कहते हैं वहीं दूसरी ओर ऐसे सार्वजनिक मंच की बात भी करते हैं जो मानव सभ्यता के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हो। उनकी सोच को लेकर भले ही विश्व से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आएं लेकिन भारत में काफी मायूसी जरूर होगी, होनी भी चाहिए। ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि वो किस तरह से ट्वीटर के जरिए स्वतंत्रता की रक्षा कर पाते हैं। बहरहाल तमाम पेचीदगियों, कानूनी लड़ाई और बहुत मंहगी डील के बाद अब एलन मस्क बतौर मालिक अपना रौब दिखा रहे हैं। ट्वीटर अमेरिका में ही पहले से खेमेबाजी में बंटा हुआ है। वहां के दक्षिणपंथी आरोप लगाते रहे हैं कि उनकी आवाज दबायी जाती रही। सबने देखा कि जनवरी 2021 में जिस तरह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प के ट्वीटर एकाउण्ट को हिंसा करने वाले उनके समर्थकों को क्रांतिकारी बताने तथा एक अन्य ट्वीट में बाइडेन के शपथ ग्रहण में नहीं जाने के ट्वीट पर कड़ा फैसला ले पहले लॉक किया फिर स्थायी रूप से बन्द कर दिया। ट्वीटर को लाभ के हिसाब से ट्रम्प बेहद फायदेमन्द थे और करीब 9 करोड़ फॉलोअर भी थे। 14 महीने बाद मई 2022 में एलन मस्क के एक बयान ने सबका ध्यान खींचा जिसमें कहा गया कि वो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्विटर अकाउंट के प्रतिबंध को हटाएंगे। उन्होंने ट्रंप के ट्विटर खाते बैन के फैसला नैतिक रूप से गलत बताया था।

लेकिन जैसे ही मस्क के ट्वीटर को टेकओवर करने की बातें उजागर हुईं तो ट्रम्प की बधाई और उनके एकाउणाट को रिस्टोर करने के बयान ने भविष्य का रास्ता दिखाने का काम किया जिसमें साफ किया गया कि जो बातें हो रही हैं वो फर्जी है तथा डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से एलन मस्क के ट्विटर को टेकओवर करने को लेकर कोई भी बयान जारी नहीं किया गया है। फैलाया जा रहा बयान फर्जी है।

27 अक्टूबर की जैसे ही ट्वीटर खरीदी समझौता पूरा होते ही एलन मस्क ने सबसे पहले इसके भारतीय मूल के सीईओ पराग अग्रवाल को बाहर कर दिया जो कि अभी साल भर भी कंपनी में नहीं रह पाए थे। वो बीते साल नवंबर में आए थे। सुना तो यहां तक जा रहा है कि ट्विटर के चीफ फाइनेंसियल नेड सीगल और भारतीय मूल के जनरल काउंसल विजया गाड़े को भी बर्खास्त कर दिया है। इसके पीछे चंद महीनों चली कानूनी जंग और मुकदमे बाजी भी है क्योंकि एलन मस्क जून में ट्वीटर पर स्पैम बॉट्स और फर्जी खातों की जानकारी छिपाने और विलय समझौते का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप लगा डील से बाहर हो गए थे। पूरा माजरा जानने के लिए ट्वीटर सौदे की प्रक्रिया को थोड़ा जानना होगा। इसी साल 4 अप्रेल को मस्क ने कहा था कि उनके पास ट्वीटर के 9 प्रतिशत शेयर हैं इसलिए वो सबसे बड़े शेयर होल्डर हैं। जब ट्वीटर ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में शामिल होने का न्यौता दिया गया तो उन्होंने 9 अप्रेल को ठुकरा दिया। 13 अप्रेल को मस्क ने ट्वीटर के 54.2 प्रति शेयर खरीदने का पहला और अंतिम न्यौता दिया जो करीब 40 बिलियन डॉलर था। ट्वीटर इसे मान गया। लेकिन 13 मई को एलन मस्क ने डील यह कह रोक दी कि ट्वीटर में बहुत से फर्जी एकाउण्ट्स हैं और रोबोट्स भी फर्जी एकाउण्ट्स चलाते हैं। यह पूरी जानकारी उन्हें डील फाइनल होने से पहले दी जाए। जानकारी

पराग अग्रवाल ने ट्वीटर पर ही एक लंबा थ्रेड जारी कर प्रदान करत हुए देते हुए सफाई भी दी कि फर्जी खातों को कम करने की दिशा में काम जारी है। पराग के जवाब का उन्होंने एक इमोजी के साथ मजाक उड़ाया और 8 जुलाई को जवाब दिया कि वो आगे इस डील को पूरी नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें गलत व आधी-अधूरी जानकारी देकर गुमराह किया गया है। दोनों के मतभेदों की बातें कई बार सार्वजनिक हुईं। ट्वीटर पर ही कई तरह के तर्क-वितर्क और आपसी नोंकझोंक भी सामने आईं जो ट्वीटर पर ही खूब ट्रोल भी हुईं। तभी से यह लगने लगा था कि आते ही वो सबसे पहले पराग को ही बाहर का रास्ता दिखाएंगे जो कर दिया। 12 जुलाई को ट्वीटर ने अमेरिका के डेलावेयर कोर्ट में डील तोड़ने का मुकदमा दायर कर दिया था। इसके जवाब ने एलन मस्क ने 29 जुलाई 2022 को एक प्रतिदावा प्रस्तुत किया जिसमें ट्वीटर पर गलत जानकारी देने के तमाम प्रमाण प्रस्तुत किए। इसी बीच 13 सितंबर को 40 बिलियन की डील को शेयर होल्डर्स ने स्वीकरा जिसके बाद 3 अक्टूबर को मस्क ने पुरानी बातों को दरकिनार ट्वीटर खरीदने की बात साफ की और कोर्ट ने भी मान लिया। 26 अक्टूबर को हाथ में लेकर ट्विटर के मुख्यालय पहुंचे थे जिसका वीडियो भी जारी किया और अपना ट्विटर-बायो भी बदल कर चीफ ट्वीट कर लिया। इस तरह 27 अक्टूबर को 44 बिलियन डॉलर का यह सौदा पूरा होते ही ट्वीटर की चिड़िया अपने नए मालिक एलन मस्क के हाथों में पहुंच गई।

अब विश्व पटल पर इस सबसे सशक्त सोशल मीडिया माध्यम को लेकर तमाम सवाल उठ रहे हैं जो वाजिब भी हैं। ट्वीटर में आगे किस-किस तरह के और कितने बदलाव होंगे? इस बारे में मस्क की एक चिट्ठी बेहद महत्वपूर्ण है जो उन्होंने अपने सारे विज्ञापन दाताओं और प्रदाताओं को लिख एक तरह से अपनी रणनीति, भूमिका व भविष्य का इशारा भी कर दिया। इसमें कहा गया है कि उनका वाद-विवाद का एक सामान्य टाउन स्क्वायर बनाने की उनकी मंशा है ताकि वाम व दक्षिण की जो धड़ेबाजी दिखती है जो नफरत फैला, लोगों को बांटने का काम करती है रोकेंगे ताकि किसी ध्रुवीकरण का हथियार ट्वीटर न बने। ट्वीटर को न्यूट्रल यानी गुटनिरपेक्ष माध्यम बनाएंगे। मस्क का साफ तौर कहना कि सोशल मीडिया से नफरत और बंटवारे का एक बड़ा खतरा होता जिसे वो बदलेंगे। उन्होंने दूसरे पारंपरिक सोशल मीडिया मंच पर भी उंगली उठाते हुए कहा कि यहां पर किसी एक पक्ष को ही महत्व मिलता है लेकिन वो ट्वीटर के साथ ऐसा नहीं करेंगे और पूरी तरह से निष्पक्ष रखेंगे।

# प्रदूषण थोड़ा ही तो घटा है, फिर ये जश्न क्यों?

हमें वायु प्रदूषण की इतनी आदत पड़ चुकी है कि अब जरा सा भी प्रदूषण कम होता है तो जश्न मनाना शुरू कर देते हैं। दिवाली के आसपास जब प्रदूषण कम हुआ तो दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 24 अक्टूबर को दिल्लीवासियों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली अब एशिया के दस सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल नहीं है। इस विज्ञप्ति को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हंगामा हुआ। लेकिन दिल्ली के प्रदूषण की सचाई क्या है? और दिल्ली के वायु प्रदूषण को हम सही मायने में कैसे कम कर सकते हैं? हमारे देश में वायु गुणवत्ता को अच्छे, मध्यम, बुरे, बहुत बुरे और बेहद खतरनाक में बांटा जाता है। दिवाली के दिन दिल्ली का वायु प्रदूषण बहुत बुरे वर्ग में था। एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) उस दिन 300 था। यह पिछले कुछ सालों से अच्छा तो था, फिर भी यह बहुत ही नुकसानदायक माना जाएगा। इतनी खराब वायु गुणवत्ता पर जश्न मनाने की जरूरत नहीं है। फिर भी यह समझना जरूरी है कि इस दिवाली में वायु प्रदूषण क्यों कम हुआ। क्या किसी सरकारी कार्रवाई से हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ या कोई और कारण था। दुर्भाग्य से, किसी भी सरकारी कार्रवाई के कारण हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ था। सुधार दो प्रमुख कारणों से हुआः

पहला, पिछले कुछ सालों के मुकाबले इस बार दिवाली एक से डेढ़ हफ्ते पहले आई।

दूसरा, साइक्लोन सितरंग, जो कि दिवाली के एक दिन पहले बंगाल की खाड़ी में आया।

दिल्ली में इस बार दिवाली 24 अक्टूबर को हुई है। अभी पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने का सीजन शुरू नहीं हुआ है। पराली का तेजी से जलना इस बार दिवाली को नहीं झेलना पड़ा है। इसका मतलब यह नहीं है कि पंजाब-हरियाणा में इस साल पराली नहीं जलेगी। इस साल भी जलेगी, लेकिन पराली जलाने का असर नवंबर में महसूस होगा। दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान दिवाली पर न्यूनतम था। ऐसा 2019 में भी देखने को मिला था जब दिवाली 27 अक्टूबर को थी।

चक्रवात वह वातावरणीय सिस्टम है, जो हवा और नमी को खींचता है और वायु में गति लाता है। इस साइक्लोन ने ओडिशा, वेस्ट बंगाल के तटीय इलाकों सहित बांग्लादेश और मेघालय को हिट किया था। एक हलका तूफान था, फिर भी इसके चलते दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों के वातावरण पर काफी असर पड़ा। वायु की गति तेज होने से दिल्ली में दिवाली के आसपास का प्रदूषण यहां टिका नहीं रह सका। इसी के कारण एक्यूआई तीन से साढ़े तीन सौ के बीच रहा। यदि चक्रवात न होता तो प्रदूषण का स्तर काफी अधिक होता। तो इस साल दिवाली के दिन दिल्लीवासी एक तरह से भाग्यशाली थे कि प्रदूषण नहीं झेलना पड़ा। पर इसमें कोई इंसानी हाथ नहीं है। बल्कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि हमें आज के दिन में दिल्ली में साफ हवा के लिए जलवायु परिवर्तन के कारण आया एक साइक्लोन मदद कर रहा है। अगले साल दिवाली 12 नवंबर को है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि कोई चक्रवात न आए क्योंकि यह जीवन और आजीविका को नष्ट कर देगा। उस स्थिति में हम इस वर्ष की तुलना में कहीं अधिक खराब वायु गुणवत्ता का अनुभव करेंगे। ऐसे में दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने के लिए करना क्या होगा?

वायु प्रदूषण के दो ही कारण हैं। पहला, किसी चीज का जलना और दूसरा है धूल, जो काफी हद तक जमीन से उठती है। जब तक इन दो कारणों को हम हल नहीं करेंगे, तब तक उत्तर भारत, जो पंजाब से लेकर पश्चिम बंगाल तक है, और जिसमें हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे राज्य शामिल हैं, वहां वायु प्रदूषण कम नहीं होगा।

भारत में आज के दिन हम लोग कोई दो सौ करोड़ टन मटीरियल जलाते हैं। इसमें 80 फीसदी कोयला, लकड़ी, कृषि अवशेष और अन्य बायोमास हैं। कोयला बिजली बनाने में और फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। बायोमास का उपयोग बड़े पैमाने पर खाना पकाने के ईंधन के रूप में किया जाता है। यही प्रमुख कारण हैं वायु प्रदूषण का। बिना कोयला और बायोमास कम किए हम वायु प्रदूषण कम नहीं कर सकते। यूरोप, नॉर्थ अमेरिका या फिर चीन में ही देख लें, तो इन सभी देशों ने वायु प्रदूषण कम किया है ठोस ईंधन की खपत कम करके, जो कि कोयला और बायोमास है।

भूमि का क्षरण धूल का एक प्रमुख स्रोत है। मरुस्थलीकरण बढ़ रहा है तो धूल भी बढ़ रही है। इसे पेड़ पौधे लगाकर, मिट्टी की नमी बढ़ाकर, भूजल को बढ़ाकर रोका जा सकता है।

इसके लिए हमें लाखों किसानों के साथ काम करना होगा। मिट्टी के क्षरण को रोकने के लिए हमें उन्हें संसाधन और तकनीक देनी होगी, जिससे कृषि को भी मदद मिलेगी।

# हाशिए पर रहने की पीड़ा



डॉ. सुरेश कुमार

कचरा कुंडी में हजारों की संख्या में मास्क पड़े हुए हैं। सबकी हालत नोटबंदी से भी बदतर है। नोटबंदी के दिनों में कम से कम पुराने नोटों को निश्चित समय के भीतर बैंक में लौटाने पर उसके बदले नए नोट तो मिल जाते थे। किंतु इन्हें लेने वाला कौन है? राजनीति में 'उतरन' का इस्तेमाल जितना श्रेष्ठ माना जाता है, भौतिक वस्तुओं का इस्तेमाल उतना ही निकृष्ट माना जाता है। हजारों की संख्या में पड़े मास्क की पीड़ा अंतहीन है। वे भी जनता की तरह चुपचाप सहने के लिए विवश हैं। उन्हीं में से तीन मास्क ऐसे हैं जो नेता बनने के सभी गुण रखते हैं। नेता बनने के लिए मुद्दों की तलाश से ज्यादा जिद्दी होना जरूरी होता है। मौन और मंदस्वर की भेंट चढ़ने वाले तर्कसंगत मुद्दे जिद्दी नेता की कमी के चलते प्राण त्याग देते हैं। जबकि तर्कहीन और हास्यास्पद से लगने वाले मुद्दे उक्त नेताओं के चलते बड़ी सुर्खियां बटोर लेते हैं। यही कारण है कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसे मुद्दे जमीन के भीतर दफना दिए जाते हैं और किसी रईसी औलाद की जमानत देश के लिए जीने-मरने का सवाल बन जाता है।

कचरा कुंडी में मास्को की एक चर्चा चल रही है। नइका मास्क, टुटनका मास्क और ललका मास्क अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे हैं। बाकी मास्क उनकी चर्चा बड़ी ध्यान से सुन रहे हैं।

नइका मास्कः काहो टुटनका भैया! का हाल चाल बा? एहर-केहर आइगएला? टुटनका मास्कः हाल-चाल का बताई बच्ची! देखत हौआ न एहर पड़ल हई भूइयाँ लोटे खातिर। ससुरा पता न चलत है कि हमार जनमवा काहे बाटि भयल? नइका मास्कः ऐसन मुंहवा लटकैले से का होई। तनी ठीक-ठीक बतावा। टुटनका मास्कः का बताई बच्ची! जे ससुरा हमके दुकनिया से खरीदले रहल, ऊ हमके जिनगी भर कबो मुंहवा-नकुरा पर न रखले। होकरे नकुरा पर त चौबीसन घंटा गुस्सा बैठल रहत और मुंहवा त गुटखा-खैनी, पान-तंबाकू का कंपनी लागत बाटी। कबो हमके कदर न करलै ऊ ससुरा! जब देखा तब हमके ठुड्डिया पर चढ़ैले रहल। परिणाम ई भयल कि हमार एकठो टंगनी टूट गयल। एही खातिर ससुरा हमके एहर फेंक गयल है। कौनो कदर नहीं हमार।

नइका मास्कः ए भैया! रोवा मत! सबकर ऊव हालत बा। कम से कम तोहके ठुड्डिया पर बैठे क सुख मिलल बाटी। हमरे जोग में ऊहो नाही। अब देखा न ससुरा जे हमके खरीदले ऊकर बिटिया ऐह खातिर फेंक देहले कि हमरा पर मकड़ापुरुष (स्पाइडरमैन) का डिजाइन न रहल।

# छठ महापर्व शुरू

## खरना आज; रविवार को अस्ताचलगामी और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ खत्म होगा पर्व






लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज खरना, रविवार को सांध्यकालीन अर्घ्य और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत करने वाले लोग पारण करेंगे।

**आज से 36 घंटे का निर्जला उपवास**

नहाय-खाय के दिन व्रत करने वाले लोग स्नान-ध्यान के बाद अरवा चावल की भात, कद्दू की सब्जी, चने की दाल और आंवले की चटनी जैसी चीजें खाकर पवित्रता से इस व्रत की शुरुआत करेंगे। नहाय-खाय का प्रसाद पाने के लिए व्रत करने वालों के घर सोमवार को आम श्रद्धालु भी पहुंचेंगे। इसके बाद शनिवार को अरवा चावल, गुड़ और दूध से बनी खीर से व्रती खरना करेंगे और इसके बाद 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू हो जाएगा।

**भगवान सूर्य की होती है पूजा**

छठ, प्रकृति की पूजा है। इस मौके पर सूर्य भगवान की पूजा भी होती है, जिन्हें एक मात्र ऐसा भगवान माना जाता है जो दिखते हैं। अस्ताचलगामी भगवान सूर्य की पूजा इस भाव से की जाती है कि जिस सूर्य ने दिनभर हमारी जिंदगी को रौशन किया उसके निस्तेज होने पर भी हम उनको नमन करते हैं।

छठ पूजा के मौके पर नदियां, तालाब, जलाशयों के किनारे पूजा की जाती है जो सफाई की प्रेरणा देती है। यह पर्व नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने का प्रेरणा देता है। इस पर्व में केला, सेब, गन्ना सहित कई फलों की प्रसाद के रूप में पूजा होती है जिनसे वनस्पति की महत्ता रेखांकित होती है।


**भगवान सूर्य की बहन हैं छठ देवी**

सूर्योपासना का ये पर्व सूर्य षष्ठी को मनाया जाता है, लिहाजा इसे छठ कहते हैं। ये पर्व परिवार में सुख, समृद्धि और मनोवांछित फल प्रदान करने वाला माना जाता है। मान्यता है कि छठ देवी भगवान सूर्य की बहन हैं, इसलिए लोग सूर्य की तरफ अर्घ्य दिखाते हैं और छठ मैया को प्रसन्न करने के लिए सूर्य की आराधना करते हैं। ज्योतिष में सूर्य को सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। सभी ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय अगर केवल सूर्य की ही आराधना की जाए और नियमित रूप से अर्घ्य (जल चढ़ाना) दिया जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं।

**-हरेराम सिंह**

# संत सूरदास ने क्यों मांगा भगवान श्री कृष्ण से अंधा होने का वरदान ?





हमारे देश में अनेंक विद्वानों ने जन्म लिया। जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि जिनके विचारों को सुनकर विदेशों में भी लोग उनके रस्ते पर चले। भारत में सूरदास जी भक्तिकाल के एक बहुत ही महान्‍ कवि हुए हैं। इन्होंने अपने साहित्य में भगवान श्री कृष्ण की उपासना की तथा इसका साहित्य हिंदी भाषा में लिखा गया। इसके अलावा इनके द्वारा लिखे गए साहित्य की वजह से ही इनको हिंदी साहित्य का सूर्य भी माना जाता है। इसी कारण लोगों के मन में उनके जीवन से जुड़े हुए कई रोचक तथ्यों के बारे में जिज्ञासा होती है। इसी तरह का एक सवाल जो आमतौर पर पूछा जाता है कि सूरदास ने क्यों मांगा भगवान श्री कृष्ण से अंधा होने का वरदान ? अगर आपके मन में भी ऐसा ही सवाल है, तो इस पोस्ट में इसी सवाल का जवाब जानते हैं।

**क्यों मांगा भगवान श्री कृष्ण से अंधा होने का वरदान –**

ऐसा माना जाता है कि संत सूरदास जी भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में बहुत डूबे हुए थे। एक बार वह एक कुएं में जा गिरे। जिसके बाद भगवान श्री कृष्ण ने खुद उनकी जान बचाई। उनकी जान बचाने के साथ ही भगवान ने उनकी आँखों की रोशनी भी लौटा दी। जब संत सूरदास की नेत्र ज्योति लौटी , तो उन्होंने सबसे पहले अपने अराध्य देव श्री कृष्ण भगवान को देखा। इसके बाद भगवान ने खुश होकर उनसे वरदान मांगने को कहा।

संत सूरदास जी जिस भगवान श्री कृष्ण की पूजा करते थे, वो साक्षात मिलने के बाद उनको और किस चीज की जरूरत थी। उनको तो सबकुछ पहले से ही मिल चुका था। लेकिन भगवान के कहने पर उन्होंने भगवान से कहा कि आप मुझे वरदान में अंधा बना दीजिएं। मैने इस दुनिया में सिर्फ आपको देखा है और आपके अलावा में किसी को देखना भी नहीं चाहता है। इसलिए हे प्रभु मुझे अंधा ही बना दीजिएं।

हालांकि इस बात पर भी विद्वानों में संदेह है कि संत सूरदास जी जन्म से अंधे थे या नहीं। लेकिन फिर भी समाज में कुछ प्रचलित मान्यताएं होती है।

लेकिन जो भी हो, संत सूरदास की रचनाओं में कृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और भक्ति का वर्णन मिलता है। इन रचनाओं में वात्सल्य रस, शांत रस, और श्रंगार रस शामिल है। इसके साथ ही संत सूरदास जी की लीलाओं का वर्णन भी हमें देखने को मिल जाता है।

# इस समय भूल से भी ना करें पूजा वरना होगा बड़ा पाप !



मनुष्य पुराने समय से ही पूजा-पाठ करते आया हैं। जी हाँ और लगभग सभी लोग परिवार में शांति के लिए ईश्वर की पूजा करते हैं। जी दरअसल घर में सुबह और शाम दो समय तो पूजा होती है और अगर मंदिरों में देखा जाए तो वहा भी सुबह और शाम दोनों समय पूजा की जाती हैं। हालाँकि कुछ समय ऐसे होते हैं जब पूजा नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर सही समय पूजा की जाए तो पूजा का अधिक शुभ फल मिलता हैं। अब हम आपको बताने जा रहे हैं पूजा कब नहीं करना चाहिए।

पूजा कब नहीं करनी चाहिए- दोपहर 12 से 4 बजे के बीच पूजा नही करनी चाहिए।

रात को 12 बजे से 1 बजे के बीच पूजा नही करनी चाहिए।

सूतक के समय पूजा नही करनी चाहिए।


स्त्री के मासिकधर्म के दौरान पूजा नही करनी चाहिए।

पूजा कब करना चाहिए- अगर आप हनुमान जी पूजा करते है तो ऐसा माना जाता है की रात को 12 बजे से 1 बजे के बीच हनुमान जी की पूजा नही करनी चाहिए। ऐसा मन जाता है इस समय हनुमान जी लंका में होते है।

शाम को कितने बजे पूजा करनी चाहिए- शाम को सूर्यास्त के समय पूजा करनी चाहिए। सूर्यास्त का समय लगभग 6:30 बजे से 7:30 के बीच होता हैं।

सुबह कितने बजे पूजा करनी चाहिए- सुबह उठकर स्नान आदि करने के बाद 6 से 8 के बीच पूजा करना अधिक शुभ माना जाता हैं।

# पुरुषों की 3 आदतें महिलाओं की बहुत जल्द बन जाती हैं कमजोरियां



ईमानदार पुरुषः जो पुरुष रिश्तों में ईमानदारी रखता है महिलाएं उसे बहुत पसंद करती हैं। यानी कि ऐसा पुरुष जो अपनी पत्नी या प्रेमिका को धोखा न दे। ऐसे पुरुष को कोई भी महिला कभी नहीं छोड़ना चाहती, बल्कि उसे हमेशा अपने जीवन का हिस्सा बनाकर रखना चाहती है।

महिलाओं से अच्छा व्यवहारः ऐसे पुरुष जो महिलाओं का सम्मान करते हों, उनसे विनम्रता और शिष्टाचार से बात करते हों उन्हें महिलाएं खूब पसंद करती हैं। ऐसे पुरुषों पर महिलाएं तुरंत फिदा हो जाती हैं। वहीं महिलाओं का अपमान करने वाला पुरुष अच्छा नहीं होता है।

अच्छा श्रोताः हर महिला चाहती है कि उसका पार्टनर उसकी बात सुने और उसे महत्व दे। लिहाजा जिस पुरुष में अच्छा श्रोता होने का गुण होता है, उसे महिलाएं बहुत पसंद करती हैं। साथ ही ऐसा पुरुष जिसमें अहंकार की भावना न हो और अपनी गलती पर माफी मांगे उसे महिलाएं बहुत पसंद करती हैं।

# यहां 13 फीट ऊंचे बलवारी के हनुमानजी बिना किसी सहारे के खड़े हैं

- श्रीहनुमान जी यहां का दिव्य सौम्य स्वरूपमें हैं।
- इंदौर के एक व्यापारी को स्वप्न में आए थे हनुमान

सुहाना मौसम, कभी रिमझिम फुहारें तो कभी झुरझुरी-सी हवाएं, हरियाली की चादर ओढ़े खिली-खिली सी प्रकृति, पल्लवित होते पुष्प और अप्रतिम नैसर्गिक सौंदर्यता जिसे देखते ही मानव मन प्रफुल्लित हो जाता है। ऐसे ही मनभावन मौसम में हम 'बलवारी के हनुमान मंदिर' पहुंचे। यह मंदिर इन्दौर से लगभग 125 किलोमीटर दूर है। बेटमा धार से अमझेरा के रास्ते से लगभग 37 किलोमीटर पर यह चमत्कारी हनुमान मंदिर है। यहां हनुमानजी की लगभग 13 फीट ऊंची प्रतिमा है, जो बिना किसी सहारे एक चबूतरे के बीच खड़ी है।

यूं तो हम अक्सर भगवान के दर्शन सिर झुकाकर करते हैं लेकिन इस मंदिर में सिर ऊंचा करके ही आपको हनुमानजी के दर्शन करने को मिलेंगे और इस वक्त तो ऐसा लगता है मानो प्रभु स्वयं झुककर आशीष दे रहे हों। मानो भगवान हमें झुकना सिखा रहे हों। कहते हैं यहां हर व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और इसके कई प्रत्यक्ष प्रमाण भी बताए जाते हैं।



व्यापारी को सपने में दिखे भगवान, ढूंढते हुए पहुंचे

ग्रामीणों ने हमें बताया कई बार छत डालने की कोशिश करने के बाद छत यहां टिक ही नहीं पाती थी। फिर जब सालों बाद इंदौर के एक व्यापारी को हनुमानजी ने स्वप्न दिया और छत डालने की बात कही और व्यापारी बलवारी हनुमान मंदिर को ढूंढते हुए आए व हनुमानजी के मंदिर पर छत डाली। तब से आज तक यह छत टिकी है। हनुमान जयंती को गुजरात, राजस्थान व महाराष्ट्र से यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। हनुमान जयंती के दिन सुबह 7 बजे आरती की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं।

बताया जाता है कि एक बार कुछ महिलाओं के ग्रुप के साथ वहां दर्शन के लिए पहुंचीं तो उनमें से एक महिला ने अपनी बेटी के विवाह की मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत मांगी थी और वो काफी कम समय में ही पूर्ण भी हो गई। यहां उनके साथियों ने उन्हें प्रभु के अनगिनत चमत्कारों के बारे में बताया। बलवारी में श्रीहनुमान जी का दिव्य सौम्य स्वरूप है इनके दर्शन करते हुए मन उल्लास से भर जाता है।

# कार्तिक माह में संध्या पूजन से मिलता है मनचाहा फल

ईश्वर का ध्यान कभी भी और किसी भी वक्त लाभकारी और शुभकारी होता है। मान्यता है कि संध्या वेला में ईश्वर की आराधना का अलग ही महत्व होता है। संध्या वेला में पूजा करना बेहद लाभकारी माना जाता है। नियमपूर्वक संध्या पूजन करने से ब्रहमलोक की प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं रात या दिन में जो विकर्म हो जाते हैं, वे त्रिकाल संध्या से नष्ट हो जाते हैं। ज्योतिषों की मानें तो समय पर की गई संध्या पूजन इच्छानुसार फल देती है।

प्रभु की आराधना में अद्भुत शक्ति है। अगर वक्त संध्या का हो तो पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है। कहते हैं संध्या पूजन करने से जीवन में पूजा का लाभ कई गुणा बढ़ जाता है। हालांकि संध्या पूजन में कुछ सावधानियां भी जरूरी हैं।

संध्या पूजा के समय रखें इन बातों का ध्यान

- संध्या पूजा के पहले कुछ ना खाएं।
- संध्या पूजा में घर के जितने लोग शामिल होंगे उतना ही अच्छा होगा।
- संध्या पूजा बिना दीपक के नहीं करनी चाहिए।
- संध्या पूजा के बाद घर में बनने वाले भोजन को भगवान को जरूर अर्पित करें।
-संध्या पूजा से पहले ही घर में झाड़ू लगाएं उसके बाद नहीं।
-संध्या पूजा के समय घर के किसी भी सदस्य को सोना नहीं चाहिए।

ईश्वर की सच्ची साधना से हर मनोकामना पूरी हो सकती है। कहते हैं प्रतिदिन ईश्वर की भक्ति और पूजा उपासना से उनकी विशेष कृपा बरसती है और जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। संध्या पूजन में किन बातों का रखें ध्यान ये तो आपने जाना।।लेकिन पूजा उपासना में ध्यान रखने योग्य और भी कल्याणकारी बातें हैं। जिसे जानना जरूरी है।

पूजा में ध्यान रखने योग्य बातें

पूजा में दीपक, शिवलिंग, शालिग्राम जमीन पर ना रखें।

मणि, देवी-देवताओं की मूर्तियां, यज्ञोपवीत और शंख जमीन पर कभी ना रखें।

एक कपड़ा बिछाएं या किसी ऊंचे स्थान पर इन चीजों को रखना श्रेष्ठ रहता है।

दिनभर की भागा-दौड़ी के बाद शाम को जब आप उपासना करने बैठेंगे तो मन खुद-ब-खुद शांत और निर्मल होने लगेगा। नींद अच्छी आएगी और आपके व्यवहार में भी मधुरता आएगी।


# सोना सट कुनिया हो दीनानाथ

## छठ पूजा के इन पारंपरिक गीतों को बिना सूना-सूना लगता है छठ पर्व

सोना सट कुनिया, हो दीनानाथ
हे घूमइछा संसार, हे घूमइछा संसार
सोना सट कुनिया, हो दीनानाथ
हे घूमइछा संसार, हे घूमइछा संसार
आन दिन उगइ छा हो दीनानाथ
आहे भोर भिनसार, आहे भोर भिनसार
आजू के दिनवा हो दीनानाथ
हे लागल एती बेर, हे लागल एती बेर
बाट में भेटिए गेल गे अबला
एकटा अन्हरा पुरुष, एकटा अन्हरा पुरुष
अंखिया दियेते गे अबला
हे लागल एती बेर, हे लागल एती बेर
बाट में भेटिए गेल गे अबला
एकटा बाझिनिया, एकटा बाझिनिया
बालक दियेते गे अबला
हे लागल एती बेर, हे लागल एती बेर
00000000
कबहुँ ना छूटी छठि मइया
हमनी से बरत तोहार
हमनी से बरत तोहार
तहरे भरोसा हमनी के,
छूटी नाही छठ के त्योहार
छूटी नाही छठ के त्योहार
अपने सरन में ही रखिह,
दिह आसिस हज़ार
दिह आसिस हज़ार
गोदिया भराईल छठी मइय्या,
बाटे राऊर किरपा अपार
बाटे राऊर किरपा अपार
चाहें रहब देसवा बिदेसवा,
छठ करब हम हर बार
छठ करब हम हर बार
डूबतो सुरुज के जे पूजे,
इहे बाटे हमर बिहार
इहे बाटे हमर बिहार
फलवा दउरवा सजाके,
अईनी हम घाट पे तोहार
अईनी हम घाट पे तोहार
दिहनी अरघ छठी मईया,
करीं हमर आरती स्वीकार
करीं हमर आरती स्वीकार
कबहुँ ना छूटी छठि मइया,
हमनी से बरत तोहार
हमनी से बरत तोहार
तहरे भरोसा हमनी के,
छूटी नाही छठ के त्योहार
छूटी नाही छठ के त्योहार
छूटी नाही छठ के त्योहार
छूटी नाही छठ के त्योहार

-उत्तम कुमार यादव

# 'ब्रह्मास्त्र 2' के लिए यश बने मेकर्स की पहली पसंद!

रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' जब से सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, तब से दर्शक इस फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि 'ब्रह्मास्त्र' को दर्शकों का मिला-जुला रेस्पॉन्स मिला था। एक तरफ जहां कई दर्शकों को अयान मुखर्जी की ये फिल्म पसंद आई थी, तो वहीं बहुत से लोगों को आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की एक्टिंग नहीं पसंद आई थी। हालांकि अब फैंस ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि 'ब्रह्मास्त्र 2' में कौन-कौन से सितारे नजर आने वाले हैं।

ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा देख चुके दर्शक इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि इस फिल्म में शिवा का किरदार कितना अहम है। 'ब्रह्मास्त्र 2' में रणबीर कपूर के किरदार शिवा की सीधी टक्कर देव से होने वाली है। यही वजह है कि इस किरदार में अब दर्शकों का काफी दिलचस्पी है। वहीं अब खबर आ रही है कि ब्रह्मास्त्र 2 में देव के किरदार के लिए मेकर्स ने केजीएफ स्टार यश को अप्रोच किया है। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि ब्रह्मास्त्र में देव का किरदार कितना अहम होने वाला है, जिसके लिए निर्माता बॉलीवुड से लेकर टॉलीवुड तक के चक्कर काट रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये भी खबर है कि यश ने अभी तक मेकर्स को इस रोल के लिए हां नहीं कहा है। ब्रह्मास्त्र में देव के किरदार के लिए अब तक रणवीर सिंह और ऋतिक रोशन के नाम सामने आ चुके हैं। कुछ फैंस का कहना है कि स्क्रीन पर रणबीर के पिता का किरदार रणवीर और मां अमृता का रोल दीपिका पादुकोण निभाएंगी। वहीं, कई लोग ऋतिक का भी नाम ले रहे हैं। हालांकि मेकर्स ने अभी तक इस तरह की किसी भी बात पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बताया जा रहा है कि न सिर्फ 'ब्रह्मास्त्र' बल्कि एक्सेल एंटरटेनमेंट ने भी यश को 'कर्ण' के लिए बोर्ड पर लाना चाहते हैं। ये कथित तौर पर महाभारत पर आधारित एक पौराणिक महाकाव्य होगा। बता दें कि 'ब्रह्मास्त्र' में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन के अलावा नागार्जुन जैसे बड़े साउथ स्टार भी नजर आए थे, जिनकी वजह से मेकर्स को काफी फायदा भी हुआ था।

# कटरीना कैफ ने फैंस के बीच खोले बेडरूम सीक्रेट्स



बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'फोन भूत' की वजह से लाइमलाइट में हैं। कटरीना के साथ इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर नजर आएंगे। कटरीना अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें कटरीना ने अपने बेडरूम सीक्रेट्स खोले हैं। कटरीना ने इस बातचीत के दौरान बताया है कि ससुराल में उन्हें प्यार से किस नाम से बुलाया जाता है और विक्की कौशल रात में उन्हें कैसे सुलाते हैं।

कटरीना कैफ ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में विक्की कौशल के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने अपने लविंग हसबैंड विक्की की अच्छी और बुरी दोनों आदत के बारे में बताया है। विक्की की अच्छी आदतों के बारे में बताते हुए कटरीना कैफ ने कहा, 'मुझे उनका गाना गाना और डांस करने का शौक बहुत पसंद है। विक्की अच्छे सिंगर हैं। जब मुझे कई बार नींद नहीं आती है तो मैं उनसे ही बोलती हूं कि आप मेरे लिए कुछ गा दीजिए।

इसके बाद कटरीना ने विक्की कौशल की खराब आदत के बारे में भी बताया। अभिनेत्री ने कहा, 'वह कई बार जिद बहुत ज्यादा करते हैं।' कटरीना कैफ जब कपिल शर्मा के शो में शामिल हुई थीं तब भी अभिनेत्री ने अपने पति विक्की और ससुराल वालों के बारे में बात की। उन्होंने बताया था कि घर में उन्हें सब किट्टो कहकर बुलाते हैं। बता दें कि कटरीना और विक्की ने शादी से पहले अपने रिश्ते को पूरी तरह सीक्रेट रखा था लेकिन शादी के बाद दोनों एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं।



गौरतलब है कि कटरीना कैफ की फिल्म 'फोन भूत' इसी साल 4 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें कटरीना के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर नजर आएंगे। इस फिल्म में कटरीना एक 'भूतनी' की भूमिका में हैं। वहीं, ईशान और सिद्धांत भूत बस्टर के अवतार में नजर आएंगे, जो कटरीना के लिए जैकी श्रॉफ का सामना करेंगे।

# पूनम पांडे संग रोमांटिक हुए करणवीर बोहरा

**करणवीर बोहरा** और पूनम पांडे इन दिनों जमकर साथ में स्पॉट किए जा रहे हैं. इसकी वजह है दोनों का साथ में आ रहा एक गाना. वैसे इन दोनों की दोस्ती कंगना रणौत के शो लॉकअप में हुई थी, जहां पर दोनों साथ में थे.

ऐसे में अब दोनों अपकमिंग म्यूजिक वीडियो 'तेरे जिस्म से' में है, जिसे लेकर यूजर्स करणवीर बोहरा को बुरी तरह ट्रोल कर रहे हैं.

पूनम पांडे और करणवीर बोहरा का एक वीडियो हो रहा है जिसमें दोनों एक दूसरे के बेहद क्लोड नजर आ रहे हैं और जमकर पोज कर रहे हैं. वायरल हो रहे वीडियो में करणवीर, पूनम को निहार रहे हैं और इस दौरान कैमरामैन उन्हें जिस्म से में नजर आने वाले हैं. हालांकि अभई गाने में समय है लेकिनदोनों ही कलाकार रिलीज से पहले अपने इस गाने का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं. हालांकि प्रमोशन के दौरान कैमरे के सामने दोनों की यह हरकत देख सोशल मीडिया यूजर्स ने अभिनेता को जमकर लताड़ लगाई.

नजर आने वाले हैं. इस म्यूजिक वीडियो के पोस्टर पर इन दोनों की सिजलिंग केमिस्ट्री देखने को मिली है.

साथ ही, ऐसे में हाल ही में इसका पोस्टर लॉन्च इवेंट हुआ और इस दौरान दोनों स्टार बेहद कोजी और रोमांटिक अंदाज में नजर आए. करणवीर बोहरा का पूनम पांडे संग यूं रोमांटिक होना सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आया है. इन दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा कैमरे की तरह देखने को कहता है, जिस पर करणवीर मजाकिया अंदाज में कहते हैं कि मैं तुझे देखूं या पूनम को देखूं. करणवीर और पूनम पांडे फिर रोमांटिक हुए. एक दूसरे को करीब से निहारते करण और पूनम पांडे इस वीडियो को लेकर ट्रोल हो रहे हैं.


### पूनम पांडे और करणवीर का बोल्ड वीडियो हुआ वायरल

बता दें कि दिवाली के मौके पर करणवीर बोहरा, पूनम पांडे एक साथ अपनी म्यूजिक एल्बम तेरे

सोशल मीडिया पर लोग लगातार कमेंट करके वह करणवीर को खूब खरी-खोटी भी सुना रहे हैं.

एक यूजर ने कमेंट में लिखा- घर जाओ तब पता चलेगा. वहीं एक अन्य ने लिखा अब वह दिन दूर नहीं जब इसका भी तलाक न्यूज में आएगा. एक और शख्स ने कमेंट में लिखा- कुछ दिन बाद अब इसका भी तलाक होगा.इसके अलावा एक फैन ने अभिनेता को सलाह देते हुए लिखा- संभल जाओ इससे पहले कि तलाक हो जाए.

# पत्नी पर कार चढ़ाने वाले फिल्म प्रोड्यूसर कमल किशोर मिश्रा हुए गिरफ्तार

**फिल्म प्रोड्यूसर** कमल किशोर मिश्रा को अपनी ही पत्नी पर कार चढ़ाने को लेकर गिरफ्तार किया गया है. बताया जा रहा है कि कमल की पत्नी ने उन्हें दूसरी महिला के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया था, लेकिन जब उन्होंने अपने पति को रोकने की कोशिश की तो कमल ने उन पर कार चढ़ाई और आगे निकल गए. सोशल मीडिया पर इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसके बाद पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने अब कमल को गिरफ्तार कर लिया है. 279 (रैश ड्राइविंग) और 337 (किसी के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) जैसे चार्ज लगाए गए हैं.

फिल्म निर्माता कमल किशोर मिश्रा गुरुवार की रात मुंबई में थे, जब उन पर पिछले हफ्ते अपनी पत्नी को कुचलने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया था. उनके खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. एक वीडियो में फिल्म निर्माता अपनी पत्नी को कार से टक्कर मारने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं. घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग भड़क गए, जिसके बाद पुलिस ने कमल के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें अरेस्ट कर लिया है.

कमल की 35 वर्षीय पत्नी यास्मीन के अनुसार कार के नीचे आने की वजह से उनके पैर में चोट आई. उन्होंने अपने पति को एक मॉडल के साथ पकड़ा था. अंबोली पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, "यास्मिन के द्वारा एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, उनका आरोप है कि उनके पति (कमल) ने उन्हें धोखा दिया और रंगे हाथ पकड़े जाने पर मौके से भागते समय जानबूझकर अपनी कार यास्मिन पर चढ़ाने की कोशिश की. पुलिस की एक ताजा अपडेट के मुताबिक अंबोली पुलिस स्टेशन के निरीक्षक बंदोपंत बंसोडे ने कहा कि हिरासत में लेने के कुछ घंटे बाद कमल को हत्या के प्रयास के आरोप में कल देर रात गिरफ्तार किया गया था.

# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई पोन्नियिन सेलवन 1



जा रहा है। अभी ये फिल्म हिंदी में ओटीटी पर रिलीज नहीं की गई है। लेकिन पीएस-1 को देखने के लिए अभी आपको 199 रुपये चुकाने होंगे। दरअसल पीएस-1 को अभी अमेजॉन प्राइम रेंटल पर रिलीज किया गया है। हालांकि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ये संकेत दिया है कि

**ज्यादातर** ऐतिहासिक फिल्मों के लिए जाने जाने वाले निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म पीएस-1 ने सिनेमाघरों में शानदार कमाई की है। हर भाषा में इस फिल्म ने अच्छा कलेक्शन किया है। सिनेमाघरों में धूम मचाने के बाद ये फिल्म ओटीटी पर आ गई है। इस ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा फिल्म ने अपनी कहानी, बजट और सितारों के अभिनय को लेकर खूब चर्चा बटोरी है। लेकिन जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं, अब वह इसे ओटीटी पर घर बैठे आराम से देख सकते हैं।

पोन्नियन सेल्वन में चोल साम्राज्य के गौरवशाली इतिहास को दिखाया गया है। गौरवशाली इतिहास की साक्षी पीएस-1 अब अमेजॉन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है, लेकिन इस फिल्म को फिलहाल तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में स्ट्रीम किया पोन्नियन सेल्वन 4 नवंबर को सभी अमेजॉन प्राइम मेंबर्स के लिए रिलीज कर दी जाएगी। 'पोन्नियिन सेलवन 1' ने दुनिया भर में 480 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है और फिल्म के जल्द ही 500 करोड़ के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है। बता दें कि पोन्नियिन सेलवन 1 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

पीएस 1 को सिनेमाघरों में 30 सितंबर को रिलीज किया गया था। थियेटर में रिलीज के एक महीने के बाद ही ये फिल्म ओटीटी पर आ गई है। सिनेमाघरों से फायदा लेने के बाद मेकर्स अब ओटीटी से भी कमाई करने की फिराक में हैं। पीएस-1 में विक्रम, कार्थी, ऐश्वर्या राय बच्चन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि, तृषा, प्रकाश राज, पार्थिबन और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# कमजोर नेता ही आगे बढ़ने के लिए धर्म का इस्तेमाल करते हैं : गौहर खान



**एक्ट्रेस गौहर खान** ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकांउट पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की कड़ी आलोचना की है। गौहर खान ने अरविंद केजरीवाल के उस स्टेटमेंट का विरोध किया है जहां उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की थी कि इंडियन करंसी पर गांधी जी के बगल में लक्ष्मी और गणेश जी की तस्वीर लगाई जाए। गौहर का कहना है वो नेता कमजोर होते हैं जो आगे बढ़ने के लिए धर्म का इस्तेमाल करते हैं। अरविंद केजरीवाल के स्टेटमेंट पर गौहर के अलावा कुछ अन्य बॉलीवुड सेलेब्स ने भी काफी विरोध किया है।

### चुनाव जीतने का लालच आपको बना देता है अलग

गौहर खान ने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का बिना नाम लिए लिखा- एक नेता जो मुझे लगा कि उसका मुख्य लक्ष्य विकास करना है वो भी अब राजनीति आगे रहने के अंधे दौड़ में शामिल हो गया। जो राजनेता कमजोर होते हैं वे ही आगे बढ़ने के लिए धर्म का इस्तेमाल करते हैं। सिर्फ चुनाव जीतने का लालच आपको इतना अलग बना सकता है, ये बहुत ही ज्यादा दुखद है। अब अनफॉलो करने का समय है।

### इंडियन करेंसी पर लक्ष्मी और गणेश जी की तस्वीर छापी जाए -केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल की स्टेटमेंट पर गौहर खान के अलावा गुल पनाग,विशाल डडलानी और नकुल मेहता जैसे सेलेब्स का भी तीखा रिएक्शन आया है। बता दें कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में केंद्र सरकार से अपील की है कि इंडियन करेंसी पर लक्ष्मी और गणेश जी की तस्वीर पर छापी जाए। केजरीवाल का कहना है कि देश की इकॉनमी कमजोर होती जा रही है इसलिए अगर हम नोटों पर लक्ष्मी और गणेश जी लगाते है तो देश में इससे धन और वैभव आने की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि लोगों का मानना है कि अरविंद केजरीवाल ने ये बात सिर्फ गुजरात चुनाव को ध्यान में रखते हुए की है।

# फ्रेडी फिल्म का हिस्सा बनकर मैं खुद को लकी मानता हूं : कार्तिक आर्यन

**बॉलीवुड एक्टर** कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'फ्रेडी' सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म में रिलीज होने वाली है। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर ऑफिशियल अनाउंसमेंट करके ये खबर साझा की है। कार्तिक की ये फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हालांकि अभी तक इसकी रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया गया है। मगर माना जा रहा है अगले साल ही ये फिल्म दस्तक देगी।

कार्तिक आर्यन ने इस बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं फ्रेडी का हिस्सा बनकर खुद को लकी मानता हूं। इस फिल्म की कहानी कुछ ऐसी है जिसे मैंने पहले नहीं देखा है। इसने मुझे अपने क्राफ्ट के साथ एक नए प्रयोग करने का मौका दिया है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इसकी रिलीज का मुझे भी बेसब्री से इंतजार है। उम्मीद करता हूं कि ऑडियंस को मेरा ये नया अवतार पसंद आएगा।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये फिल्म अगले ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। शशांक घोष द्वारा डायरेक्टेड थ्रिलर फिल्म 'फ्रेडी' में कार्तिक के साथ अलाया एफ भी नजर आएंगी।

कार्तिक आर्यन के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो 'फ्रेडी' के अलावा 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आएंगे। इस फिल्म में कार्तिक के अलावा कियारा अडवाणी भी नजर आएंगी। इसके साथ ही कार्तिक के पास फिल्म 'आशिकी 3', 'शहजादा' और 'कैप्टन इंडिया' जैसी फिल्में हैं। कार्तिक आखिरी बार भूल भुलैया 2 में नजर आए थे।



# राजघराने से ताल्लुक रखती हैं अदिति राव हैदरी, 21 साल की उम्र में इस एक्टर से कर ली थी शादी



**बॉलीवुड** की कई पीरियड फिल्मों में अभिनेत्रियों ने राजकुमारियों के किरदार निभाए हैं। फिल्मों में इनकी वेशभूषा देखकर लगता है कि मानों यह सच में ही राजघराने से हैं। लेकिन आज हम बात फिल्मों की नहीं बल्कि रियल राजकुमारी की करेंगे। हम बात कर रहे हैं हिंदी और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा अदिति राव हैदरी की। अदिति हर साल 28 अक्तूबर को अपना जन्मदिन मनाती हैं। उनके बर्थडे पर आइए जानते हैं उनसे जुड़ी खास बातें...

अदिति का जन्म हैदराबाद में साल 1985 में हुआ था। वह राजघराने से ताल्लुक रखती हैं। उनके परदादा अकबर हैदरी 1869 से 1941 तक हैदराबाद के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वहीं, उनके चाचा मोहम्मद सालेह अकबर हैदरी भी असम के राज्यपाल रह चुके हैं। आदिति की मां भी राजघराने की थीं। उनके नाना जे रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे।

आदिति की मां ने लव मैरिज की थी, लेकिन उनकी शादी ज्यादा समय तक नहीं चल सकी। जिस समय उनके माता-पिता अलग हुए तब उनकी उम्र महज दो साल थी। तलाक के बाद पिता अदिति को साथ में रखना चाहते थे लेकिन एक्ट्रेस ने अपनी मां का साथ चुना। एक इंटरव्यू के दौरान अदिति ने खुद इस बात का खुलासा किया था। अदिति की मां एक ठुमरी गायिका हैं। वहीं, अदिति भरतनाट्यम में पारंगत हैं। बहुत कम लोगों को यह मालूम होगी कि 17 साल की उम्र में ही अदिति एक एक्टर को डेट करने लगी थीं।

इसके चार साल के बाद 2007 में दोनों ने शादी भी कर ली थी। इस एक्टर का नाम सत्यदीप मिश्रा है। शादी की बात उन्होंने पब्लिक में नहीं आने दी और बाद में 'दिल्ली 6' से बॉलीवुड में कदम रखा।

हालांकि 2006 में ही उन्होंने एक्टिंग में अपना डेब्यू मलयालम फिल्म से ही कर लिया था। अदिति रिश्ते में आमिर की साली लगती थीं। वह किरण राव की ममेरी बहन हैं। फिल्मी करियर की बात करें तो अदिति अब तक रॉकस्टार, मर्डर 3, बॉस, खूबसूरत, वजीर और फितूर जैसी बड़ी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# विराट के साथ चमके सूर्यकुमार, राहुल विदेश में एक बार फिर फेल, गेंदबाजों ने किसी को नहीं छोड़ा



पाकिस्तान के खिलाफ पहली परीक्षा पास करने के बाद टीम इंडिया ने सिडनी में नीदरलैंड के खिलाफ भी जीत हासिल कर ली। मेलबर्न फतेह के बाद सिडनी में भारतीय शेरों ने जबरदस्त खेल दिखाया। रोहित शर्मा की टीम ने 56 रनों से बड़ी जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके दो मैचों में चार अंक हो गए हैं और वह +1.425 नेट रनरेट के साथ शीर्ष पर है। टीम के लिए यह मैच मिला-जुला रहा। सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली, रोहित शर्मा और गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया तो केएल राहुल ने टीम प्रबंधन को चिंता में डाल दिया है।

भारतीय टीम को रविवार को पर्थ की तेज पिच पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना है। ऐसे में भारत के लिए नीदरलैंड के खिलाफ यह मुकाबला एक तरह से अभ्यास मैच था। अफ्रीकी बल्लेबाजों और गेंदबाजों से पार पाने के लिए टीम इंडिया ने अपनी तैयारियों को पुख्ता किया। विराट ने मेलबर्न में खेली गई अपनी पारी को एक तरह से सिडनी में आगे बढ़ाया। वह उसी अंदाज में यहां भी खेलते दिखे। रोहित शर्मा ने शुरुआती ओवरों में संघर्ष करने के बाद अर्धशतक लगा दिया। सूर्यकुमार का विस्फोटक अंदाज पहली बार इस टूर्नामेंट में देखने को मिला।

**मैच में क्या हुआ?**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में दो विकेट गंवाकर 179 रन बनाए। कोहली ने 62, रोहित ने 53 और सूर्यकुमार ने नाबाद 51 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 123 रन ही बना सकी। नीदरलैंड के लिए टिम प्रिंगल ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाए। भारत की ओर से भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने दो-दो विकेट लिए।

**मैच का टर्निंग पॉइंटः**

रोहित शर्मा का कैच छूटनाः भारत की पारी के पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर रोहित शर्मा को जीवनदान मिला। रोहित उस समय 13 रन बनाकर खेल रहे थे। फ्रेड क्लासेन की गेंद पर प्रिंगल ने उन्हें जीवनदान दिया।



इसके बाद अगले ओवर की चौथी गेंद पर रोहित को फिर से जीवनदान मिला। उस समय वह 15 रन बनाकर खेल रहे थे। फिर से प्रिंगल ही उनका कैच नहीं ले पाए। इस बार गेंदबाज वान मिकेरेन थे। दो कैच छूटने के बाद रोहित ने गियर बदला और तेजी से रन बनाने लगे। दो कैच और भारतीय बल्लेबाज नीदरलैंड पर पूरी तरह हावी हो गए।

रोहित चले, लेकिन राहुल ने फिर किया निराशः भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पारी की शुरुआत में कुछ देर संघर्ष किया। गेंद उनके बल्ले पर सही से नहीं आ रही थी। रोहित जब सेट हो गए तो उन्होंने तेजी से रन बनाए। हालांकि, दो जीवनदान जरूर मिले, लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले अच्छा अभ्यास किया। रोहित के साथी केएल राहुल इस मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे। वह 12 गेंद पर नौ रन बनाकर आउट हो गए। राहुल एलबीडब्ल्यू हुए। रीप्ले में यह साफ दिख रहा था कि गेंद विकेट से बाहर जा रही थी। राहुल अगर रिव्यू ले लेते तो बच जाते। उन्होंने ऐसा नहीं किया। पाकिस्तान के खिलाफ भी उनका बल्ला नहीं चला था।

विराट कोहली का जलवा कायमः कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई मैदानों पर अपना वर्चस्व कायम रखा है। मेलबर्न के बाद अब सिडनी में उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली। विराट अंत तक टिके रहे। उन्होंने एक छोर संभाले रखा और तेजी से रन भी बनाए। कोहली ने 44 गेंद की पारी में नाबाद 62 रन बनाए। इस दौरान विराट के शानदार शॉट्स देखने को मिले। उन्होंने एक्स्ट्रा कवर के ऊपर एक ऐसा छक्का मारा, जिसे लोग कई दिनों तक याद रखेंगे।

सूर्यकुमार ने निराशा को पीछे छोड़ाः शीर्ष चार बल्लेबाजों में सूर्यकुमार एक ऐसे खिलाड़ी थे, जो फॉर्म में होते हुए भी पाकिस्तान के खिलाफ फेल हो गए थे। उनका आउट होना भारतीय फैंस को बहुत खला था। सूर्यकुमार ने उस कमी को सिडनी में पूरा किया। उन्होंने विराट का भरपूर साथ दिया और तेजी से रन बनाए। सूर्यकुमार का आत्मविश्वास इस पारी से बढ़ा होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले सूर्यकुमार का फॉर्म में आना टीम के लिए शुभ संकेत हैं।

भुवनेश्वर, अक्षर और अश्विन की शानदार गेंदबाजी ने किया प्रभावितः भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की। भुवनेश्वर अपने पुराने रंग में लौट चुके हैं। उन्होंने दो ओवर मेडन फेंके। चार ओवर में सिर्फ नौ रन ही दिए। इस दौरान दो विकेट लिए। शमी ने उनका बखूबी साथ निभाया और चार ओवर में 27 रन देकर एक विकेट लिया।

स्पिन में अश्विन और अक्षर ने बल्लेबाजों को बांधे रखा। अश्विन ने चार ओवर में 21 रन देकर दो और अक्षर ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट झटके। अर्शदीप ने भी दो विकेट लिए, लेकिन वह थोड़े महंगे रहे। उन्होंने चार ओवर में 37 रन दिए। हार्दिक ने एक ओवर किया। इस दौरान नौ रन दिए।



# टी20 विश्व कप में छक्कों के मामले में युवराज से आगे निकले हिटमैन रोहित



टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत ने सुपर-12 राउंड के ग्रुप-2 में पाकिस्तान के बाद नीदरलैंड को भी हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ग्रुप-2 में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसके दो मैचों में चार अंक हैं। इस मैच में भारतीय टीम की बल्लेबाजी शानदार रही। कप्तान रोहित के अलावा विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

इन तीनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने नीदरलैंड के सामने 20 ओवर में 180 रन का लक्ष्य रखा। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 29वां अर्धशतक लगाया। उन्होंने 39 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली। अपनी पारी में रोहित ने चार चौके और तीन छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 135.90 का रहा। रोहित ने अपनी पारी के दौरान कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। उन्होंने भारत के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को भी एक मामले में पीछे छोड़ दिया।

रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अब तक टी20 वर्ल्ड कप में 35 मैचों में 34 छक्के लगाए हैं। इस मामले में रोहित ने युवराज को पीछे छोड़ दिया। युवराज ने 31 टी20 वर्ल्ड कप मैचों में 33 छक्के लगाए थे। टी20 वर्ल्ड कप में ओवरऑल सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 33 मैचों में 63 छक्के लगाए हैं। दूसरे नंबर पर रोहित और तीसरे नंबर पर युवराज सिंह हैं।

इसके अलावा रोहित ने टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस मामले में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ दिया है। दिलशान ने टी20 वर्ल्ड कप में 35 मैचों में 897 रन बनाए थे। वहीं, रोहित के नाम अब इस टूर्नामेंट में 35 मैचों में 904 रन हैं। इसमें नौ अर्धशतक शामिल है। टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन श्रीलंका के महेला जयवर्धने के नाम है।

उन्होंने 31 टूर्नामेंट में 31 मैचों में 39.07 की औसत और 134.74 के स्ट्राइक रेट से 1016 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं। उन्होंने 23 मैचों में 89.90 की औसत और 132.04 के स्ट्राइक रेट से 989 रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर गेल हैं। उन्होंने 33 मैचों में 34.46 की औसत और 142.75 के स्ट्राइक रेट से 965 रन बनाए हैं।

# 'दक्षिण अफ्रीका के पास रबाडा और नॉट्र्जे हैं तो हमारे पास विराट भाई हैं' : अक्षर पटेल



भारतीय टीम ने मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में उम्मीद के मुताबिक धमाकेदार शुरूआत की और अपने शुरूआती दोनों मुकाबले जीत लिए हैं। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने सबसे पहले चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 4 विकेट से हराया। फिर नीदरलैंड्स को 56 रन से मात दी। विराट कोहली ने इन दोनों ही मैचों में शानदार पारी खेली।

भारतीय टीम को अब रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला पर्थ में खेलना है। टीम इंडिया के लिए यह मैच चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि प्रोटियाज टीम के पास गजब के तेज गेंदबाज हैं और वह विरोधी टीम के बल्लेबाजों की परीक्षा ले सकते हैं।

भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले अहम प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के पास अगर एनरिक नॉट्र्जे और कगिसो रबाडा जैसे तेज गेंदबाज हैं तो भारत के पास फॉर्म में चल रहे विराट कोहली हैं। अक्षर ने साथ ही कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला महत्वपूर्ण रहेगा। पटेल ने कहा, 'हम इस बारे में योजना बनाएंगे। हम अपना नॉर्मल क्रिकेट खेलेंगे और उछाल भरी पिच की चिंता नहीं करेंगे। तथ्य यह है कि उनके पास एनरिक नॉट्र्जे और कगिसो रबाडा जैसे गेंदबाज है। हमारे पास भी विराट भाई हैं, जो फॉर्म में हैं।'

अक्षर पटेल ने नीदरलैंड्स के खिलाफ 4 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए। अपनी गेंदबाजी के बारे में बात करते हुए पटेल ने कहा, 'गेंदबाज के सामने कभी बल्लेबाज मौके का लाभ उठाने की कोशिश करता है और सफल भी होता है। मैंने हमारे गेंदबाजी कोच के साथ वीडियो देखे, जिसमें पाया कि लाइन और लेंथ अच्छी है, लेकिन एक गेंद सही नहीं जा रही थी। कभी अगर आप अच्छी बॉल पर बीट हो जाओ तो फिर इसके बारे में लगातार सोचते रहते हैं और आप वापसी नहीं कर पाते हैं।'

# सूर्यकुमार यादव अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दबाव हटा देते हैं : गौतम गंभीर

भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लेकर पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि इस भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव से बेहतर कोई बल्लेबाज नहीं है। गौतम गंभीर के मुताबिक सूर्यकुमार यादव अपनी बल्लेबाजी से सीनियर खिलाड़ियों के ऊपर से दबाव एकदम हटा देते हैं और इसी वजह से वो काफी जबरदस्त बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार यादव टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मुकाबले में पूरी तरह फ्लॉप रहे। जरूरत के समय वो टीम के लिए अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सके लेकिन नीदरलैंड के खिलाफ मैच में उन्होंने काफी बेहतरीन बल्लेबाजी की। सूर्यकुमार यादव ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच में 25 गेंदों में ही नाबाद 51 रनों की पारी खेली। विराट कोहली के साथ मिलकर उन्होंने काफी अच्छी साझेदारी की।



गौतम गंभीर उनकी इस पारी से काफी ज्यादा प्रभावित नजर आए। मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, सूर्यकुमार यादव नंबर चार पर खेलने के लिए आते हैं और वहां पर आपको पहले छह ओवरों में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलता है। इसके बावजूद वो जबरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ करीब 1000 रन बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने काफी सारा प्रेशर सीनियर खिलाड़ियों के ऊपर से हटा दिया है। चाहे वो विराट कोहली हों, रोहित शर्मा या फिर केएल राहुल ही क्यों ना हों। जब भी सूर्यकुमार यादव ने बैटिंग की है उन्होंने काफी आक्रामक तरीके से खेला है। वो टॉप-थ्री के ऊपर से दबाव हटा देते हैं और इसी वजह से भारतीय टीम इस मैच में 179 रन बनाने में कामयाब रही

## वीरेंदर सहवाग ने पाकिस्तान का उड़ाया मज़ाक, जिम्बाब्वे से हार के बाद ट्विटर पर अनोखा बयान

**टी20 वर्ल्ड कप** 2022 में अब तक काफी उलटफेर देखने को मिले हैं। इस कड़ी में सबसे बड़ा उलटफेर पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच मैच में देखने को मिला। जिम्बाब्वे ने कम स्कोर के बाद भी पाकिस्तान को 1 रन से हराते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान की टीम अब लगभग बाहर हो गई है। उनको अन्य टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। पहले खेलते हुए जिम्बाब्वे की टीम ने 8 विकेट पर 130 रनों का छोटा स्कोर बनाया। हालांकि इस स्कोर के बाद किसी ने नहीं सोचा था कि जिम्बाब्वे के गेंदबाजी कड़ी टक्कर देते हुए पाकिस्तान की टीम को पराजित कर देगी। पाक टीम को जिम्बाब्वे ने 8 विकेट पर 129 रनों के स्कोर पर रोकते हुए इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे की जीत के बाद ट्विटर पर बड़ी प्रतिक्रियाएँ देखने को मिली। हर किसी ने जिम्बाब्वे की सराहना की। वीरेंदर सहवाग ने पाकिस्तान का मजाक बनाया।



# भारत-नीदरलैंड मैच के बीच एक लम्हा प्यार भरा : लड़के ने घुटने के बल बैठकर किया प्रपोज, प्रेमिका ने रिंग पहनकर लगाया गले

**भारत और** नीदरलैंड के बीच गुरुवार को सुपर-12 का मुकाबला सिडनी में खेला गया। भारत ने 2 विकेट खोकर 179 रनों का स्कोर खड़ा किया। नीदरलैंड 56 रन से यह मैच हार गया। बहरहाल, बाउंड्री लाइन्स के दूसरी तरफ यानी स्टैंड्स में कुछ ऐसा हुआ जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, मैच के दौरान एक भारतीय जोड़ा स्टेडियम में मौजूद था। लड़के ने घुटनों के बल बैठकर लड़की को प्रपोज किया। लड़की ने भी बिना देर किए इस प्रपोजल को एक्सेप्ट कर लिया। इसके बाद लड़के ने लड़की को अंगूठी पहनाई। इस दौरान फैंस मैच छोड़कर उस लड़के को चीयर करने लगे। जैसे ही लड़की ने 'हां' कहा, लड़के के साथ वहां मौजूद सभी लोगों ने इसका जश्न मनाया। बाद में लड़के ने लड़की को गले लगा लिया। इतना ही नहीं, कैमरे ने भी चंद सेकेंड के लिए इस मोमेंट को कैद किया और इसे मैदान पर लगी बिग स्क्रीन पर ब्रॉडकास्ट भी किया।

**ऐसा पहली बार नहीं**

ये पहली बार नहीं है, जब किसी मैच के दौरान फैंस ने इस तरह किसी लड़का/लड़की को प्रपोज करते देखा हो। चलिए, नजर डालते हैं ऐसे ही उन तीन मोमेंट्स पर, जो पहले भी क्रिकेट ग्राउंड के स्टैंड्स से सामने आए और लोगों को खुश कर गए।





एशेज सीरीजः पिछले साल एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच गाबा में चल रहे मुकाबले के दौरान इंग्लैंड के एक युवा ने ऑस्ट्रेलियाई लड़की को प्रपोज किया था। प्रपोजल स्वीकार कर लड़की ने लड़के को गले लगा लिया। इसके बाद वह रिंग पहनते हुए भी दिखाई दी। वहां मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर दोनों को बधाई दी। लड़की का नाम नताली और लड़के का नाम रॉब था। मैदान में लगी स्क्रीन पर इस अनोखे प्रपोजल को दिखाया गया था।

## ऋषभ पंत की गर्लफ्रेंड ने ठुकराई फैन की मांग, लिखा- ये मैं कर लेती हूं उसे...



भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में हैं। वह टीम इंडिया के साथ हैं, लेकिन पहले मैच में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। भारत का दूसरा मैच नीदरलैंड के साथ है और इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा कुछ खिलाड़ियों को आराम दे सकते हैं। ऐसे में ऋषभ पंत को खेलने का मौका मिल सकता है। अगर पंत इस मौके को भुना पाते हैं तो भारत की टी20 टीम में भी अपनी जगह पक्की कर सकते हैं।

पंत की गर्लफ्रेंड ईशा नेगी ने हाल ही में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने अपने फैंस से इस चैनल को लेकर सुझाव मांगे। उन्होंने एक वीडियो अपलोड कर अपने चैनल के बारे में बताया और लिखा मेरे चैनल पर पहला यूट्यूब वीडियो। अभी देखें और अगले वीडियो के लिए कमेंट सेक्शन में सुझाव दें। इसके बाद कई लोगों ने उनके यूट्यूब चैनल पर पंत को देखने की इच्छी जताई। एक फैन ने लिखा हम आपके यूट्यूब चैनल पर ऋषभ पंत को चाहते हैं। हालांकि, ईशा ने उनकी मांग नहीं मानी और जवाब में लिखा ये मैं कर लेती हूं, उसको टीम में फोकस करने देते हैं।





## टाटा ग्रुप की कंपनी का मुनाफा 3 गुना उछला, फिर भी शेयर बेच निकले निवेशक

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा केमिकल्स ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में नेट प्रॉफिट लगभग तीन गुना होकर 628 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 221 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। आय



में इजाफाः तिमाही में कंपनी की शुद्ध आय भी 39.62 प्रतिशत बढ़कर 4,299 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3,079 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी का खर्च भी 2,805 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,623 करोड़ रुपये हो गया। शेयर में बिकवालीः सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन टाटा समूह की इस कंपनी के शेयर का भाव करीब 5% लुढ़क चुका है। कारोबार के दौरान शेयर का भाव 1126 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैपिटल की बात करें तो 28,807.84 करोड़ रुपये है।

## पटरी पर लौटी अमेरिका की अर्थव्यवस्था

### जो बाइडेन ने ली राहत भरी सांस !

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के लिए गुड न्यूज आई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार साल की तीसरी तिमाही में अमेरिका की जीडीपी की रफ्तार 2.6 प्रतिशत रही है। पिछली दो तिमाही में दुनिया के सबसे ताकतवर देश की अर्थव्यस्था पटरी से उतर गई थी। जनवरी से मार्च और फिर अप्रैल से जून तक की तिमाही के दौरान अमेरिकी इकोनॉमी की ग्रोथ रेट निगेटिव थी। नए आंकड़ों के सामने आने से जो बाइडेन सरकार ने राहत की सांस ली है। बता दें, अमूमन माना जाता है कि जब किसी देश की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट लगातार दो तिमाही



के दौरान निगेटिव रहे तो फिर वह देश मंदी का शिकार हो गया है। गुरुवार को जारी ब्यूरो इकोनॉमिक एनालिसिस ने कहा, "जीडीपी के आंकडे.दर्शाते हैं कि एक्सपोर्ट में इजाफा हुआ है, कंज्यूमर स्पेंडिंग बढ़ी है, नॉन रेसिडेंशियल फिक्सड इनवेस्टमेंट बेहतर हुआ है। फेडरल गर्वमेंट और स्टेट गर्वमेंट की स्पेंडिंग में इजाफा देखने को मिला है।" रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से दुनिया भर के देश इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसें में अमेरिका की जीडीपी के ये ताजा आंकडे. कुछ राहत देने का काम जरूर करेंगे। साल की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च के दौरान अमेरिकी की जीडीपी रफ्तार निगेटिव 1.6 प्रतिशत थी। जबकि साल की दूसरी तिमाही के दौरान अमेरिकी की जीडीपी निगेटिव 0.6 प्रतिशत थी। गुरुवार को जारी किए ताजा आंकड़ों में अभी बदलाव संभव है। पूरा सही आंकड़ा 30 नवबंर 2022 को जारी किया जाएगा। बता दें, इससे पहले जुलाई में यूएस प्रेसिडेंट जो बाइडेन ने कहा था कि देश की अर्थव्यस्था पूरी तरह से मंदी की ओर नहीं जा रही है। बाइडेन ने इसी जुलाई में बेरोजगारी को लेकर चिंता व्यक्त की थी। हालांकि, उन्हें इस बात का भरोसा था कि स्थितियों में सुधार होगा। उन्हें कहा था, "मुझे नहीं लगता कि हम मंदी की ओर जा रहे हैं।" बता दें, अमेरिका मे पिछले 40 साल में मंहगाई सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। जिसको नियंत्रित करने के लिए यूएस फेड ने ब्याज दरों को बढ़ा दिया था। जिसके बाद भारत सहित अन्य देशों के सेंट्रल बैंक ने भी ब्याज दरों को बढ़ाया था।

## तेजी में बंद हुआ शेयर बाजार:सेंसेक्स 203 अंक बढ़कर 59,950 पर बंद



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटिव संकेतों से शेयर बाजार में हफ्ते के पांचवें और आखिरी कारोबारी दिन, यानी शुक्रवार (28 अक्टूबर) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 203 अंकों की तेजी के साथ 59,959 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 अंक बढ़कर 17,786 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी देखने को मिली। वहीं 10 शेयरों में गिरावट रही।

**मारुति-रिलायंस टॉप गेनर**

मारुति, रिलायंस अपोलो हॉस्पिटल, एनटीपीसी, हीरो मोटोकॉर्प, पावर ग्रिड, एम एंड एम, ओएनजीसी, कोल इंडिया समेत 30 शेयर्स निफ्टी-50 के गेनर्स रहे। टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, सन फार्मा, ग्रासिम, डिविस लैब, हिंडाल्को, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील समेत 19 शेयर्स निफ्टी के लूजर्स हैं। वहीं निफ्टी-50 के 1 शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी**

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 में गिरावट देखने को मिली। वहीं सिर्फ ऑटो सेक्टर में 1.63% की तेजी रही।

फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, पीएसयू बैंक, बैंक, प्राइवेट बैंक, रियल्टी, आईटी मेटल, मीडिया और फार्मा सेक्टर में गिरावट रही।

**गुरुवार को तेजी में बंद हुआ था बाजार**

घरेलू बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 212.88 अंक या 0.36% बढ़कर 59,756.84 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 80.60 अंक या 0.46%% की तेजी देखने को मिली। ये 17,736.95 पर बंद हुआ था।

## महंगाई को रोकने से विफल रहने पर आरबीआई ने उठाया कडा कदम



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन नवंबर को एक अतिरिक्त व बिना पूर्व निर्धारित मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक बुलाई है। रिजर्व बैंक की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि यह मीटिंग रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट 1934 के तहत सेक्शन 45जेडएन के प्रावधानों के तहत बुलाई गई है। जानकारों के मुताबिक आमतौर पर आरबीआई ऐसा कदम महंगाई दर को निर्धारित सीमा में रखने में विफल रहने पर उठाता है। भारत में खुदरा महंगाई दर सितंबर महीने में बढ़कर 7.41 प्रतिशत पर पहुंच गई है। बता दें कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के लिए इसे दो फीसदी से छह फीसदी के बीच रखना जरूरी है पर लगातार तीसरी तिमाही में महंगाई की दर छह फीसदी से अधिक रही। नियमों के तहत अब आरबीआई के सरकार को यह बताना जरूरी हो गया है कि बढ़ती महंगाई को क्यों नियंत्रित नहीं किया जा सका है? लचीले मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे के तहत यदि सीपीआई (कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स) आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन तिमाहियों के लिए तय 2 से 6 प्रतिशत की सीमा से बाहर रहे तो आरबीआई को मूल्य वृद्धि के प्रबंधन में विफल माना जाता है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से महीने की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 7.41 प्रतिशत हो गई, यह पिछले महीने सात प्रतिशत पर थी। बता दें कि नवंबर में बुलाई गई आउट ऑफ टर्न बैठक के बाद आरबीआई के एमपीसी की अगली बैठक दिसंबर महीने के पांच से सात तारीख के बीच पूर्व निर्धारित है।

## ग्राहकों की प्रतिभूतियों की सुरक्षा पर सेबी चीफ ने कही बड़ी बात

### तकनीक के मामले में भारत सबसे बेहतर



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा है कि ग्राहकों की प्रतिभूतियों को संरक्षित करने के लिए तकनीक के इस्तेमाल के मामले में भारत से बेहतर दुनिया में कोई देश नहीं है। उन्होंने कहा है कि हमारे यहां ग्राहकों की प्रतिभूतियों की सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। सेबी प्रमुख ने कहा कि विदेशी निवेशक अक्सर उन्हें कहते हैं कि वह भाग्यशाली हैं कि देश में डेटा और प्रौद्योगिकी की संस्कृति है, जो पूंजी बाजार नियामक की भूमिका को प्रभावी बना रही है। बुच ने 'पूंजी बाजार में डेटा और प्रौद्योगिकी' विषय पर हुए कार्यक्रम में अपने व्याख्यान के दौरान कहा है कि पूरे बाजार में तकनीक के क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। हमने प्रतिभूतियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वो किया है जो दुनिया में कहीं भी कभी नहीं किया गया है। आज ग्राहकों की मार्जिन व प्रतिभूतियों की सुरक्षा के मामले भारत से बेहतर दुनिया का कोई भी देश नहीं है।

## ब्रिटेन के पीएम का इंफोसिस कनेक्शन

### वाइफ को एक झटके में 64 करोड़ का 'फायदा'

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऋषि सुनक हाल में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने हैं। भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस से उनका सीधा कनेक्शन है। दरअसल, ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति हैं। अक्षता, इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की बेटी हैं। इंफोसिस में अक्षता मूर्ति की बड़ी हिस्सेदारी है। इंफोसिस वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अपने शेयरहोल्डर्स को हर शेयर पर 16.50 रुपये का अंतरिम डिविडेंड दे रही है। कंपनी ने अंतरिम डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट 28 अक्टूबर 2022 फिक्स की है। इसका मतलब है कि जिन इनवेस्टर्स के पास रिकॉर्ड डेट को इंफोसिस के शेयर होंगे, उन्हें अंतरिम डिविडेंड मिलेगा। सितंबर 2022 तिमाही के



शेयरहोल्डिंग डेटा के मुताबिक, ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति के पास इंफोसिस के 3,89,57,096 शेयर हैं। कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 1.07 पर्सेंट है। इंफोसिस हर शेयर पर 16.50 रुपये का अंतरिम डिविडेंड दे रही है। इस हिसाब से अक्षता मूर्ति को इंफोसिस से अंतरिम डिविडेंड के रूप में 64,27,92,084 या 64.27 करोड़ रुपये मिलेंगे। अक्षता मूर्ति और ऋषि सुनक की शादी साल 2009 में हुई है। आईटी कंपनी इंफोसिस के शेयर पिछले 5 साल में 225 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 3 नवंबर 2017 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 463.33 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 28 अक्टूबर 2022 को बीएसई में 1509.40 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। वहीं, शुरुआत से लेकर अब तक इंफोसिस के शेयरों ने 158000 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 22 मार्च 1996 को सिर्फ 96 पैसे के स्तर पर थे। वहीं, इस साल अब तक इंफोसिस के शेयरों में करीब 21 पर्सेंट की गिरावट आई है।

## वॉल स्ट्रीट का पूर्वानुमान गलत साबित हुआ

### सितंबर तिमाही में 90 अरब डॉलर पर पहुंचा राजस्व

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। एपल तीसरी तिमाही दौरान वॉल स्ट्रीट के पूर्वानुमानों को गलत ठहराने वाली एकमात्र बड़ी टेक कंपनी है। एपल का सितंबर तिमाही में 8 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.15 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया है। हालांकि एपल की सेवा व्यवसाय इकाई, जिसमें ऐप स्टोर और एप्पल टीवी + और एप्पल म्यूजिक जैसी सदस्यता सेवाएं शामिल हैं ने सितंबर तिमाही की अवधि में केवल 19.19 बिलियन अमरीकी डालर का राजस्व अर्जित किया है। बता दें कि वॉल स्ट्रीट के जानकारों ने एपल के रिजल्ट्स में 88.9 अरब अमेरिकी डॉलर के कुल राजस्व की उम्मीद जतायी थी। पिछले



वर्ष की तुलना में इसमें महज पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष यह वृद्धि 26 प्रतिशत थी।

यह जून 2022 की तिमाही के 416 मिलियन अमरीकी डॉलर के आंकड़े से भी कम है। कंपनी के सीएफओ लूका माएस्ट्री के अनुसार एप्पल की सेवा इकाई, डिजिटल विज्ञापन और गेमिंग कारोबार में कमजोरी दिखी है।

## सोना सस्ता, चांदी महंगी, जीएसटी समेत 14 से 24 कैरेट गोल्ड के आज के भाव

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी की कीमतों में आज बदलाव देखने को मिल रहा है। सर्राफा बाजारों में सोने की कीमत में आज यानी शुक्रवार को 24 कैरेट सोने का भाव 125 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 50654 रुपये पर आ गया है। वहीं, चांदी आज 160 रुपये प्रति किलो महंगी होकर खुली है। अगर सर्राफा बाजारों के रेट की बात करें तो अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5600 रुपये ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 18208 रुपये सस्ती है। 24 कैरेट सोने का जीएसटी समेत भाव 52173 रुपये है। इसमें



99.99 पर्सेंट सोना होता है और इससे कोई जेवर नहीं बनता। 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब जीएसटी के साथ 5200 रुपये से नीचे आ गई है। आज यह 50451 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुली। इसमें 95 पर्सेंट सोना होता है। इस पर अगर ज्वेलर का मुनाफा जोड़ लें तो यह 57160 रुपये पड़ेगा। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के साथ यह 61000 रुपये के पार पहुंच जाएगा। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 46399 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अब 3 फीसद जीएसटी के साथ इस सोने की कीमत 47790 रुपये है। इसमें 85 फीसद गोल्ड होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और ज्वेर का मुनाफा जोड़ने के बाद यह आपको करीब 60000 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट गोल्ड का रेट 37991 रुपये प्रति 10 ग्राम है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत अब 39130 रुपये हो गई है। इसमें 75 प्रतिशत ही सोना होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और मुनाफा जोड़ कर करीब यह 50000 रुपये पड़ेगा। बता दें ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए औसत रेट हैं, जो कई शहरों से लिए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है कि आपके शहर में सोना-चांदी इस रेट से 500 से 2000 रुपये तक महंगा या सस्ता बिक रहे हों।

## क्रिसिल का दावा : गैस की कीमतों में उछाल से 40 हजार करोड़ रुपये बढ़ सकती है खाद सब्सिडी

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेजी से चालू वित्त वर्ष में खाद सब्सिडी 40,000 करोड़ बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पहुंच सकती है। 2022-23 के बजट में खाद सब्सिडी पर 2.15 लाख करोड़ खर्च होने का अनुमान था। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने रिपोर्ट में कहा, प्राकृतिक गैस खाद निर्माण के लिए प्रमुख कच्चा माल है। लेकिन, फरवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से प्राकृतिक गैस के दाम कई गुना बढ़ चुके हैं। रूस प्राकृतिक गैस का दुनिया का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। इसके अलावा, सरकार ने भी एक अप्रैल, 2022 से घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस की कीमतों में 150% की भारी वृद्धि की है।

क्रिसिल के निदेशक नवीन वैद्यनाथन ने कहा, यूक्रेन युद्ध के बीच तिमाही आधार पर जुलाई-सितंबर में गैस की कीमतें 10 फीसदी बढ़ी हैं। उन्होंने बताया, गैस की कीमत में एक डॉलर की वृद्धि से घरेलू स्तर पर उत्पादित खाद पर सब्सिडी का बोझ 7,000 करोड़ रुपये बढ़ जाता है। महंगाई पर रिपोर्ट बनाने को एमपीसी की विशेष बैठक 3



नवंबर को आरबीआई ने 3 नवंबर को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की विशेष बैठक बुलाई है। इसमें महंगाई को लगातार तीन तिमाहियों तक 6% से नीचे रखने में केंद्रीय बैंक के नाकाम रहने से जुड़ी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा, आरबीआई अधिनियम की धारा 45जेडएन के प्रावधानों के अनुरूप एमपीसी की 3 नवंबर को विशेष बैठक बुलाई गई है। इस धारा में प्रावधान है कि महंगाई को तय सीमा के भीतर रख।

## मस्क-ट्विटर डील: कभी हां

### कभी ना के बीच मालिक बने एलन मस्क, सीईओ को हटाया

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कभी हां, कभी ना के बीच एलन मस्क ट्विटर के नए मालिक बन गए हैं और उन्होंने सोशल मीडिया कंपनी की कमान संभाल ली है। कमान अपने हाथ में लेते ही उन्होंने चार शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों को हटा दिया है, जिनमें भारतीय मूल के सीईओ (मुख्य कार्यकारी) पराग अग्रवाल और कानूनी मामलों के कार्यकारी अधिकारी विजय गड्डे भी शामिल हैं। 2 अप्रैल 2022ः एलन मस्क ने 2 अप्रैल को ऐलान किया कि वह कंपनी के सबसे बड़ शेयर होल्डर्स हैं। उनके पास ट्विटर के 9.2 फीसद शेयर्स हैं। 14 अप्रैल 2022ः इसके बाद उन्होंने 14 अप्रैल को ट्विटर को 54.20



डॉलर प्रति शेयर पर खरीदने का ऑफर दिया और कंपनी की कुल कीमत 44 अरब डॉलर लगाई। 25 अप्रैल 2022ः ट्विटर ने एलन मस्क के इस ऑफर को मान लिया और 29 अप्रैल को 8 अरब डॉलर के टेस्ला के शेयर मस्क ने इस लिए बेचे ताकि इस डील को फाइनल किया जा सके। 13 मई 2022ः एलन मस्क ने डील में नया मोड़ लाते हुए कहा कि ट्विटर में बोट अकाउंट रिव्यू होने तक यह डील होल्ड रहेगी। इसके बाद 26 मई 2022 को ट्विटर ने आरोप लगाया कि मस्क ने ट्विटर स्टॉक मैनिपुलेट किया। इसके बाद उन पर केस दर्ज किया गया। 8 जुलाई 2022ः इस दिन एलन मस्क डील से पीछे हटते हुए, सौदा रद्द करने का एलान किया और इसके जवाब में ट्विटर ने मस्क पर मुकदमा ठोकदिया। 4 अक्टूबर 2022ः मस्क थोड़ा पीछे हटते हुए ओरिजनल प्राइस पर ट्विटर डील को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। 17 अक्टूबर 2022ः अमेरिकी राज्य डेलावेयर में मस्क-ट्विटर डील आगे बढ़ाने की डेट तय की। 26 अक्टूबर 2022ः मस्क ने गुरुवार को ट्विटर को खरीद लिया। इसके कुछ घंटे बाद ही सीईओ पराग अग्रवाल को हटा दिया। उनके साथ दो और ऑफिसर्स- चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर नेड सहगल और लीगल अफेयर्स एंड पॉलिसी चीफ विजया गड्डे को भी बर्खास्त कर दिया। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने अपनी खबर में कहा कि मस्क ने बृहस्पतिवार को ट्विटर को खरीदने के 44 अरब अमेरिकी डॉलर के करार को अमलीजामा पहना दिया। खबर में इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से कहा गया है कि मस्क ने "कम से कम चार शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों को हटाने के साथ ही ट्विटर से अधिकारियों की छुट्टी का सिलसिला शुरू कर दिया है।"

## सब्जियों-खाद्य तेल की कीमतों में आया उछाल

### 100 रुपये प्रति किलो के पार पहुंचीं कई सब्जियां

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारी मौसम में लोगों को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। बीते डेढ़ सप्ताह के अंदर सब्जियों की कीमतों में उछाल आया है। तोरई, शिमला मिर्च और बीन्स की कीमतें 100 रुपये के पार पहुंच गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि सामान्य तौर पर जब मौसम बदलने का समय होता है तो सब्जियों की आवक कम हो जाती है, जिससे कीमतें बढ़ जाती हैं। लेकिन, इस बार बारिश भी देरी तक हुई थी जिसके चलते नई फसल बर्बाद हुई। इससे नई फसल की आवक में देरी हो रही है। इन्हीं कारणों के चलते कीमतें बढ़ रही हैं। उधर, खाद्य तेलों की कीमतों में भी करीब 15 फीसदी की तेजी आई है। आजादपुर मंडी के आढ़ती जयकिशन का कहना है कि इस बार नई फसल के आने में देरी हो रही है, जिससे बाजार के अंदर माल की उपलब्धता कम हो गई है। इन दिनों तक पंजाब, हिमाचल प्रदेश और तराई के क्षेत्र से टमाटर की आवक शुरू हो जाती थी, लेकिन बारिश होने से वहां काफी फसल बर्बाद हो गई



थी। अभी मध्यप्रदेश, राजस्थान और कुछ अन्य हिस्सों से टमाटर की आवक हो रही है। यही हाल तोरई और लौकी का है। दोनों ही सब्जियां गर्मियों के सीजन की हैं, लेकिन इनकी आवक ठंड होने तक भरपूर बनी रहती है। लेकिन, बारिश होने से फसल को नुकसान हुआ था। कीमतों में उछाल के पीछे मांग बढ़ने को भी जिम्मेदार माना जा रहा है। आढ़ती राजकुमार भाटी ने बताया कि त्योहार में मांग बढ़ती है। त्योहारों पर सब्जियों की मांग होती है। गोभी, बींस, बैंगन, शिमला मिर्च, लौकी, तोरई और कद्दू जैसी सब्जियों को ज्यादा खरीदा जाता है। एक सब्जी विक्रेता ने बताया कि लौकी, तोरई, शिमला मिर्च जैसी सब्जियां कम मिल पा रही हैं। जो मिल रही हैं उनकी गुणवत्ता खराब है। अच्छी गुणवत्ता वाली सब्जियां महंगी हैं, जिसके चलते हमे भी महंगी बेचनी पड़ रही है। सब्जी पैक आती है। उसमें कुछ पहले से खराब होती हैं। कुछ बेचने के दौरान खराब हो जाती हैं, इसलिए बीते 10 दिनों के अंदर कीमतों में काफी तेजी आई है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री हेमंत गुप्ता ने कहा कि बीते करीब तीन सप्ताह के अंदर खाद्य तेलों की कीमतों में करीब 15 फीसदी की तेजी आई है। इसके दो बड़े कारण हैं। पहला, हम बड़ी मात्रा में खाद्य तेल आयात करते हैं और बीते कुछ हफ्तों के दौरान रुपये के मुकाबले डॉलर मजबूत हुआ है, जिससे आयात करने वाले व्यापारियों को ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। दूसरा, अमेरिका, मलेशिया और इंडोनेशिया में खाद्य तेलों के दाम बढ़े हैं, क्योंकि वहां फसल कम रहने का अनुमान है। इन सभी का कीमतों पर असर दिख रहा है।

# वुहान में तीन साल बाद फिर लॉकडाउन

## एक हफ्ते में मिले कई नए कोरोना केस



वुहान, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोरोना महामारी के नए सिरे से सिर उठाने के बाद चीन के वुहान शहर में तीन साल बाद फिर लॉकडाउन लगा दिया गया है।वुहान में कोरोना वायरस का दुनिया का पहला मामला सामने आया था। इस हफ्ते वुहान में कोरोना के 20 से 25 नए मामले दर्ज हुए हैं। 2019 में भी कोरोना का पहला केस मिलने के बाद वुहान में लॉकडाउन लगाया गया था। अब एक बार फिर कई मामले सामने आए हैं, इसलिए लॉकडाउन लगा दिया गया है। वुहान कोरोना के बाद पूरी दुनिया में चर्चित हो गया है।

यहां 2019 के अंत में विश्व का पहला कोरोना केस मिला था और यहीं दुनिया में सबसे पहले लॉकडाउन लगा था। इस सप्ताह वुहान में कोरोना के 20 से 25 नए मामले सामने आए हैं, हालांकि इस महामारी के पूर्व अनुभवों को देखते हुए यह संख्या मामूली है, लेकिन चीन में जीरो कोविड नीति लागू है, इसलिए वहां तुरंत काबू करने के लिए लॉकडाउन व अन्य सख्त इंतजाम किए जाते हैं। जीरो कोविड नीति के तहत एक भी कोरोना संक्रमित मिलने पर पूरे इलाके में लॉकडाउन कर दिया जाता है।

वुहान में ज्यादा संक्रमण वाले इलाकों की इमारतों को सील किया गया है। चीन में कोरोना संक्रमण फिर तेजी से बढ़ रहा है। गुरुवार को तीसरे दिन भी 1,000 से ज्यादा नए मामले सामने आए।बीते दो सप्ताह में वुहान में 240 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं, इसलिए इस जिले के आठ लाख से ज्यादा लोगों को 30 अक्तूबर तक घरों में ही रहने का आदेश दिया है।

वुहान की स्थिति को लेकर सोशल मीडिया में वायरल तस्वीरों और पोस्ट वायरल हो रहे हैं। इसके पहले चीन के चौथे सबसे बड़े शहर ग्वांगझोउ और उसकी राजधानी गुआंग्डोंग के भी कई इलाकों को सील किया जा चुका है। उधर, राजधानी बीजिंग के एक यूनिवर्सल रिसॉर्ट थीम पार्क को बंद कर दिया गया था। पार्क में एक व्यक्ति संक्रमित मिलने के बाद यह कदम उठाया गया।

# जर्मनी में खुलेगा गांजे का ठेका

## युवाओं के लिए योजना ला रही सरकार, नशा करना होगा वैध



बर्लिन, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जर्मनी की सरकार वयस्कों के लिए मनोजरंक गांजे को वैध करने की योजना बना रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो एक निश्चित मात्रा में गांजा रखना यहां कानूनी रूप से वैध होगा। हालांकि, इस नए कानून के कई विवरणों पर काम किया जाना बाकी है। सीएनएन के मुताबिक, जर्मन सरकार वयस्कों के लिए मनोरंजक भांग की एक निश्चित मात्रा को वैध बनाने के लिए सहमत हो गई है।हालांकि, इस कानून के पेश होने से पहले जर्मन सरकार को यूरोपीय संघ के कानून के साथ सामंजस्य स्थापित करना होगा। अगर ऐसा होता है तो यूरोपीय देशों में जर्मनी ऐसा करने वाला पहला देश हो जाएगा।

**चांसलर की कैबिनेट से मिली सहमति**

चांसलर ओलाफ स्कोल्ज की कैबिनेट ने गांजे की निश्चित मात्रा को वैध करने के अनुमोदन को स्वीकृति दे दी है। इसके बाद जर्मनी के स्वास्थ्य मंत्री कार्ल लॉटरबैक ने वयस्कों के बीच गांजे के नियंत्रित वितरण और मनोरंजक उपयोग की अनुमति देने की योजना की घोषणा की।

**30 ग्राम तक होगी वैध**

सीएनएन के मुताबिक, नए प्रस्ताव के तहत वयस्कों को 30 ग्राम तक गांजा रखने की अनुमति होगी।प्रस्तावित कानून के तहत लाइसेंस प्राप्त दुकानों और फार्मेसियों पर वयस्कों को सीमित मात्रा में गांजा बेचने की अनुमति होगी।

# कराची में बेहद शर्मनाक वारदात

## बाढ़ पीड़ित नाबालिग को बनाया हवस का शिकार

कराची, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कराची में बेहद शर्मनाक वारदात हुई है। यहां बाढ़ पीड़ित एक नाबालिग शरणार्थी बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह घटना सिंध प्रांत के शिकारपुर जिले में हुई। फिलहाल आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, यह घटना मंगलवार (25 अक्तूबर) को कराची के पॉश इलाकों में शामिल क्लिफ्टन में एक कार के अंदर हुई। बताया जा रहा है कि दो लोगों ने पीड़िता को कार में बैठा लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची को हजरत अब्दुल्ला शाह गाजी की दरगाह के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए। सिंध उच्च न्यायालय ने कराची के क्लिफ्टन इलाके में बाढ़ पीड़ित नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले पर बुधवार को संज्ञान लिया। साथ ही, डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल साउथ को पेश होने का समन जारी किया। बता दें कि पीड़िता अपनी मां और पांच भाई-बहनों के साथ शाह रसूल कॉलोनी में फुटपाथ पर रह रही है।

# जींस-टॉप में ट्रेन का इंतजार कर रही थी लड़की

## महिला ने किया अश्लील कमेंट और कोर्ट ने दे दी जमानत

ढाका, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में ट्रेन का इंतजार कर रही एक युवती पर एक महिला ने अश्लील टिप्पणी की। इतना ही नहीं वहां मौजूद लोगों ने भी युवती को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। युवती का दोष सिर्फ इतना था कि उसने क्रॉप टॉप और जींस पहना हुआ था। कट्टरपंथी सोच का यह मामला 18 मई, 2022 का है। हालांकि, इस मामले में 27 अक्तूबर को सुनवाई करते हुए बांग्लादेश की कोर्ट ने महिला की जमानत को बरकरार रखा है। दरअसल, महिला की जमानत रद्द करने की अपील की गई थी।




**क्या है पूरा मामला?**

दरअसल, 18 मई, 2022 को बांग्लादेश के नरसिंगडी रेलवे स्टेशन पर एक युवती ट्रेन का इंतजार कर रही थी। उसके साथ दो लड़के भी थे। युवती ने क्रॉप टॉप और जींस पहनी हुई थी, जो वहां मौजूद एक अन्य महिला को रास नहीं आया। महिला ने युवती पर अश्लील टिप्पणी की, जिसका युवती व उसके दोस्तों ने विरोध किया। हालांकि, इसके बाद मामला बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में प्लेटफॉर्म पर मौजूद अन्य लोग भी युवती को पीटने लगे, जिसके बाद उसने किसी तरह स्टेशन मास्टर के कमरे में घुसकर अपनी जान बचाई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद मीडिया में एक नई बहस छिड़ गई। हालांकि, मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 30 मई को शीला नाम की महिला को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, 16 अगस्त को मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने महिला को जमानत पर रिहा कर दिया था। इसके बाद शीर्ष अदालत में जमानत का विरोध किया गया। हालांकि, पांच जजों वाली बेंच ने सुनवाई के दौरान महिला की जमानत बरकरार रखने का आदेश पारित कर दिया।

# प्रदेश में अब डेंगू मार रहा डंक, अब तक 1595 केस मिले, राहत पिछले साल से कम

भोपाल, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में अब डेंगू के मामले बढ़ रहे है। अब तक प्रदेश में 1595 केस मिले है। हालांकि यह पिछले साल डेंगू के सामने आए मामले की तुलना में काफी कम है।मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक प्रदेश में इस साल 21 हजार से अधिक जांच में 1595 डेंगू के मामले सामने आए है। जबकि पिछले साल 2021 में इस समय तक यह संख्या 10 हजार 102 थी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में डेंगू के लार्वा के लिए 79 लाख से अधिक घरों में सर्वेक्षण किया गया और मच्छरों को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रोटोकॉल के अनुसार परीक्षण, उपचार और एहतियाती उपाए किए जा रहे हैं।

अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार डेंगू और चिकनगुनिया के मामलों का पता लगाने के लिए एलिजा जांच के लिए 64 केंद्र तय किए गए। इसके अलावा लोगों को जागरूक करने और लार्वा को खत्म करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में डेंगू के मामले 2021 में 13 हजार के पार गए थे।

# चीन ने फिर अलापा कश्मीर राग

## कहा- भारत और पाकिस्तान बातचीत से सुलझाएं मुद्दा



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पड़ोसी देश चीन ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।चीन ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान को बातचीत के जरिए कश्मीर का मुद्दा सुलझाना चाहिए।इसके साथ ही चीन ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों को स्थिति को और पेचीदा बनाने वाली एकतरफा कार्रवाई से बचना चाहिए।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के एक पत्रकार के कश्मीर से जुड़े सवाल पर यह जवाब दिया था।माओ ने कहा कि कश्मीर के मुद्दे पर चीन का रुख हमेशा से स्पष्ट रहा है। उन्होंने कहा, कश्मीर का मामला अतीत इतिहास से जुड़ा हुआ है। इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, सुरक्षा परिद के संबंधित प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार ही शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की जरूरत है। दोनों पक्षों को उन एकपक्षीय कार्रवाई से बचने की जरूरत है, जिससे स्थिति और जटिल बन सकती है। उन्होंने कहा, कश्मीर विवाद को बाचतीच के जरिए सुलझाए जाने के प्रयास करने चाहिए ताकि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाई रखी जा सके।

**भारत ने कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को खारिज किया**

भारत हमेशा से कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को खारिज करता आया है।भारत का कहना है कि जम्मू कश्मीर से जुड़ा हुआ मामला पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस साल मार्च में कहा था, चीन सहित अन्य देशों को कश्मीर मामले पर बयानबाजी करने का कोई अधिकार नहीं है। यह भारत का आंतरिक मामला है।

**कश्मीर को लेकर भारत, पाकिस्तान के तनावपूर्ण संबंध**

कश्मीर विवाद और सीमापार आतंकवाद को लेकर भारत और पाकिस्तान के संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के भारत सरकार के फैसले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध और भी अधिक खराब हो गए थे। भारत सरकार के इस फैसले के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को डाउनग्रेड कर दिया था और भारत के राजूदत को वापस भेज दिया था। दोनों देशों के बीच कारोबार भी ठप हो गया था।

# राष्ट्रमंडल महासचिव ने सदस्य देशों के साथ यूपीआई तकनीक पर भारत की तारीफ की



वाशिंगटन, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पेमेंट के प्रस्ताव वाले कदम पर भारत की सराहना की गई है। राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने इस कदम को परिवर्तनकारी बताते हुए अन्य सदस्य देशों के साथ अपनी यूपीआई तकनीक साझा करने के भारत के प्रस्ताव का स्वागत किया है। दरअसल, भारत ने 12 अक्टूबर को कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ गवर्नर्स की बैठक के दौरान यह प्रस्ताव दिया था। यूपीआई एक तत्काल रीयल-टाइम भुगतान प्रणाली है जो इंटर-बैंक पीयर-टू-पीयर लेनदेन की सुविधा प्रदान करती है। मोबाइल के माध्यम से की जाने वाली पेमेंट करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क लागू नहीं होता है।स्कॉटलैंड ने कहा कि, इस माध्यम ने कैशलेस अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में यूपीआई के इस्तेमाल से देश में 11 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है।उन्होंने कहा कि अपनी तकनीक को दूसरों के साथ साझा करने की भारत की इच्छा इसे अन्य देशों से अलग बनाती है।

उन्होंने कहा कि, भारत का यह अच्छा कदम है और इस तकनीक को साझा करने की इच्छा है। भारतीय बैंक ने हमारी सरकारी बैंक शासन बैठक में संकेत दिया है कि वे इस यूपीआई के लिए अन्य सदस्य राज्यों के साथ तकनीक को साझा करने के लिए तैयार हैं। 56 देशों के समूह के महासचिव ने कहा कि इस खुलेपन और उदारता का बहुत स्वागत है। उन्होंने कहा कि, भारत ने यूपीआई के जरिए पेमेंट के ऑप्शन पर अन्य देशों को एक राह दिखाई हैं। भारत ने न केवल इस तकनीक को विकसित किया है, बल्कि जनता की भलाई के लिए दूसरों के साथ साझा करने के लिए तैयार है। यह संभावित रूप से परिवर्तनकारी रहा है, क्योंकि भारत ने इसमें एक उज्जवल भविष्य देखा है। मॉरीशस में राष्ट्रमंडल के कानून मंत्रियों की बैठक होगी।उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान इस तकनीक को रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल के सदस्य देश डिजिटल भुगतान प्रणाली को अपनाने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि तथ्य यह है कि अब भारत ने अपने लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। इन प्रत्यक्ष भुगतानों को उनके हाथ में देकर आप तात्कालिकता प्राप्त करने में सक्षम हैं, इससे महिलाओं को बहुत लाभ हुआ है।

# मंदिर परिसर में दो सेक्स डॉल की शादी कराने वाला शख्स हुआ गिरफ्तार



म्यांमार, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। म्यांमार के एक मंदिर में दो सेक्स डॉल की शादी कराने का मामला सामने आया है। पवित्र स्थान पर हुई इस घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने पुलिस के सामने अपना विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने लोगों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। म्यांमार के यंगोन शहर के श्वेडेगोन मंदिर में 26 अक्तूबर को यह अजीबोगरीब शादी कराई गई। 26 साल के शख्स जार्नी आंग को मंदिर में शादी कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दोनों डॉल की लंबाई 5.5 फीट बताई जा रही है। दोनों डॉल को म्यांमार का पारंपरिक कपड़ा पहनाया गया था। इसके अलावा उनके सिर पर मुकुट भी लगाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जानी समेत करीब सात लोग मंदिर परिसर में शादी कराने के लिए पहुंचे थे। लेकिन सभी को गार्ड ने मंदिर के बाहर रोक दिया। जब ये मंदिर में प्रवेश कर रहे थे, तो उनके हाथ में डॉल थीं। हालांकि, उसके बाद ये मंदिर परिसर के अंदर नहीं गए, लेकिन पार्किंग स्पेश में उन्होंने एक सेटअप तैयार किया। यहीं उन्होंने दोनों की शादी करा दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो चौंकाने वाला है।

# हम कमजोर हो सकते हैं, देशद्रोही नहीं

## केन्या में पत्रकार की हत्या के बाद बोली पाक सेना

इस्लामाबाद, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तानी पत्रकार अरशद शरीफ की केन्या में हत्या के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। इमरान खान से लेकर उनके कई समर्थक इसके लिए पाकिस्तानी सेना को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तानी सेना की ओर से बयान जारी किया गया है। सेना ने कहा है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान को अपने दावों को साबित करने की जरूरत है। दरअसल, पाकिस्तानी पत्रकार अरशद शरीफ की केन्या में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इमरान खान ने आरोप लगाया कि पत्रकार की हत्या राजनीति से प्रेरित थी। अरशद शरीफ को केन्याई पुलिस ने कथित तौर पर इसलिए मार डाला क्योंकि उन्होंने दो प्रमुख राजनीतिक परिवारों- शरीफ और जरदारी को बेनकाब कर दिया था। केन्याई पुलिस ने बाद में एक बयान जारी कर कहा कि यह गलत पहचान का मामला है।



**सेना ने क्या कहा?**

सेना के ऊपर उठ रहे सवालों के बाद इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल बाबर इफ्तिकार ने कहा कि शरीफ की मौत के बाद लोगों ने सेना पर उंगली उठानी शुरू कर दी है।जबकि, यह निर्धारित किया जाना बाकी है कि इस हत्या से वास्तव में किसे लाभ हुआ है? उन्होंने कहा, 30-40 साल की सेवा करने के बाद कोई भी देशद्रोही नहीं होना चाहता।हम कमजोर हो सकते हैं, हम गलतियां कर सकते हैं, लेकिन हम कभी देशद्रोही नहीं हो सकते।बाबर ने कहा, लोगों के बिना सेना कुछ भी नहीं है।

**पाकिस्तान को बदनाम कर रहा था पत्रकार**

बाबर इफ्तिकार ने कहा, शरीफ और अन्य पत्रकारों ने दुनिया भर में पाकिस्तान और देश के संस्थानों को बदनाम करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, सेना को निशाना बनाने के लिए इस चैनल पर कथित तौर पर 'देशद्रोही सामग्री' प्रसारित करने की गई, जिसके लिए 8 अगस्त को चैनल को ऑफ एयर कर दिया गया था। उन्होंने आगे कहा कि अरशद शरीफ को पाकिस्तान में कोई खतरा नहीं था और किसी ने भी उन्हें दुबई छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया था।

# नाइजीरिया पर मंडरा रहा बड़े आतंकी हमले का खतरा

## अमेरिका और ब्रिटेन ने जारी की अडवाइजरी



वॉशिंगटन, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश नाइजीरिया में आतंकवाद का खतरा बढ़ता चला जा रहा है। इसकी वजह से देश की राजधानी अबुजा में स्थित दूतावासों में काम कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो गया है। यही वजह है कि अमेरिका ने नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में अपने दूतावास में तैनात कर्मचारियों के परिजनों को गुरुवार को देश छोड़ने का आदेश दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सभी अमेरिकियों से नाइजीरिया के किसी भी हिस्से की यात्रा करने की योजना पर एक बार सोच-विचार करने और अबुजा की यात्रा न करने को कहा है।

**कोई बड़ा हमला होने जा रहा है?**

अमेरिका के विदेश मंत्रालय को ये निर्देश इसलिए जारी करने पड़े क्योंकि नाइजीरिया धीरे-धीरे अशांत होता जा रहा है। मंत्रालय ने अबूजा स्थित अमेरिकी दूतावास में गैर-जरूरी सेवाओं के कर्मियों को उच्च सुरक्षा चिंताओं के कारण स्वेच्छा से देश छोड़ने की इजाजत देने के दो दिन बाद यह कदम उठाया है। उसने इस संबंध में विस्तार से तो कुछ नहीं बताया है, लेकिन अमेरिका के इस कदम से ऐसा लग रहा है कि कोई बड़ा हमला होना तय है।

**नाइजीरिया में बढ़ा आतंकी खतरा**

अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने नाइजीरिया के लिए ट्रैवल अडवाइजरी में कहा, 'मंत्रालय ने बढ़ते आतंकवादी खतरे के बीच अबुजा में अमेरिकी सरकार के कर्मचारियों के परिवार वालों को वहां से निकलने का आदेश दिया है।' ध्यान देने वाली बात है कि नाइजीरिया एक दशक से भी अधिक समय से अपने पूर्वोत्तर में इस्लामी कट्टरपंथियों की बगावत से जूझ रहा है। देश की राजधानी अबुजा में आतंकवादी हमले भले ही कम हुए हैं, लेकिन इब इनका खतरा बढ़ता हुआ नजर आ रहा है।

**ब्रिटेन ने भी जारी किया था अलर्ट**

बता दें कि अबुजा स्थित अमेरिकी दूतावास ने रविवार को 'आतंकवादी हमलों के बढ़ते खतरे' को देखते हुए 'अलर्ट' जारी किया था। उसने कहा था कि सरकारी इमारतों, धार्मिक स्थलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों को निशाना बनाया जा सकता है। नाइजीरिया में ब्रिटेन के उच्चायोग ने भी ऐसे ही 'अलर्ट' जारी किए थे।

# 10 साल की बच्ची का धर्म परिवर्तन कर बुजुर्ग से करा दी शादी

## हिंदू महिलाओं के अपहरण की बढ़ रहीं घटनाएं



इस्लामाबाद, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सिंध क्षेत्र में एक दस वर्षीय बच्ची का अपहरण कर उसकी शादी 80 साल के बुजुर्ग से कराने का मामला सामने आया है। यह घटना 22 अक्तूबर की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंध प्रांत में हिंदू महिलाओं और लड़कियों के अपहरण की घटनाओं में इजाफा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना सिंध के शेख भिरकियो इलाके में हुई, जहां 10 साल की हिंदू लड़की मीना बजानी को कपड़े धोने के घाट से अगवा कर लिया गया।जमींदार मुल्ला रशीद के गुंडों ने उसका अपहरण किया।बच्ची को धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर किया गया। बाद में बुजुर्ग मुल्ला रशीद से उसकी शादी करा दी गई।

**अपहरण कर जबरन शादी कराने के बढ़ रहे मामले**

सिंध क्षेत्र में ही एक अन्य घटना में शांति मेघवार नाम की एक विवाहित हिंदू महिला का 24 अक्टूबर को अपहरण किया गया।सिंध के तंदू मुहम्मन खान जिले में उसके घर से चार हथियारबंद बदमाश मंज़ूर शेख, सुल्तान शेख, गब शेख और जावेद ने उसे अगवा किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीड़िता का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया और उसकी शादी मंजूर शेख से कर दी गई।

**मुकदमा दर्ज करने पर मांगी गई रिश्वत**

महिला की मां का का आरोप है कि एसएचओ इरफान दस्तीकोल ने उनकी प्राथमिकी इसलिए दर्ज नहीं की क्योंकि वह रिश्वत के तौर पर 5 हजार रुपये नहीं दे सकी। उसने सिंध के सीएम मुराद शाह से मामले में हस्तक्षेप करने और उसकी बेटी को छुड़ाने की मांग की।

**सिंध प्रांत में अपहरण के बढ़ रहे मामले**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों और महिलाओं के अपहरण कर शादी कराने के मामले बढ़ रहे हैं।

# बुरहानपुर के फोपनार मेले में पाड़ों का मुकाबला

## आयोजकों पर धारा 188 के तहत केस दर्ज

बुरहानपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। बुरहानपुर जिले में दीपावली के अवसर पर शाहपुर और फोपनार में पाड़ों की टक्कर कराई गई थी, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। प्रशासन ने यहां केवल मेला आयोजित करने के लिए परमिशन जारी की थी। इस मामले पर पुलिस विभाग ने शाहपुर मेला समिति के पांच और फोपनार मेला समिति के छह सदस्यों के खिलाफ धारा 188 के तहत केस दर्ज किया है।

# रूस की सड़कों से गायब हो रहे हैं पुरुष

## कुछ जंग में गए तो कुछ डर से भागे, अकेली पड़ीं लाखों महिलाएं

एक्सक्लूसिव डेस्क, 28 अक्टूबर। साल 1942 की बात है। रूस के लेनिनग्राद शहर पर कब्जे के बाद हिटलर के 3 लाख नाजी सैनिक स्टालिनग्राद शहर की तरफ बढ़ रहे थे। शहर बचाना मुश्किल था। तभी सोवियत सरकार ने लामबंदी का आदेश दिया। लाखों रूसियों को फौज में भर्ती करके जंग में भेज दिया गया। शहर की सड़कें मर्दों से सूनी पड़ गईं।

80 साल बाद रूस में फिर वैसे ही हालात बन रहे हैं। शहर की सड़कों से पुरुष कम दिखाई देते हैं। जो दिख भी रहे हैं, उन्हें पुलिस पकड़ रही है। आखिर कहां गायब हो रहे हैं रूस के पुरुष?

सोशल मीडिया में दावा किया जा रहा है कि मॉस्को के एक मेट्रो स्टेशन के बाहर तैनात पुलिस मर्दों को पकड़-पकड़ कर सेना में भर्ती कर रही है।

अब सवाल उठता है सड़क से पकड़कर सेना में भर्ती करने की नौबत क्यों आई? इसके पीछे 21 सितंबर 2022 को पुतिन की आंशिक लामबंदी की घोषणा है

**7 लाख से ज्यादा रूसी पुरुषों ने छोड़ा देश**

लामबंदी की घोषणा के बाद से रूस के पुरुष देश छोड़कर जाने लगे। तीन हफ्तों में इनकी संख्या 7 लाख से ज्यादा हो गई। 2 लाख कजाकिस्तान, 1.19 लाख यूरोपीय देश और 49 हजार जॉर्जिया चले गए। इसके अलावा अर्मेनिया, अजरबैजान, इजरायल और अर्जेंटीना जैसे देशों में भी लाखों पुरुषों ने पलायन किया है। हालांकि, पुतिन सरकार ने इस डेटा का विरोध किया है।

बीबीसी के मुताबिक नोवाया गैजेट अखबार ने दावा किया है कि आंशिक लामबंदी के तहत रूस 3 लाख नहीं बल्कि 10 लाख से ज्यादा पुरुषों की सेना में भर्ती कर रहा है। अखबार का कहना है कि रूस सरकार के आदेश का एक पैराग्राफ जारी नहीं किया गया है, जिसमें ये बात कही गई है।

**पुरुषों के रूस छोड़ने की वजहें**

एनवाईटी ने एक रिपोर्ट में तीन महिलाओं की कहानी छापी है, जिसके वजहें साफ हो जाती हैं

1. मॉस्को में चॉप-चॉप सैलून की मैनेजर ओला बताती हैं कि सैलून में आमतौर पर काफी भीड़ होती थी, लेकिन अब यह पूरी तरह से खाली रहता है। उसके पार्टनर तक ने जंग में भेजे जाने की डर से देश छोड़ दिया है।

2. 33 वर्षीय फोटोग्राफर स्टानिस्लावा ने बताया कि उसने जन्मदिन की पार्टी दी थी। इस दौरान कुछ सामान ले जाने के लिए जब वह पुरुष साथियों की तलाश करने लगी तो उसे महसूस हुआ कि उसके आसपास अब कम पुरुष रह गए हैं।

3. लिजा नाम की एक महिला ने बताया कि उसके पति एक मल्टीनेशनल कंपनी में वकील थे। उन्हें जंग लड़ने की कोई




तरकीब नहीं आती थी, लेकिन एक रोज पुलिस ने उन्हें सेना में भर्ती होने का नोटिस थमा दिया। इसके बाद उसके पति ने देश छोड़ने का फैसला किया। वह एकलौती ऐसी महिला नहीं हैं, जिसके पति इन दिनों अपने परिवार को छोड़कर दूसरे देश जा रहे हैं। ऐसे परिवार की संख्या लाखों में है।

**पलायन की वजह से टिकटें फुल, ट्रैफिक संभालना मुश्किल**

द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को से इस्तांबुल, येरेवन, ताशकंद और बाकू के लिए अगले हफ्ते की डायरेक्ट फ्लाइट्स की सभी टिकटें बिक चुकी हैं। इनमें से 3 शहर येरेवन, ताशकंद और बाकू क्रमशः अर्मेनिया, उज्बेकिस्तान और अजरबैजान की राजधानियां हैं, जबकि इस्तांबुल तुर्की का सबसे बड़ा शहर है। ये सभी देश रूसियों को वीजा-फ्री एंट्री देते हैं।

वहीं मॉस्को से दुबई की फ्लाइट की कीमत 3.70 लाख रूबल यानी 5 लाख रुपए से ज्यादा हो गई है, जो आम तौर पर 30 हजार से 2 लाख रुपए तक होती है।

रूस-जॉर्जिया और रूस-मंगोलिया बॉर्डर पर भी बड़ी संख्या में रूसियों के पहुंचने से सीमा पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। फिनलैंड यूरोपीय यूनियन का एकमात्र देश है, जो रूसियों को वीजा-फ्री एंट्री देता है।

**रूस पहले से ही पुरुषों की कमी से जूझ रहा है**

जंग के बाद जिस तरह से रूस में पुरुषों की संख्या में लगातार कमी हो रही है ये रूस के लिए और भी ज्यादा चिंता की वजह है। ऐसा इसलिए क्योंकि 2018 में रूसी फेडरल स्टेट स्टैटिक्स सर्विस ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि रूस की कुल जनसंख्या 14.69 करोड़ है। इसमें 6.81 करोड़ पुरुषों की जनसंख्या है जबकि 7.88 करोड़ महिलाओं की जनसंख्या है। ऐसे में साफ है कि पुरुषों की संख्या में कमी का सीधा असर देश के सभी सेक्टर पर पड़ना तय है।

**कारोबार पर पड़ रहा है पुरुषों की कमी का असर**

राजधानी मॉस्को में पुरुषों की कमी को देखते हुए सोमवार को मॉस्को के मेयर ने इस बात का ऐलान किया कि अब राजधानी से पुरुषों को जंग में नहीं भेजा जाएगा। लेकिन, तब तक काफी देर हो गई थी।

मॉस्को के कई बिजनेस या तो महिलाएं संभाल रही हैं या फिर पूरी तरह से ठप हो गए हैं। देश में मंदी की हालत हैं। होटल, रेस्टोरेंट, मॉल व अन्य व्यवसायिक गतिविधियों में 30% की कमी आई है।

एनवाईटी और कॉमर्सेंट अखबार के मुताबिक रूस के सबसे बड़े कर्ज देने वाले बैंक ने सितंबर में 529 शाखाएं बंद कर दीं। शहर के मॉल और चौराहे खाली नजर आ रहे हैं।

**जानिए यूक्रेन में कैसे हालात हैं?**

रूस की तरह ही यूक्रेन में भी जंग लड़ने वाले पुरुषों की संख्या में लगातार कमी हो रही है। डीडब्लू रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के शहरों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। सड़कों और बाजारों में पुरुष न के बराबर नजर आते हैं। देश में रहने वाले ज्यादातर पुरुष या तो सीमा पर हैं या फिर अपने व्यवसाय में लगे हैं। इसे दो बातों से समझा जा सकता है

**पहला:** यूक्रेन सरकार ने महिलाओं और बच्चों को देश छोड़कर जाने की इजाजत तो दी है लेकिन पुरुषों के देश छोड़ने पर पूरी तरह से पाबंदी है।

**दूसरा:** रूस के तरह ही यूक्रेन में भी 18 से 60 साल के उम्र के पुरुषों की सेना में भर्ती की जा रही है। यही नहीं अपनी इच्छा से यूक्रेन और बाहरी देशों के पुरुष भी वॉलेंटियर सैनिक के तौर पर सेना में शामिल हो रहे हैं।

**रूस के तरह ही यूक्रेन में भी पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की आबादी**

वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉसपेक्ट्स के मुताबिक 2021 में यूक्रेन की कुल आबादी 4.34 करोड़ थी। इसमें 2 करोड़ पुरुष जबकि 2.34 करोड़ महिलाओं की आबादी थी।

यही वजह है कि घर, बिजनेस के अलावा जंग के मैदान में भी यूक्रेन की महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन की सेना में इस वक्त कुल 50,000 महिलाएं हैं। इनमें 10,000 से ज्यादा महिलाएं लड़ाई के दौरान फ्रंटलाइन पर मोर्चा संभाल रही हैं जबकि बाकी सैन्य आपूर्ति, मेडिकल सहायता और खुफिया सूचनाओं के लिए काम करती हैं।

# महिला से दिनदहाड़े गैंगरेप

## पुलिस को रिपोर्ट लिखने में लग गए 4 दिन, पीड़िता ने कहा- 'थाने गई तो झूठा कहकर भगाया गया'

सरगुजा, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरगुजा जिले में एक 30 वर्षीय विवाहित महिला से गैंगरेप की वारदात सामने आई है। घटना बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुरताडांड़ में हुई। दोनों आरोपी सतलाल यादव और कलेश्वर कोरवा फरार हो गए हैं, जिनकी सरगर्मी से पुलिस तलाश कर रही है। इधर पीड़िता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

एसडीओपी सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल ने बताया कि पीड़िता का आरोपियों के साथ जमीन विवाद चल रहा था। पीड़िता ने बताया कि घटना रविवार 23 अक्टूबर की है। वो किसी काम से सहायक सचिव के पास गई थी। रास्ते में लौटते वक्त गांव के ही रहने वाले सतलाल यादव और कलेश्वर कोरवा ने उसे रोक लिया। दोनों ने उसका मुंह बंद कर दिया और उसे लेकर झाड़ियों में ले गए। दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट, गालीगलौज और सामूहिक दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने किसी से घटना का जिक्र करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने 2 घंटे तक उसे बंधक बनाकर रखा और इसके बाद छोड़ दिया। बाद में वो जैसे-तैसे अपने घर पहुंची और परिवारवालों को पूरी जानकारी दी।

पीड़िता ने कहा कि वो अपने भाई के साथ 23 अक्टूबर को ही शाम साढ़े 7 बजे बतौली थाने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पहुंची, लेकिन वहां थाना प्रभारी ने उसे झूठा बताते हुए एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी ने कहा कि उससे कहा गया कि तुम झूठ बोल रही हो, हम मारपीट की बात मान सकते हैं, लेकिन बलात्कार की बात झूठी है। पीड़िता ने कहा कि उसका मेडिकल भी नहीं कराया गया। वो मेडिकल कराए जाने के इंतजार में 4 दिनों से नहाई तक नहीं है।

पीड़िता ने कहा कि इंसाफ की तलाश में वो एसपी, कलेक्टर, आदिवासी थाने, बतौली थाने इन सबका चक्कर काट चुकी है। हालांकि 27 अक्टूबर को मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। ये भी बड़ा सवाल है कि रविवार को हुई घटना की रिपोर्ट लिखने में पुलिस को गुरुवार तक का इंतजार क्यों करना पड़ा। इधर सीतापुर एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल ने बताया कि मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

अभी पिछले हफ्ते ही मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के साथ रेप किया गया था। नाबालिग आरोपी ने उप स्वास्थ्य केंद्र के अंदर महिला अधिकारी के हाथ-पैर बांधकर दुष्कर्म किया था। जबकि दो आरोपी उसका साथ दे रहे थे और इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया गया था। मुख्य आरोपी नाबालिग (17 वर्ष) ही था।

# आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई की मुश्किलें बढ़ी

## स्पेशल कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

रायपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। रायपुर की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई को मनी लॉनड्रिंग मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिमांड खत्म होने के बाद विश्नोई के अलावा अन्य दो आरोपियों सुनील अग्रवाल और लक्ष्मीकांत तिवारी को गुरुवार को विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी अब सभी आरोपियों को 10 नवंबर को कोर्ट में पेश



करेगी।

इससे पहले 13 अक्टूबर को अदालत ने समीर विश्नोई को उनके आवास से 47 लाख रुपये की वसूली से जुड़े मामले में 21 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। ईडी ने इंद्रमणि समूह के सुनील अग्रवाल और फरार चल रहे सूर्यकांत तिवारी के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी को भी आठ दिन की हिरासत में भेजा था। आईएएस अधिकारी विश्नोई को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। इस महीने की शुरुआत में ईडी ने छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी। ईडी ने रायगढ़ कलेक्टर समेत कई अधिकारियों के परिसरों पर छापेमारी की। रायगढ़, रायपुर, दुर्ग और महासमुंद में छापेमारी की गई। भारत के सहायक सॉलिसिटर जनरल रमनकांत मिश्रा ने कहा था, 'आईएएस समीर विश्नोई के घर से लगभग 47 लाख रुपये नकद और लक्ष्मीकांत तिवारी के घर में 1.5 करोड़ रुपये छुपाए गए हैं।'

# बेकाबू गैस टैंकर बस से टकराकर पलटा

## ब्लास्ट के बाद लगी आग, 1 शख्स जिंदा जला वहीं 3 लोग झुलसे


दुमका, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुमका-भागलपुर सड़क पर धावाताड़ गांव के समीप बेकाबू गैस टैंकर में आग लगने से उसकी चपेट में आकर तीन बसें जल गई। इस घटनामें 90 लाख रुपए की क्षति होने की संभावना जताई गई है। बम बासुकी लाइन होटल के समीप पहले से चार बसें खड़ी थीं, जो नियमित नहीं चलती हैं। लगन के समय या किसी की मृत्यु होने पर शव यात्रा के लिए आसपास के लोग इन बसों को रिजर्व में ले जाते हैं। गुरुवार को



जब गैस टैंकर में आग लगी तो मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने जान जोखिम में डाल कर एक बस को ठेल कर कुछ दूर ले गए, जिससे वह एक बस जलने से बच गई। वहीं जो तीन बसे नहीं हटाई जा सकीं, वे जल कर राख हो गईं। बस मालिक रोहित यादव ने बताया कि तीनों बसों के जलने से उन्हें करीब 90 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही बस बासुकी लाइन होटल का सामान भी जला है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्रों में अफरातफरी मच गई थी। आग की लपटों से भयभीत आसपास के लोग अपने-अपने घरों से निकलकर दूर चले गए। इधर हादसा की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना के थाना प्रभारी सुगना मुंडा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। जरमुंडी के एसडीपीओ शिवेन्द्र और हंसडीहा सर्किल के इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए थे। लोगों की भीड़ जमा हो गई थी, जिसे घटनास्थल की ओर जाने से पुलिस ने रोक दिया था।

# केजरीवाल को छत्तीसगढ़ के सीएम का जवाब

## मुख्यमंत्री भूपेश बोले- लक्ष्मी-गणेश के पैर पकड़कर वैतरणी पार करना चाहते हैं दिल्ली के सीएम





रायपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश में चुनावी माहौल के बीच कह दिया है कि नोटों पर महात्मा गांधी की तस्वीर के साथ दूसरी तरफ लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर होनी चाहिए। अब इस बयान के बाद सियासत तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रतिक्रिया देते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे केजरीवाल का चुनावी शिगूफा बताया है। उन्होंने यह भी कहा है कि यह केजरीवाल की पार्टी की आईडियोलॉजी के खिलाफ है। चुनाव आया तो केजरीवाल इस तरह की बातें करने लग गए।

**केजरीवाल को सीएम बघेल ने घेरा**

अपने बयान में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि केजरीवाल जब प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं या जब अपने दफ्तरों की तस्वीर दिखाते हैं तो एक तरफ भगत सिंह की तस्वीर होती है तो दूसरी तरफ संविधान निर्माता अंबेडकर की तस्वीर होती है। आप बताइए अगर यह दोनों महापुरुष जिंदा होते तो क्या केजरीवाल इनके सामने ऐसी बातें कर पाते। भगत सिंह और अंबेडकर दोनों की ही इस तरह की विचारधारा नहीं रही।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि नोट पर किसकी फोटो होनी चाहिए यह भारत सरकार तय करती है लेकिन अभी वोट के लिए केजरीवाल नया शिगूफा छोड़ दिया है। जहां-जहां चुनाव केजरीवाल को लड़ना होता है उसके लिए भावनात्मक कार्ड केजरीवाल खेलते हैं।

**केजरीवाल जो कहते हैं वो करते हैं- सीएम भूपेश**

सीएम भूपेश बघेल के मुताबिक केजरीवाल वोट समेटने की कोशिश कर रहे हैं, इसके अलावा कुछ नहीं है। पहले उन्होंने कहा था कि यमुना की सफाई कर देंगे।

केजरीवाल जो कहते हैं वह करते नहीं है। उन्होंने तो अपने कार्यालयों से गांधी जी की तस्वीर हटाई। अब लक्ष्मी और गणेश जी के पैर पकड़कर वैतरणी पार करना चाहते हैं जनता सब समझती है।

# रात 12:30 बजे होती है निहंगों की सुबह, बकरे का प्रसाद बंटता है

## घोड़ा इनके लिए भाई जान है और गधा थानेदार

एक्सक्लूसिव डेस्क, 28 अक्टूबर। अमृतसर के अकाली फूला सिंह बुर्ज गुरुद्वारे में चहल-पहल है। सिख छठे गुरु हरगोबिंद सिंह जी की 'बंदी छोड़ दिवस' का जश्न मना रहे हैं। भारी बैरिकेडिंग की गई है। घोड़े टाप दे रहे हैं, नगाड़े बज रहे हैं। बोले सो निहाल, सतश्री अकाल, राज करेगा खालसा आकी रहे न कोय के जयकारे लग रहे हैं। नीले रंग के खास चोगे और बड़ी सी पग धारण किए लोग तलवारबाजी कर रहे हैं। ये निहंग सिख हैं।

ये वही निहंग हैं, जिन्होंने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास तंबाकू चबा रहे युवक को रोका, बहस हुई तो उसे मार डाला। पिछले साल किसान आंदोलन के दौरान भी इन निहंगों ने एक शख्स को मारकर उसका शव बैरिकेड पर टांग दिया था। पंजाब से इतर निहंगों को लेकर कमोबेश लोगों के दिमाग में यही तस्वीर आती है, लेकिन ये छोटा पहलू है।

दिवाली का दूसरा दिन। सुबह की अरदास यानी प्रार्थना के बाद घोड़ों पर सवार निहंगों का जत्था गुरुद्वारे से 13 किलोमीटर दूर रेलवे ग्राउंड पहुंचता है। यहां घुड़सवार निहंग अपने करतब दिखा रहे हैं। एक निहंग तीन से चार घोड़ों की सवारी कर रहे हैं, वो भी आंखें बंद करके। इन्हें देखने के लिए देशभर से लोग जुटे हैं। शाम 7 बजे निहंगों का जत्था वापस गुरुद्वारे के लिए निकल जाता है। फिर निहंग अपने काम में जुट जाते हैं।

निहंग एक तरह से सिख धर्म की रक्षा के लिए बनी फौज है। तकरीबन 400 साल पहले सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह ने इसकी नींव रखी थी। ये आज भी फौज की तरह छावनी बनाकर रहते हैं और रेजिमेंटों में बंटे होते हैं। इनकी सबसे बड़ी रेजिमेंट है शिरोमणि अकाली बुड्ढा दल। इसका प्रमुख जत्थेदार होता है। बाबा बलबीर सिंह इसके 14वें जत्थेदार हैं। वे कहते हैं- निहंग यानी संस्कृत में निडर और शुद्ध। फारसी में इसका मतलब है मगरमच्छ और तलवार। ये एक ऐसा पंथ है जिनकी बाणी यानी बोली और बाणा यानी पहनावा बाकी सिखों से अलग है। इनका खाना और नहाना भी अलग है। इनका कोई ठिकाना नहीं।

यह लगातार चलते रहते हैं। जिस वजह से इन्हें चक्रवर्ती भी कहा जाता है। यह गुरु की 'लाडली फौज' है। दुनिया में इस पंथ के दस लाख से ज्यादा सिख हैं, जिनमें हर जाति के लोग हैं। देशभर में इनकी 700 से ज्यादा छावनियां हैं। निहंग अपने ठिकानों को छावनी कहते हैं। वहीं उनका गुरुद्वारा भी होता है।

**रात 12: 30 बजे होती है निहंगों की सुबह**

रात 12:30 बजे। अचानक गुरुद्वारे में नगाड़ा बजता है। वजह पूछने पर पता चलता है निहंगों की सुबह हो गई है। उन्हें जगाने के लिए नगाड़ा बजा है। जागने के बाद निहंग अपने नित्य क्रिया कर्म में जुट जाते हैं। वे हमेशा दातुन करते हैं, कभी टूथपेस्ट इस्तेमाल नहीं करते। बाल धोने के लिए शैंपू की जगह रीठे का इस्तेमाल करते हैं।

ये रीठे लोहे की कड़ाही में उबाले जाते हैं। अगर किसी वजह से रीठे ठीक से नहीं उबल पाए, तो इसकी जगह वे दही से बाल धोते हैं। मालिश के लिए देसी घी या सरसों के तेल का इस्तेमाल करते हैं।

कुछ देर बाद फिर से नगाड़ा बजता है। सभी निहंग दरबार साहिब में हाजिर हो जाते हैं। जहां गुरुबाणी का पाठ होता है। कीर्तन, कथा, अरदास करते हुए सुबह के दस बज जाते हैं। उसके बाद सभी निहंग नाश्ता करते हैं।





**लोहे के बर्तन में ही खाना खाते हैं निहंग**

बाबा हरजीत सिंह निहंगों के 'तरना दल' के जत्थेदार हैं। वे कहते हैं, 'नाश्ते के बाद निहंग फौजियों की तरह अपने-अपने काम में जुट जाते हैं। कोई घोड़े की देखभाल करता है, कोई हाथी संभालता है, तो किसी की ड्यूटी लंगर में होती है। लंगर यानी सामूहिक रसोई। लोहे की बड़ी कड़ाही में ही इनका खाना पकता है और लोहे के बर्तन में ही ये प्रसाद छकते हैं।

दोपहर के बाद शस्त्र-विद्या और घुड़सवारी का अभ्यास शुरू होता है। नए निहंगों और छोटे बच्चों को ट्रेनिंग दी जाती है। शाम में फिर से दीवान सजता है। कथा-कीर्तन और गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ होता है। इसके बाद प्रसाद में सभी को दातुन दी जाती है। फिर रात में लंगर के लिए नगाड़ा बजता है। चूंकि निहंग एक स्थान पर नहीं ठहरते हैं, लिहाजा अगले दिन के सफर की घोषणा भी नगाड़े बजाकर की जाती है।

जत्थेदार बाबा चरणदास कहते हैं- हफ्ते में दो से तीन दिन के बाद बकरा काटा जाता है। ये बकरे ऐसे श्रद्धालु चढ़ाते हैं, जिनकी मन्नतें पूरी हुई होती हैं।

बकरा काटने से पहले भी एक अरदास होती है, जिसमें ये प्रार्थना की जाती है कि हम बकरे की मुक्ति दे रहे हैं ताकि उसे अगला जन्म मानव के रूप में मिले। बकरा एक झटके में काटा जाता है। फिर उसे लोहे के बर्तन में पकाया जाता है और सभी को परोसा जाता है। इसे महाप्रसाद कहा जाता है।

**किसी गवर्नमेंट की तरह इनकी सत्ता होती है, सबके काम बंटे होते हैं**

निहंग फौज का सबसे बड़ा रेजिमेंट है शिरोमणि अकाली बुड्ढा दल। इसके प्रमुख को जत्थेदार कहा जाता है। इस दल के अलावा अलग-अलग नामों से कई छोटे-बड़े दल काम करते हैं। अभी देशभर में तकरीबन 14 प्रमुख दल हैं। ये सभी शिरोमणि अकाली बुड्ढा दल के अंदर में ही काम करते हैं।

बाबा बलबीर सिंह अभी शिरोमणि अकाली बुड्ढा दल के प्रमुख हैं। वे कहते हैं कि जत्थेदार का दर्जा किसी सरकार के प्रधानमंत्री जैसा होता है। हर विभाग के लिए किसी न किसी की जिम्मेदारी तय होती है। जैसे किसी सरकार में अलग-अलग विभागों के मंत्री होते हैं।

निहंगों की खर्च और बजट का बड़ा हिस्सा गुरुद्वारों में चढ़ावे से आता है।

बाबा हरजीत सिंह कहते हैं कि बड़े गुरुद्वारे से महीने में 10 लाख रुपए तक चढ़ावा मिल जाता है, जबकि छोटे गुरुद्वार से कुछेक हजार रुपए मिलते हैं। इसके अलावा निहंगों की जमीनें और अलग-अलग जगहों पर दुकानें हैं। उनसे भी अच्छी खासी रकम कलेक्ट हो जाती है।

निहंग सिख भांग को शहीदी देग बोलते हैं। केवल सावन महीने में ही भांग की पत्तियां तोड़ी जाती हैं और फिर इन्हें सुखाकर रख दिया जाता है।

भांग के इन पत्तों में काली मिर्च, बादाम और मेवे डालकर शरबत की तरह एक पेय बनाया जाता है। सुबह चार बजे और शाम के वक्त चार बजे निहंग इसे पीते हैं। पीने से पहले अरदास भी जरूर करना होता है।

निहंग देशभर में मुफ्त में कहीं भी ट्रेन से सफर कर सकते हैं। 1952 में जत्थेदार महेंद्र सिंह ननकाना, प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से मिले। पंडित नेहरू ने उनसे कहा कि निहंगों ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है। आप बताओ कि हम इनके लिए क्या कर सकते हैं।

बाबा महेंद्र सिंह ने कहा कि निहंग गरीब हैं, इनके पास जमीन-जायदाद नहीं है, इन्हें अपने गुरुओं के यहां आने-जाने का किराया माफ कर दीजिए। इसके बाद से निहंगों का किराया माफ हो गया।

**ब्राह्मण को पीपल और बकरी को आकाशपरी कहते हैं निहंग**

निहंगों की अपनी खास बोली होती है। इसके पीछे एक दिलचस्प किस्सा है। दरअसल गुरु गोबिंद सिंह की फौज मुगलों पर आक्रमण के लिए योजना बनाती थी, लेकिन कहीं न कहीं से योजना लीक हो जाती थी। इस वजह से उनकी फौज हार जाती। इसका तोड़ निकालने के लिए निहंग सिखों ने अपनी नई वोकैबलरी तैयार की। इनमें करीब 600 से ज्यादा शब्द हैं। आज भी निहंग सिख उसी भाषा का इस्तेमाल करते हैं।

मसलन निहंग पीपल को ब्राह्मण, मारपीट को सेवा करना, जनेऊ को जूंआ की पींघ, इंजन को तेजा सिंह, एक को सवा लाख, विकलांग को सुचाला सिंह, एक आंख वाले को सुजाखा, लोहे को सर्वलोह, रुपए को छिल्लड़, पगड़ी को दस्तार, चीख को अंगीठा, बस को नकवड्डी, मोटरसाइकिल को फटफट, नल को दसनंबरिया, बकरी को आकाशपरी। मरने को असवारा करना, रजाई को अफलातून, किक्कर को गुलाब, साग को सब्जपला, झाड़ू को सुंदरी, लिंग को हन्ना, हाथी को कट्टा, मुर्गे को काजी, लंगोट को खिसकू, चिलम को खोती, राख को खंड, गूंगे-बहरे को गुप्ता, जंग को घल्लूघारा, सूई को चलाकण, जहाज को गड्डा, जहाज चढ़ने को अमृतपान करके सजना, मुसलमान को तुरक, दिन को प्रकाश सिंह, रात को अंजनी।



# दिव्या बोलीं-माकन पर लगाए गए आरोप झूठे और निराधार

## कहा-धारीवाल-जोशी को साफ संकेत, माकन पर उनके आरोप खारिज हैं

जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जोधपुर जिले के ओसियां से कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और जलदाय मंत्री महेश जोशी को एक बार फिर निशाने पर लिया है। 25 सितंबर को विधायक दल की बैठक के बहिष्कार के बाद उठे सियासी बवाल के वक्त से ही दिव्या हमलावर हैं। शांति धारीवाल के अजय माकन पर पायलट के पक्ष में विधायकों को कन्विंस करने के आरोंपों पर अब पलटवार किया है। दिव्या ने अजय माकन पर लगाए गए आरोपों को झूठा और निराधार करार दिया है।

दिव्या ने शांति धारीवाल और महेश जोशी पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया पर लिखा-कांग्रेस अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में सोनिया गांधी का आभार प्रकट करने के लिए एक मात्र प्रभारी महासचिव को मंच से बोलने का मौका दिया। वह अजय माकन थे।

इस बात से कई को साफ इशारा दे दिया है। इस मंच से धारीवाल और जोशी को साफ संकेत हैं कि अजय माकन पर लगाए गए आरोप झूठे और निराधार हैं। पूरी तरह से खारिज कर दिए गए हैं।

25 सितंबर को हुए सियासी बवाल के बाद अजय माकन पर अशोक गहलोत खेमे ने सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनवाने के लिए विधायकों को कन्विंस करने के आरोप लगाए थे। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अजय माकन पर पक्षपात करने के आरोप लगाए थे। धारीवाल ने कहा था कि अजय माकन ने विधायकों को पायलट का नाम सीएम के लिए लेने के लिए कन्विंस किया, इस बात के उनके पास सबूत हैं। महेश जोशी ने भी उस वक्त इशारों में इसी लाइन पर बयान दिए थे।

**माकन का बचाव, धारीवाल पर तीर**



### खड़गे के पदभार समारोह में माकन को अहमियत मिली तो दिव्या ने धारीवाल-जोशी को घेरा

26 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन खड़गे ने एआईसीसी में कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला। खड़गे के पदभार समारोह में केवल राजस्थान प्रभारी अजय माकन को ही भाषण देने का मौका मिला, माकन को मिली इस अहमियत के सियासी मायने हैं। माकन पर पक्षपात के आरोप लगाने के मामले में दिव्या मदेरणा ने इसी बात को लेकर शांति धारीवाल और महेश जोशी को घेरा है। सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने उस दिन अपने इस्तीफे दे दिए और अब नए सिरे से पदाधिकारी बनेंगे। अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे 25 सितंबर को विधायक दल की बैठक के लिए एक साथ ऑब्जर्वर बनकर जयपुर आए थे।

### दिव्या पहले भी तीनों नेताओं को घेर चुकी हैं, लिखा था- शर्म तुम को मगर नहीं आती

19 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव जीतने पर उन्हें बधाई देने के लिए शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ दिल्ली गए थे, उस वक्त भी दिव्या ने तीनों पर निशाना साधा था। उस वक्त दिव्या मदेरणा ने ट्वीट करके तीनों नेताओं के लिए लिखा था- 'काबा किस मुंह से जाओगे 'गालिब', शर्म तुम को मगर नहीं आती। मतलबी दुनिया के रंग है। बैरंग लौटाने वाले रंगीन फूलों के गुलदस्ता देते हुए। यह तो सर्वोच्च अवसरवाद की श्रेणी में ही आता है।'

दिव्या ने लिखा था- हाईकमान के खिलाफ साजिश वाले लोग सबसे पहले हैं जो कांग्रेस के नए अध्यक्ष को बधाई देने दिल्ली गए हैं। संयोग से खड़गे विधायक दल की बैठक में हिस्सा लेने जयपुर भेजे गए ऑब्जर्वर में एक थे, जिन्होंने बाद में अनुशासन समिति को एक लिखित रिपोर्ट सौंपी और जिसके आधार पर नोटिस जारी हुए।

*सीएम गहलोत का अफसरों को संदेश*

# जनता की सेवा में ना-नुकुर किया तो विदाई तय



जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने एक बार फिर आईएएस अधिकारियों के तबादले कर अपनी मंशा साफ कर दी है। सीएम ने 30 से अधिक अधिकारियों के तबादले कर पूरी अधिकारी लॉबी में संदेश दे दिया है कि काम नहीं तो विदाई होगी।

अधिकारी लॉबी पेन डाउन कर राजनीतिक संकट खत्म होने के इंतजार में था, जिसका जवाब शुक्रवार सुबह सीएम ने अधिकारियों के विभाग बदलकर दे दिया है। इस तबादला सूची में वैभव गालरिया को चिकित्सा से मुक्त कर प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग में लगाया गया है।

बता दें कि राजस्थान में अधिकारी वर्ग के लिए यह कोई बड़ी घटना नहीं है। वैसे तो सार्वजनिक निर्माण विभाग में जाना उनका प्रमोशन माना जा रहा है। लेकिन सियासी गलियारों में चर्चा है कि सीएम के सबसे करीबी विभाग से वैभव गालरिया की छुट्टी होना कोई आम घटना नहीं है। सीएम गहलोत अपनी चिकित्सा नीति को लेकर काफी संजीदा हैं, गहलोत राजस्थान को चिकित्सा के क्षेत्र में देश में सबसे बेहतर रखना चाहते हैं। यही कारण है कि गहलोत के हर संबोधन में चिरंजीवी योजना का उल्लेख होता है।

बीते दिन सीएम ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और प्रभारियों के साथ मीटिंग ली थी, जिसमें आईएएस अधिकारी वैभव गालरिया और सीएम गहलोत के बीच सीटी स्कैन मशीन को लेकर विरोधाभास की स्थिति बनी थी, जिसको वरिष्ठ अधिकारी अखिल अरोरा ने संभाला और सीएम को विस्तार से समझाया। लेकिन सीएम किसी भी सूरत में चिकित्सा सेवा में कोई भी कमी बर्दाश्त करने के मूड में दिखे। वहीं, आज कार्मिक विभाग की ओर से जारी संदेश में उनकी मंशा साफ हो गई, जब वैभव गालरिया को चिकित्सा से मुक्त कर टी रविकांत को उनका पद दे दिया गया।

बताते चलें, 30 अधिकारियों की लिस्ट में अभय कुमार को भी एक बड़ी जिम्मेदारी से मुक्त कर पंचायती राज विभाग दिया गया है। आनंद कुमार को गृह की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गहलोत ने पूरी अधिकारी लॉबी को लेकर संदेश साफ कर दिया है कि प्रदेश में राजनीतिक संकट की आड़ में चल रहे अधिकारी अब काम से मुंह नहीं मोड़ पाएंगे, मुख्यमंत्री की नजर सब पर बनी हुई है।

# महिलाओं को गहलोत सरकार की शक्ल बिगाड़नी चाहिए : पूनिया

## कहा-कांग्रेस आई बिजली गई, अब फ्यूल सरचार्ज की मार




जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने प्रदेश में 21 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज बढ़ाए जाने पर प्रदेश की गहलोत सरकार को घेरा है। पूनिया ने जयपुर ग्रामीण इलाके के एक पावर हाउस में खड़े होकर वीडियो के जरिए कहा- मैं आज बिजली घर के पास खड़ा हूं। मजबूर, विवश हूं लाचार हूं। आम तौर पर दीपावली पर तोहफे दिए जाते हैं। लेकिन राजस्थान की अशोक गहलोत की कांग्रेस पार्टी की सरकार ने झटके दिए हैं। बिजली के झटके तो कम हैं, लेकिन बिल के झटके ज्यादा हैं। फ्यूल सरचार्ज के नाम पर पहली बार नहीं दर्जनों बार हुआ है। राजस्थान की जनता को फ्यूल सरचार्ज से एक बार फिर दो-दो हाथ करने होंगे। राज्य की जनता पर 375 करोड़ रुपए का फर्क इससे पड़ेगा। उपभोक्ताओं पर सीधे-सीधे मार पड़ने वाली है। ये वही सरकार है- जिसने कहा था हम सस्ती, क्वालिटी वाली और पूरी बिजली देंगे। भीषण गर्मी में बच्चे, जिनकी परीक्षाएं थीं। आम आदमी इससे रूबरू होता रहा। उन्हें बिजली नहीं मिलती थी। ये सच है कि 'कांग्रेस आई और बिजली गई' का जुमला चरितार्थ हुआ। अब जिस तरह फ्यूल सरचार्ज की मार पड़ी है। मुझे लगता है कि राजस्थान में खास तौर पर महिलाओं का घर का बजट बिगड़ गया है। महिलाओं को इस सरकार की शक्ल बिगाड़ देनी चाहिए।

राजस्थान डिस्कॉम ने प्रदेश में दीपावली का त्योहार निकलते ही भाईदूज के दिन 27 अक्टूबर को फ्यूल सरचार्ज का झटका बिजली उपभोक्ताओं को दे दिया है। साल 2021-22 के थर्ड क्वार्टर यानी अक्टूबर-नवम्बर और दिसम्बर 2021 के लिए उपभोक्ताओं पर 21 पैसे प्रति यूनिट की रेट से बिजली बिलों में राशि वसूल की जाएगी। सिर्फ कृषि उपभोक्ताओं पर यह फ्यल सरचार्ज नहीं लगेगा। इससे पहले साल 2021-22 के दूसरे क्वार्टर का फ्यूल सरचार्ज 24 पैसे प्रति यूनिट की रेट पर बिजली उपभोक्ताओं से वसूला गया था।

### चूरू की महिला ने दो बच्चों को लेकर रेलवे ट्रैक पर लगाई छलांग

बीकानेर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीकानेर में एमआर होटल के सामने रेलवे ट्रैक पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला अपने दो बच्चों के साथ ट्रेन के आगे ट्रेन कूद गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद लोग सकपका गए। मौजूद लोगों ने महिला को तुरंत वहां से हटाया। लोगों ने हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया।

बता दें कि चूरू की रहने वाली महिला विमला अपने दो बच्चों के साथ कोटगेट थाना क्षेत्र के एमआर होटल के सामने रेलवे ट्रैक पर आ रही ट्रेन के आगे कूद गई। महिला के साथ उसके बच्चे गुरु जीत को चोट आई है। जबकि एक बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है। महिला चूरू जिले में छापर एरिया के खालिया गांव की बताई जा रही है। उसका पति डीआरएम ऑफिस की इंजीनियरिंग शाखा में सीनियर क्लर्क है।

# 30 आईएएस के तबादले, 4 कलेक्टर बदले गए

*टीना डाबी के पति को बीकानेर भेजा; आनंद कुमार गृह विभाग के प्रमुख सचिव*

जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्य सरकार ने 30 आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं, जबकि छह आईएएस को एडीशनल चार्ज दिया है। मुख्य विभागों में बड़े फेरबदल के साथ चार जिलों के कलेक्टर भी बदले गए हैं। इस लिस्ट में सबसे चौंकाने वाला नाम गृह विभाग के एसीएस अभय कुमार का है। कुमार का ट्रांसफर ग्रामीण विकास विभाग के एसीएस के पद पर किया गया है। उनकी जगह राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव आनंद कुमार को गृह विभाग के प्रमुख सचिव के पर पर लगाया है।

पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव नवीन महाजन का तबादला पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष पद पर कर दिया है। अब तक मेडिकल एज्यूकेशन विभाग संभाल रहे वैभव गालरिया को पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव के पद पर लगाया है। वहीं, खान विभाग के प्रबंध निदेशक प्रदीप गवांडे को बीकानेर उपनिवेशन आयुक्त के पद पर लगाया गया है। गवांडे जैसलमेर कलेक्टर टीना डाबी के पति हैं।



रुक्मणि रियार अब हनुमानगढ़ कलेक्टर | प्रदीप गवांडे को माइनिंग से हटाया

### श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ के कलेक्टर बदले

नई ट्रांसफर लिस्ट में श्रीगंगानगर कलेक्टर रुक्मणि रियार का हनुमानगढ़ कलेक्टर पद पर तबादला किया गया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव लक्ष्मीनारायण मंत्री को डूंगरपुर कलेक्टर के पद पर पोस्टिंग दी गई है। प्रतापगढ़ कलेक्टर सौरभ स्वामी को श्रीगंगानगर कलेक्टर और डूंगरपुर कलेक्टर इंद्रजीत यादव को प्रतापगढ़ कलेक्टर बनाया गया है।

### नेहरा होंगे जयपुर संभागीय आयुक्त

जयपुर के संभागीय आयुक्त विकास सीतारामजी भाले का तबादला श्रम विभाग में सचिव और आयुक्त के पद पर किया गया है। उनकी जगह अब अंतर सिंह नेहरा जयपुर संभागीय आयुक्त होंगे। नेहरा साल भर पहले जयपुर में कलेक्टर थे। रीट विवाद के बाद उनका तबादला किया गया था। वहीं, खाद्य विभाग के सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर को टी रविकांत की जगह राजस्थान राज्य प्रसारण निगम के सीएमडी और राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

### विवाद के चलते रोडवेज सीएमडी हटाए गए

रोडवेज सीएमडी संदीप वर्मा का तबादला अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव के पद पर कर दिया है। संदीप वर्मा ने हाल ही रोडवेज के एक मुकदमे में एएजी मेजर आरपी सिंह पर सही पैरवी नहीं करने का आरोप लगाते हुए सरकार को चिट्ठी लिखी थी। संदीप वर्मा की जगह अब नथमल डिडेल को रोडवेज एमडी के पद पर लगाया है। डिडेल अभी हनुमानगढ़ कलेक्टर हैं।

# 2023 से पहले बीजेपी-कांग्रेस में नया अध्यक्ष चुनने की चुनौती

*दोनों पार्टियों में नेतृत्व बदलने की संभावना, खेमेबाजी के बीच समीकरण साधने में जुटीं*

**कांग्रेस और बीजेपी दोनों के बदल सकते हैं प्रदेशाध्यक्ष**



गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष | सतीश पूनिया, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष

जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पड़ोसी राज्य गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ ही राजस्थान में भी 2023 विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। राजस्थान में दोनों ही पार्टियों कांग्रेस और बीजेपी ने 2023 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मगर दोनों ही पार्टियों में चुनाव से ठीक एक साल पहले प्रदेश संगठन के मुखिया को लेकर स्थितियां स्पष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों में ही पार्टी प्रदेशाध्यक्ष बदला जा सकता है। दोनों ही पार्टियों में खेमेबाजी और आपसी मनमुटाव इसका बढ़ा कारण माना जा रहा है।

एक ओर कांग्रेस में जहां हाल ही में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस में लगातार सियासी संकट चल रहा है। नया अध्यक्ष बनने और संगठन में भी कई खेमेबाजी के चलते ये कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस राजस्थान में अपना प्रदेशाध्यक्ष बदल सकती है। अगर मुख्यमंत्री की सीट पर कोई बदलाव नहीं होता है तो पावर बैलेंसिंग के लिए प्रदेशाध्यक्ष की सीट दूसरे खेमे को जा सकती है। ऐसा हुआ तो प्रदेशाध्यक्ष बदलना तय है।

वहीं, दूसरी ओर बीजेपी में भी लगातार प्रदेश नेतृत्व को लेकर अंदरखाने सवाल उठते रहे हैं। बीजेपी में प्रमुख नेताओं के अलग-अलग दौरे और आपसी मनमुटाव के किस्से हाईकमान तक भी पहुंच चुके हैं।

# राजस्थान के नए डीजीपी होंगे उमेश मिश्रा

*सरकार पर संकट के दौरान डीजी इंटेलिजेंस रहे, अब संभालेंगे पुलिस मुखिया का पद*

जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के अगले डीजीपी के नाम पर गहलोत सरकार ने मुहर लगा दी है। सरकार पर संकट के दौरान डीजी इंटेलिजेंस रहे उमेश मिश्रा प्रदेश के 35वें डीजीपी होंगे। इस सिलसिले में राज्य सरकार ने गुरुवार रात साढ़े 11 बजे आदेश भी जारी कर दिए। मौजूदा डीजीपी एमएल लाठर 3 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। इसके बाद उमेश मिश्रा अपना कार्यभर संभालेंगे।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी उमेश मिश्रा को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक मिल चुका हैं। मिश्रा ने राजस्थान पुलिस में सबसे पहले 1992 से 94 में एएसपी रामगंज के पद पर कार्य किया। इसके बाद वह चूरू, भरतपुर, पाली, कोटा सिटी में जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद भी रहे। 1999 से 2005 तक दिल्ली में केंद्रीय खुफिया एजेंसी आईबी में असिस्टेंट डायरेक्टर का चार्ज संभाला।



उन्होंने 2005 से 2007 तक डीआईजी एसीबी के पद पर काम किया। 2007 में आईजी एटीएस की जिम्मेदारी निभाई। इसी तरह मिश्रा 2009 में आईजी विजिलेंस के पद पर भी रहे। दोबारा आईजी बनने के बाद मिश्रा ने एसीबी जॉइन की। साल 2011 और 12 में आईजी जोधपुर के पद पर भी काम कर चुके हैं। साल 2014 में एडीजी एटीएस के पद पर काम किया। वर्ष 2014-15 में मिश्रा को एडीजी एसडीआरएफ के पद पर भी लगाया गया। साल 2015-16 में मिश्रा को एडीजी सिविल राइट्स में लगाया गया। वर्ष 2016 से 19 तक मिश्रा एटीएस-एसओजी में एडीजी के पद पर रहे। 2019 से मिश्रा अब तक निरंतर एडीजी-डीजी इंटेलिजेंस के पद पर काम कर रहे हैं।

### गहलोत सरकार बनने के बाद से ही इंटेलिजेंस की कमान

यूपी के कुशीनगर निवासी मिश्रा गहलोत सरकार बनने के बाद से इंटेलिजेंस की कमान संभाल रहे हैं। पहले एडीजी थे, फिर डीजी बने। 2020 के सियासी संकट के दौरान पूरा खुफिया तंत्र उन्होंने संभाला था। कई गोपनीय सूचनाएं पहुंचाईं। बताया जा रहा है कि इसके सहारे ही कांग्रेस संकट से उबर पाई। मिश्रा चूरू, भरतपुर, पाली व कोटा सिटी के एसपी, भरतपुर व जोधपुर में आईजी रहे। एसीबी, एटीएस-एसओजी, में सेवाएं दे चुके हैं। साल 1999 से 2005 तक डेप्यूटेशन पर भी थे।

'नोट पर गांधी के साथ हो लक्ष्मी-गणेश का फोटो'

# केजरीवाल के बयान का राजस्थान करणी सेना ने किया समर्थन

जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीएम अरविंद केजरीवाल ने भारतीय मुद्रा पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का फोटो लगाने की मांग केंद्र सरकार के सामने रखी है। इसके बाद से केजरीवाल के बयान पर अलग-अलग टिप्पणियां आ रही हैं। ऐसे में राजस्थान करणी सेना ने सीएम केजरीवाल का समर्थन किया है। राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने मां लक्ष्मी और प्रथम पूज्य भगवान गणेश का फोटो भारतीय मुद्रा पर छापने की बात कही है, वह सराहनीय है। अगर ऐसा होता है तो यह हम सभी के लिए सम्मान और गौरव की बात होगी। उन्होंने कहा, लक्ष्मी और गणेश का फोटो भारतीय मुद्रा पर होनी चाहिए।

केजरीवाल की इस मांग का जो लोग विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह पता होना चाहिए कि मां लक्ष्मी खुद अपने आप में मुद्रा का प्रतीक हैं। ऐसे में अगर कोई कहे कि मां लक्ष्मी का फोटो लगाने से किसी पार्टी या नेता को इसका फायदा मिलेगा तो यह गलत है। भारतीय मुद्रा पर धन की देवी महालक्ष्मी व प्रथम पूज्य गणेश जी की फोटो का होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है और अगर शिवाजी की फोटो भारतीय मुद्रा पर होने की अगर मांग आती है तो उन्हीं के पूर्वज उनसे बड़े प्रातः स्मरणीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भी फोटो लगनी चाहिए। मकराना ने कहा, अगर इंडोनेशिया जैसे मुस्लिम देश में उनकी सरकारी मुद्रा पर भगवान गणेश और लक्ष्मी का फोटो हो सकती है तो फिर हिंदुस्तान में क्यूं न हो?

# दुनिया की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा का लोकार्पण आज



राजसमंद, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा बनकर तैयार हो गई है। शनिवार (29 अक्टूबर) को उसका लोकार्पण समारोह शुरू होने जा रहा है। राजस्थान में राजसमंद जिले के नाथद्वारा में बनी शिव प्रतिमा की ऊंचाई 369 मीटर है, जिसे विश्वास स्वरूपम नाम दिया गया है। बता दें कि प्रतिमा को बनाने में 10 साल का समय लगा है। इसे दुनिया की टॉप-5 ऊंची प्रतिमाओं में स्थान मिला है। इसे संत कृपा सनातन संस्थान द्वारा तैयार किया गया है। लोकार्पण समारोह 29 अक्टूबर से शुरू होकर 6 नवंबर तक चलेगा और इसकी शुरूआत मुरारी बापू की राम कथा से होगी। नाथद्वारा की गणेश टेकरी पर बनी यह प्रतिमा 51 बीघा की पहाड़ी पर बनी है।

इस प्रतिमा में भगवान शिव ध्यान एवं अल्लड़ की मुद्रा में विराजित हैं। प्रतिमा की ऊंचाई इतनी है कि जो कई किलोमीटर दूर से ही नजर आने लग जाती हैं। रात में भी यह प्रतिमा स्पष्ट रूप से दिखाई दे, इसके लिए विशेष लाइट्स की व्यवस्था भी की गई है। 369 फीट ऊंची इस प्रतिमा के विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा बनने की कहानी भी दिलचस्प है। रिपोर्ट के अनुसार, जब साल 2012 में इस प्रतिमा को बनाने का प्लान तैयार हुआ तो इसकी ऊंचाई 251 मीटर रखने की योजना बनाई गई। लेकिन बाद में निर्माण के दौरान इसकी ऊंचाई 351 मीटर तक पहुंच गई। इसके बाद शिव की जटा में गंगा की जलधारा लगाने की योजना बनाई गई, तो इसकी ऊंचाई 369 मीटर तक पहुंच गई।

# एटीएम मशीन से हेराफेरी के मामले में दो गिरफ्तार



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी की आसिफनगर पुलिस ने एटीएम केन्द्रों में लगी मशीन में छेड़छाड़ करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बिहार के रहने वाले अताउल्ला खान उर्फ अता उर्फ दानिश और सुरेंद्र कुमार उर्फ मंटू सिंह शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों से 2.50 लाख रुपए और विभिन्न बैंकों के एटीएम बरामद किया है। इस मामले में एक अन्य आरोपी बीरू पांडे फरार है। को अंजाम दिया। इस मामले में वेस्ट जोन के डीसीपी जोएल डेविस ने बताया कि आरोपी अताउल्ला खान उर्फ अटा उर्फ दानिश व सुरेंद्र कुमार उर्फ मंटू सिंह बिहार राज्य के गया जिले के रहने वाले हैं और राहुल इंटरनेशनल होटल सिकंदराबाद में रह रहे थे। वे कुख्यात 'एटीएम कार्ड ध्यान भटकाने वाले अपराधी' हैं। प्रारंभ में, उन्होंने विभिन्न बैंकों के कई एटीएम कार्ड एकत्र किए जो एटीएम केंद्रों पर छोड़े गए थे। वे घूमकर एटीएम केंद्रों का निरीक्षण करते हैं, और एक एटीएम केंद्र का चयन करते हैं। उनमें से एक चयनित एटीएम केंद्र में प्रवेश करेगा और मशीन में चिप पर लगाए गए एटीएम कार्ड गोंद को डालकर एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करेगा, जिसके कारण एटीएम मशीन काम नहीं करेगी। अगले कुछ लेन-देन के लिए और वे उन वृद्धों और अनपढ़ व्यक्तियों की प्रतीक्षा करेंगे जो एटीएम मशीन को संचालित करने में सक्षम नहीं हैं। फिर आरोपी पीड़ित के पास पैसे निकालने में उनकी मदद करने का काम करता है। लेकिन, अपना एटीएम पिन जानने के बाद, वे पीड़ित को डायवर्ट कर देते हैं और मूल एटीएम कार्ड को उसी बैंक के एटीएम कार्ड से बदल देते हैं और वहां से भाग जाते हैं। फिर वे अन्य एटीएम केंद्रों से उपलब्ध पैसे निकालते हैं और उनके पास उपलब्ध स्वाइप मशीन में चोरी हुए कार्ड को भी स्वाइप करते हैं। आरोपियों ने हैदराबाद सिटी के विभिन्न थानों में 10 से अधिक मामलों में शामिल होना स्वीकार किया है।

# एमएलसी कविता ने अजमेर दरगाह में चादर चढ़ाई



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीआरएस एमएलसी कल्वाकुंतला कविता ने शुक्रवार को राजस्थान में अजमेर दरगाह का दौरा किया और चादर पेश की। इस मौके पर दरगाह के बुजुर्गों ने उनका भव्य स्वागत किया। बाद में, कविता ने मीडिया से कहा कि उन्होंने प्रार्थना की है कि तेलंगाना राज्य सभी क्षेत्रों में समृद्ध हो। यह कहते हुए कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने राज्य में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, उन्होंने कहा कि तेलंगाना केसीआर के नेतृत्व में धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक के रूप में खड़ा है।

बाद में, एमएलसी कविता ने पुष्कर और श्रीनाथजी मंदिरों का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। उनके साथ बोधन विधायक शकील की पत्नी आयशा, जीएचएमसी के पार्षद मोहम्मद बाबा फसीउद्दीन, टीआरएस के वरिष्ठ नेता आजम अली, कुद्दूस, नवीद इकबाल, अलीम और अन्य लोग थे।

# भिवाड़ी में वैश्य प्रतिभाओं को कल सम्मानित करेंगे डॉ. गिरीश कुमार संघी

हरियाणा, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन 30 अक्टूबर को गुरुग्राम में अन्नकूट महोत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इस महोत्सव में हिन्दु समाज की सभी जाति एवं वर्ग के 50 हजार से अधिक लोगों के भाग लेने की संभावना है।

महोत्सव में शामिल होने वाले लोगों का वैश्य समाज की महिलाएं चंदन का तिलक लगाकर स्वागत करेंगी। गुरुग्राम की लेजरवैली में आयोजित महोत्सव में आनंद पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर बालकानंद गिरी, स्वामीनारायण मंदिर के साधु मुनिवत्सलदास, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी नरेन्द्रानंद, महास्वामी जी, तिजारा के जैनसंत सौरभसेन भट्टारक पट्टाचार्य के दर्शन एवं आशीर्वचन होंगे। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. गिरीश कुमार संघी, राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर गोपाल मोर, केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इन्द्रजीत सिंह, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल, राज्यसभा सदस्य सुशील गुप्ता, राज्यसभा सदस्य एनडी गुप्ता, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, महापौर मधु आजाद और हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राजीव जैन अन्नकूट महोत्सव में विशेष रूप से शामिल होंगे। इस महोत्सव में भजन सम्राट कन्हैया लोगों को भक्ति रस के भजनों से सराबोर करेंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल और गुरूग्राम जिलाध्यक्ष डॉक्टर मंदीप किशोर गोयल ने देते हुए बताया कि यह गुरूग्राम में पहला विशाल अन्नकूट महोत्सव होगा।

श्री अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि यह विशुद्ध रूप से धार्मिक महोत्सव है। इसका राजनीति या किसी पार्टी विशेष से कोई सरोकार नहीं है। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर गिरीश कुमार संघी अन्नकूट महोत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह में भाग लेने से पहले राजस्थान के भिवाड़ी में चतुर्दश जिला स्तरीय वैश्य प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि होंगे और वैश्य प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे। समारोह में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. गोपाल मोर विशिष्ट अतिथि होंगे। अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा के आजीवन संरक्षक (मण्डावर वाले) रमेशचन्द्र खण्डेलवाल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेगें। वैश्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन वैश्य महासंघ समिति भिवाड़ी कर रही है।

# एनएमडीसी को राजभाषा कार्यान्यन के लिए मिला प्रथम पुरस्कार



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एनएमडीसी मुख्यालय को नगर राजभाषा कार्यांवयन समिति, हैदराबाद से प्राप्त हुआ राजभाषा कार्यांवयन के लिए मध्यम आकार कार्यालय वर्ग में प्रथम पुरस्कार और साथ ही मुख्यालय की राजभाषा पत्रिका को प्रकाशित पत्रिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। नगर राजभाषा कार्यांवयन समिति की अर्ध वार्षिक बैठक एवं वार्षिक समारोह के दौरान ये पुरस्कार प्रदान किए गए। यह पुरस्कार मुख्य महाप्रबंधक जे.पी.सिंह एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) रुद्रनाथ मिश्र ने प्राप्त किया। श्री मिश्र ने उक्त पुरस्कार के लिए अपने विभाग के सभी सहयोगियों का आभार जताया।



ज्वेलर्स एण्ड पार्न बोकर्स एसोसिएशन के चेयरमैन डी. मोहनदास, अध्यक्ष श्रवण कुमार दाधिच, उपाध्यक्ष धर्माराम ढाका, राजसिंह राठोड का सम्मान करते हुए विट्ठल दाधिच, मदनलाल प्रजापत, गोवर्धन अग्रवाल व अन्य।



पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव से मिलकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए गोशामहल बीआरएस नेता भबूतसिंह राजपुरोहित, किशोर सिंह राजपुरोहित, करणीसेना अध्यक्ष भग़वत सिंह बालावत, गोवर्धन सिंह राजपुरोहित, गौतम सिंह राजपुरोहित व अन्य।



लंगरहाउस स्थित आरामैसम्मा मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए भाजपा पार्षद राकेश जायसवाल, सूर्या व अन्य।



नगर में यादव समुदाय द्वारा आयोजित सदर कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाग लेते हुए समाजसेवी नंदकिशोर व्यास बिलाल, पार्षद शंकर यादव, पांडु यादव, नरेंद्र यादव, गोपी यादव, रमेश यादव व अय।

# संगीत, नृत्य और कला में अपनी प्रतिभा दिखाए हर छात्र : डीसीपी संदीप




हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बालानगर जोन के पुलिस उपायुक्त संदीप गोन ने कहा कि प्रत्येक छात्र संगीत, नृत्य और कला में रचनात्मक प्रतिभा दिखाएं, जो लोगों को अधिक आकर्षित करे और सभी के लिए रोल मॉडल बने। डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल ने शुक्रवार को हैदराबाद के पास मलकाजगिरी जिले के दुलापल्ली में डीआरएस इटरनेशनल स्कूल के परिसर में "म्यूजिकल मिस्ट्री" नाम से एक अंतर-विद्यालय संगीत, नृत्य और कला प्रतियोगिता का आयोजन किया।

शहर के लगभग 30 स्कूलों से चुने गए 500 से अधिक छात्रों ने सबसे मधुर गीतों के साथ अपनी शैली में गीत गाए और बैले, टैप, मॉडर्न, जैज़, वेस्टर्न, क्लासिकल और लोक नृत्य जैसी नृत्य शैलियों के माध्यम से विचारों और भावनाओं को व्यक्त किया। विशेष रूप से बच्चों के वाद्य यंत्रों और संगीत ने जुगलबंदी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनोवेटिव डांस कंपोजिंग से बच्चों के डांस पोज ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। इससे पूर्व बाला नगर अंचल के पुलिस उपायुक्त संदीप गोन ने "म्यूजिकल मिस्ट्री" अंतर-विद्यालय संगीत, नृत्य और कला प्रतियोगिताओं का उद्घाटन करने के लिए पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक गर्व अग्रवाल ने की, जबकि संस्थापक अध्यक्ष दयानंद अग्रवाल, निदेशक अंजनी कुमार अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल जी. ढिल्लों, स्कूल हेड ऑफ आर्ट्स धवल चेंडे ने भाग लिया। संदीप गोन ने कहा कि टॉलीवुड, बॉलीवुड और हॉलीवुड के संगीत और गीतों का अनुसरण करने के बजाय, छात्रों ने तेलुगु, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में विभिन्न गीत गाए और अपने रचनात्मक विचारों और नवीन नृत्य रचना के साथ मनोरंजन किया। उन्होंने कहा कि पंजाबी नृत्य शैलियों में लड़कियों को उनके चतुर नृत्य से मंत्रमुग्ध कर दिया गया। उन्होंने कहा कि गीत और नृत्य को बढ़ावा देने के लिए लोगों को नृत्य के महत्व के बारे में शिक्षित करने की जरूरत है। डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक गर्व अग्रवाल ने कहा कि हम छात्रों की कला, संगीत और नृत्य शिक्षा को बढ़ाने के लिए समर्पित हैं और उन्हें कलात्मकता में सर्वश्रेष्ठ लाने के लिए प्रेरित करते हैं और एक मजेदार माहौल में "म्यूजिकल मिस्ट्री" नाम से इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने हर प्रदर्शन में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रमाण पत्र, पुरस्कार और स्मृति चिन्ह जीते।

## कोर्ट ने राजा सिंह की पीडी एक्ट याचिका की सुनवाई सोमवार तक स्थगित कर दी

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने आज भाजपा विधायक टी. राजा सिंह की पीडी अधिनियम रद्द करने की याचिका के मामले की सुनवाई अगले सप्ताह सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। भगवा पार्टी के विवादास्पद विधायक की पत्नी ने याचिका दायर कर उच्च न्यायालय से शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद द्वारा उनके पति के खिलाफ जारी पीडी अधिनियम की कार्यवाही को रद्द करने का आग्रह किया था। एचसी ने कहा कि वह सोमवार दोपहर 2.30 बजे मामले की सुनवाई करेगा।



केन्द्रीय वरिष्ठ मंत्री पीयूष गोयल के नगरामन पर उनसे मुलकात कर राज्य की ताजा राजनीतिक स्थिति के बारे में विचार-विमर्श करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता सोहनलाल कडेल व अन्य।

## नगरद्वय में छठपूजा की तैयारी में जुटा जनसेवा संघ

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जनसेवा संघ के तत्वावधान में छठ महापर्व 2022 का नगरद्वय में आयोजन संघ के उत्सव समिति के नेतृत्व में किया जाएगा। शहर की परिधि तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में करीब 27 घाटों पर छठ महापर्व 2022 का आयोजन के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। संघ के समर्पित पदाधिकारी, सदस्य, घाट प्रभारी मिलकर एवं तेलंगाना सरकार से सहयोग लेकर दिन-रात की मेहनत से सभी घाटों की कार्य की तैयारी अंतिम चरण में है। करीब-करीब पूरा होने की स्थिति में है जिसके लिए जन सेवा संघ केंद्रीय समिति की ओर से सभी पदाधिकारीगण, सदस्यगण, संरक्षक महोदयगण, घाट व्यवस्थापकगण, समर्पित कार्यकर्ता गणों को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई।

केंद्रीय समिति के पदाधिकारी एवं उत्सव समिति के प्रभारी एवं रानीगंज छठ पूजा समिति के साथ मिलकर नेकलेस रोड छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया एवं पूरी तैयारी से संतुष्ट हुए एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए कुछ निर्देश दिए।

# एमएलए हार्स ट्रेडिंग मामला : पुलिस ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए, जिसने तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के चार विधायकों को कथित तौर पर अवैध शिकार करने की कोशिश करने वाले तीन लोगों के लिए न्यायिक रिमांड की मांग वाली पुलिस याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद साइबराबाद पुलिस ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

पुलिस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले की जांच तेजी से करने की मांग की है। याचिका पर प्रतिक्रिया देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि वह शनिवार को मामले की समीक्षा करेगा।

इस बीच, पुलिस ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कोर्ट के न्यायाधीश के आदेश के बाद रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंदा कुमार और सिंह्याजी स्वामी को रिहा कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, अदालत के आदेश के बाद आरोपियों को रिहा करने वाली पुलिस कथित तौर पर मामले में अपनी अगली कार्रवाई के लिए कानूनी राय ले रही है। ज्ञात हुआ है कि तंदूर विधायक पायलट रोहित रेड्डी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने दिल्ली के रामचंद्र भारती, हैदराबाद के नंद कुमार और तिरुपति के सिम्हायाजी स्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश), 171-बी (रिश्वत) के साथ 171-ई (रिश्वत की सजा), 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) 34 के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी ने उसे 100 करोड़ रुपये की पेशकश की। उन्होंने मौद्रिक लाभ के लिए केंद्र सरकार के सिविल अनुबंध कार्यों और अन्य उच्च केंद्र सरकार के पदों को देने की पेशकश की और उन्हें भाजपा में शामिल होने का लालच दिया।

विधायक ने पुलिस को बताया कि उन्होंने चेतावनी दी कि अगर वह भाजपा में शामिल नहीं होते हैं, तो आपराधिक मामले होंगे और ईडी/सीबीआई द्वारा छापे मारे जाएंगे और टीआरएस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार को उनके द्वारा गिरा दिया जाएगा। आरोपी ने तीन अन्य विधायकों को भाजपा में शामिल होने के लिए 50-50 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की। हालांकि कोर्ट ने सबूतों के अभाव में उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजने से इंकार कर दिया। अदालत ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मामले पर लागू नहीं होता, क्योंकि रिश्वत के पैसे का कोई सबूत नहीं है। इससे टीआरएस को झटका लगा है, जो भाजपा पर सरकार को अस्थिर करने के लिए अपने विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगा रही है। उधर, गिरफ्तारी से राज्य की राजनीति में कोहराम मच गया था। भाजपा के विरोध में मंत्री, टीआरएस सांसद, विधायक और अन्य नेता सड़कों पर उतर आए थे। भगवा पार्टी ने आरोपों से इनकार किया था और दावा किया था कि मुनुगोड़े विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर राजनीतिक लाभ लेने के लिए मुख्यमंत्री केसीआर द्वारा नाटक की पटकथा लिखी गई है। हालांकि ऐसी अटकलें थीं कि पुलिस ने फार्महाउस से भारी नकदी बरामद की, लेकिन अदालत के समक्ष ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया गया। इस बीच, रिहाई के बाद, नंदा कुमार ने दावा किया कि वे पूजा के लिए फार्महाउस पर थे।

## बीजेपी का हॉर्स-ट्रेड : दूसरा ऑडियो सामने आया



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा उर्फ स्वामीजी और नंदकुमार के चार टीआरएस विधायकों को भाजपा में लाने के लिए चर्चा करने के बारे में एक ऑडियो क्लिप सामने आने के कुछ घंटे बाद, एक दूसरा ऑडियो क्लिप भी सामने आया है। इस बार और सबूतों के साथ कैसे बीजेपी टीआरएस सरकार गिराने की योजना बना रही थी, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह खुद साजिश में शामिल हैं।

मुनुगोड़े उपचुनाव से पहले की जाने वाली शुरुआत के साथ, टीआरएस सरकार को गिराने के लिए भाजपा की भव्य योजनाओं का खुलासा दोनों ऑडियो क्लिप से होने की बात कही जा रही है। 27 मिनट की दूसरी क्लिप में, नंदकुमार स्वामीजी के रूप में संबोधित करते हैं, जिसे रामचंद्र भारती या सिंह्याजी कहा जाता है, यह कहते हुए सुना जाता है कि भाजपा के राज्य नेतृत्व को दरकिनार किया जा रहा है, केंद्र सीधे सौदे को संभाल रहा है। अधिकांश चर्चा मुनुगोड़े उपचुनाव से पहले तंदूर विधायक रोहित रेड्डी को पाने के इर्द-गिर्द घूमती है, स्वामीजी ने कहा कि 100 करोड़ रुपये कोई समस्या नहीं है और भाजपा मौजूदा विधायकों को पाने के लिए कुछ भी निवेश करने के लिए तैयार है। बातचीत से यह भी पता चलता है कि भाजपा दिल्ली में पहले से ही तार खींच रही है, जहां "43" आने के लिए तैयार हैं। स्वामीजी पार्टी में शामिल होने वालों को केंद्रीय सुरक्षा का भी आश्वासन देते हैं।

# पावरग्रिड को मिला चिकित्सा संचालन में विशिष्ट संसाधन जुटाने के लिए रेड क्रॉस गोल्ड मेडल




विजयवाड़ा, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (आईआरसीएस) के अध्यक्ष विश्वभूषण हरिचंदन ने पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न पीएसयू) को चिकित्सा संचालन में विशिष्ट संसाधन जुटाने के लिए रेड क्रॉस गोल्ड मेडल प्रदान किया है। विजयनगरम जिले के कुरुपम गांव में शिविर और आंध्र प्रदेश राज्य के चित्तूर में ब्लड बैंक के निर्माण के लिए।

पावरग्रिड को लगातार तीसरी बार समाज की सेवा में अपने योगदान के लिए इस रेड क्रॉस गोल्ड मेडल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पावरग्रिड की ओर से राजेश श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक (दक्षिणी क्षेत्र- I) ने विजयवाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल से पुरस्कार प्राप्त किया। अपनी सीएसआर पहलों के तहत, आईआरसीएस के साथ पावरग्रिड ने आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर रुपये की अनुमानित लागत पर बहु-विशिष्ट मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए हैं। इसके अलावा, पावरग्रिड आंध्र प्रदेश राज्य में सामुदायिक हॉल, कल्याणमंडप, सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइट, आरओ प्लांट, सीसी सड़कों को बिछाने, एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन, निर्माण के माध्यम से ग्रामीण आजीविका में सुधार के माध्यम से सीएसआर पहल करके लगातार काम कर रहा है।



कुशाईगुड़ा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्व. ओगडराम परिहार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित सखाराम, कानाराम, प्रकाश परिहार, भाजपा नेता सोहनसिंह राजपुरोहित, पुनाराम, प्रकाश, रुपाराम, रामलाल व अन्य।

# बारिश की भेंट चढ़े आज के दोनों मैच


## अफगानिस्तान-आयरलैंड मैच बिना गेंद फेंके रद्द




मेलबर्न, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच आईसीसी टी20 विश्व कप का सुपर 12 मुकाबला शुक्रवार को बारिश के कारण बिना कोई गेंद फेंके रद्द हो गया। अंपायर्स और दोनों कप्तानों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया।

बाकी खिलाड़ियों ने भी अंपायर्स से हाथ मिलाए और इस विश्व कप का एक अन्य मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच का यह मुकाबला बिना टॉस के ही समाप्त हो गया। दोनों टीमों को एक अंक-अंक मिला और इसके साथ ही आयरलैंड अब ग्रुप एक की अंक तालिका में दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। अब यहां से आयरलैंड और अफगानिस्तान दोनों के पास लीग स्टेज में दो मुकाबले बचे हैं। अफगानिस्तान के दो मुकाबले बारिश की भेंट चढ़ गए, जबकि पिछले मुकाबले में आयरलैंड ने डकवर्थ लुईस नियम पद्धति से इंग्लैंड पर जीत दर्ज की। आयरलैंड के कप्तान एंडी बालबिर्नी ने मैच रद्द होने के बाद कहा, काफी दुर्भाग्यपूर्ण रहा। हम कोशिश करेंगे कि अपने अगले दोनों मुकाबले जीतें और सेमीफाइनल में प्रवेश करें। पिछला मैच जीतने के बाद इस मुकाबले के बारिश की भेंट चढ़ जाने से हम जाहिर तौर पर खुश नहीं है। बहरहाल यह हमारे हाथ में नहीं है और हम कल एक नई जगह के लि उड़ान भरेंगे। ब्रिसबेन में एक नए प्रतिद्वंद्वी से हमारा सामना होगा। आगामी मुकाबलों में अच्छा करने का प्रयास करेंगे।

अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने कहा, अधिकतर खिलाड़ी निराश हैं, मैं और राशिद पहले ही इस मैदान पर बिग बैश के दौरान खेल चुके हैं लेकिन अधिकतर खिलाड़ी यहां खेलने का इंतजार कर रहे हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि आज होने वाला अगला मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ जाए और हम श्रीलंका के विरुद्ध अगले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे।




## इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया मैच हुआ रद्द

मेलबर्न, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप 1 में आज सबसे बड़ा मुकाबला होने वाला था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड, यानी एमसीजी में आमने-सामने होने वाली थी। ऑस्ट्रेलिया को पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार मिली थी। इसके बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ शानदार वापसी की। यह मैच दोपहर 1:30 बजे शुरू होना था , लेकिन बारिश होने के कारण मैच रद्द हो गया है।

दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद अहम था। इसकी वजह यह है कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड अपना एक-एक मैच हार चुकी हैं। बारिश के चलते ये मैच धुल गया और दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट दिया गया है। जिसके बाद ग्रुप 1 की पॉइंट टेबल में 3-3 अंकों के साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और चौथे नंबर पर है। बराबर पॉइंट्स होते हुए भी दोनों की रैंकिंग में नेट रन रेट के चलते अंतर है।




**कांटे की टक्कर**

आंकड़ों की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक टी-20 में मुकाबला करीब-करीब बराबरी का रहा है। दोनों के बीच अब तक कुल 25 टी-20 मैच हुए हैं। इसमें से 11 इंग्लैंड ने और 10 ऑस्ट्रेलिया ने जीते। 4 मैच बेनतीजा रहे।

**श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने की वापसी**

टूर्नामेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 25 अक्टूबर को पर्थ में श्रीलंका के खिलाफ जीत के साथ वापसी की। ऑस्ट्रेलिया की धीमी शुरुआत के बाद 158 रन के टारगेट का पीछा करना मुश्किल लग रहा था। इसके बाद ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस आए और उन्होंने 18 बॉल में 59 रन की शानदार नाबाद पारी खेली और 16.3 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को उम्मीद थी कि स्टोइनिस इंग्लैंड के खिलाफ भी ऐसा ही करिश्मा करें लेकिन मौसम ने इस पर पानी फेर दिया।

## गांगुली कोलकाता मैदान के 2 कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में



कोलकाता, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने के अपने पहले के फैसले से पीछे हटने और अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली को अध्यक्ष पद के लिए नामित करने के बाद अब कोलकाता मैदान के दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों - एटीके मोहन बागान और पूर्वी बंगाल के बीच संतुलन बनाने में लग गए हैं। मुख्य रूप से फुटबॉल मैदान अपनी सदियों पुरानी प्रतिद्वंद्विता के लिए जाना जाता है, इन दो प्रतिद्वंद्वी क्लबों की अपनी क्रिकेट टीमें भी हैं और इसलिए सीएबी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जिसके लिए एजीएम 31 अक्टूबर को निर्धारित है।

गांगुली ने कैब अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ने के अपने फैसले की घोषणा की और अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली को नामित किया, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी में बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था और इस बोर्ड में सचिव हैं। भारत के पूर्व कप्तान ने अपने फैसले की घोषणा के तुरंत बाद अपने भाई के साथ ईस्ट बंगाल क्लब का दौरा किया और वहां के अधिकारियों के साथ बातचीत की। अफवाहें हैं कि इस यात्रा का उद्देश्य पूर्वी बंगाल के अधिकारियों के साथ मतभेदों को सुलझाना था, जो निर्विरोध चुने जाने वाले पदाधिकारियों के पैनल पर असंतुष्ट थे।

हालांकि, यह महसूस करते हुए कि इससे पूर्वी बंगाल के चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान नाराज हो सकता है, जहां गांगुली अपनी घोषणा के अनुसार एक निदेशक के रूप में वापस आने वाले हैं, उन्होंने मंगलवार को एटीके के टेंट का दौरा किया और वरिष्ठ अधिकारियों देबाशीष दत्ता और स्वपन बनर्जी के साथ विस्तृत बातचीत की। गांगुली ने पैनल का पूरे दिल से समर्थन करने के लिए मोहन बागान के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को लेकर बीसीसीआई के फैसले का स्वागत

### *शाहरुख खान बोले-कितना बढ़िया फ्रंट फुट शॉट है*




नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुपरस्टार शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया की तारीफ की है। दरअसल बीसीसीआई के सेक्रेटरी जय शाह ने हाल ही में घोषणा की कि वो महिला और पुरुष क्रिकेट खिलाड़ियों को समान फीस देने और सालों से चलते आ रहे भेदभाव को खत्म करने जा रहे हैं। इस खबर को सुनने के बाद फैंस से लेकर सेलेब्स तक खुश हैं और सोशल मीडिया के जरिए अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं।

**कितना बढ़िया फ्रंट फुट शॉट है**

इस पर शाहरुख खान ने रिएक्ट करते हुए अपने पोस्ट में लिखा, 'कितना बढ़िया फ्रंट फुट शॉट है, खेल वैसे भी देखा जाए तो कई चीजों में बराबरी सिखाता है। उम्मीद है कि ये फैसला दूसरों को भी ऐसा करने को इंस्पायर करेगा।' शाहरुख के अलावा अक्षय कुमार, प्रीति जिंटा, अनुष्का शर्मा, तापसी पन्नू, जैसे कई सेलेब्स ने भी बीसीसीआई के इस फैसले की तारीफ की है।

बीसीसीआई के सेक्रेटरी जय शाह ने मैच फीस को लेकर अपने पोस्ट में लिखा, 'मुझे ये घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई ने भेदभाव से निपटने की दिशा में पहला कदम उठा लिया है। हम महिला क्रिकेटर्स के लिए सैलरी इक्विटी पॉलिसी शुरू कर रहे हैं। पुरुष और महिला क्रिकेटर्स दोनों के लिए मैच फीस समान होगी, क्योंकि हम क्रिकेट में जेंडर इक्वैलिटी के एक नए ऐरा में एंटर कर रहे हैं।'

## आर्सेनल खिलाड़ी पाब्लो मारी पर चाकू से हुआ हमला, बाल-बाल बचे

लंदन, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। आर्सेनल के खिलाड़ी पाब्लो मारी गुरुवार को इटली के असागो में एक शॉपिंग मॉल में जघन्य हमले का शिकार हो गए।

मारी उन पांच लोगों में शामिल थे जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। स्काई स्पोर्ट्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इतालवी शहर के एक शॉपिंग सेंटर में चाकू से छह लोगों पर हमला किया गया था, जिसमें मारी भी शामिल थे। खबर की पुष्टि करते हुए, आर्सेनल के प्रबंधक मिकेल अटेर्टा ने कहा है कि मारी ठीक हैं, उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई है। उन्होंने कहा, मारी इस समय अपने एक रिश्तेदार के संपर्क में हैं। वह ठीक हैं, उन्हें ज्यादा गंभीर चोट नहीं लगी है।

## केरल के पी.टी.उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स में महिला सहायक कोच का लटका मिला शव

तिरुवनंतपुरम, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोझीकोड के पास पीटी उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स में सहायक कोच के रूप में कार्यरत 24 वर्षीय एक युवती शुक्रवार सुबह अपने कमरे में लटकी मिली। स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और अभी तक उसकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं किया है।

जयंती का शव महान एथलीट पी.टी.उषा द्वारा बनाई गई खेल अकादमी के छात्रावास के कमरे में मिला था, जो वर्तमान में राज्यसभा की मनोनीत सदस्य हैं। अपने वार्डरें के बीच एक लोकप्रिय व्यक्तित्व, युवा कोच पिछले 18 महीनों से अकादमी में सहायक कोच हैं।

### पीकेएल : राम मेहर सिंह बोले

## कोच हमेशा चाहते हैं कि उनकी टीम में सुधार हो




पुणे, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग के सीजन 9 के पहले चरण में जिस चीज ने सभी को प्रभावित किया, वह था गुजरात जायंट्स को बेंगलुरु में प्रशंसकों से मिला समर्थन और प्यार। कोच राम मेहर सिंह ने बेंगलुरू के लोगों की सराहना की, जो टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने कहा, महामारी के कारण, प्रशसंकों को आने की अनुमति नहीं थी। जब प्रशंसक स्टेडियम में मौजूद होते हैं, तो उनकी जयकार से मदद मिलती है क्योंकि यह खिलाड़ियों को प्रेरित करता है। मैं बड़ी संख्या में आने और टीम के लिए चीयर्स करने के लिए बेंगलुरु के प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने हमें बहुत प्यार दिया और उन्होंने न केवल अपनी टीम बल्कि अन्य टीमों का भी समर्थन किया है। वे यहां कबड्डी से प्यार करते हैं।

भारत के कबड्डी परिश्य में सफल कोचों में से एक, सिंह ने कहा कि उनके प्रदर्शन की परवाह किए बिना, सभी कोच लगातार अपनी रणनीतियों में सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है और कोई भी कोच अपनी टीम के प्रदर्शन से कभी संतुष्ट नहीं होता. इसलिए, हम सीजन के आगे बढ़ने के साथ अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं। राम मेहर सिंह और गुजरात जायंट्स के लिए, सीजन का पुणे चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे प्लेआफ में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें शीर्ष छह टीमें पहले दौर से आगे बढ़ेंगी। सिंह ने कहा, जब डिफेंसिव इकाई और आक्रमण करने वाली इकाई अच्छी तरह से मिलकर काम करती है तो टीम अच्छा करती है, और यह हमारे प्रदर्शन में परिलक्षित होता है, खासकर जब हम जीते हैं। अगर टीम गलतियों को दूर करना जारी रखती है, तो हम अच्छा करेंगे और अंक जीतेंगे। अंक तालिका में सातवें स्थान पर, अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स 29 अक्टूबर को अपने अगले मैच में सबसे नीचे स्थित तेलुगु टाइटन्स से भिड़ेगी।

## वापसी पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का धमाका

### मैनचेस्टर यूनाइटेड का अगले राउंड में पहुंचना पक्का




मैनचेस्टर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के स्टार फुटबॉलर पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए धमाकेदार वापसी की है। उन्होंने यूईएफए यूरोपा लीग में मोल्डोवा के क्लब शेरिफ तिरासपोल के खिलाफ शानदार गोल किया। रोनाल्डो को इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने चेल्सी के खिलाफ टीम से बाहर कर दिया था। उनके ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी।

रोनाल्डो को टॉटेनहम हॉटस्पर के खिलाफ शुरुआती एकादश में नहीं रखा गया। इसके अलावा उन्हें मैच के दौरान किसी खिलाड़ी के स्थान पर खेलने के लिए भेजा भी नहीं गया। इससे वह नाराज हो गए। रोनाल्डो ने गुस्से में ऐसा काम किया, जिसकी उनसे किसी ने उम्मीद नहीं की थी। वह मैच में खिलाए जाने पर गुस्से में 90 मिनट पूरे होने से पहले ड्रेसिंग रूम में चले गए। नियम के मुताबिक, कोई भी खिलाड़ी मैच के दौरान अधिकारियों को बताकर ही ड्रेसिंग रूम में जा सकता है। रोनाल्डो ने ऐसा कुछ भी नहीं किया। वह गुस्से में सीधे ड्रेसिंग रूम की ओर बढ़ गए।

**रोनाल्डो ने किया टीम का तीसरा गोल**

रोनाल्डो ने इस घटना के बाद टीम का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने मैनचेस्टर में अभ्यास किया और फिर यूरोपा लीग के मैच के लिए टीम में चुने गए। उन्होंने शेरिफ तिरासपोल के खिलाफ 81वें मिनट में गोल किया। यह टीम का तीसरा गोल था। उनसे पहले डिएगो डालोट ने 44वें और मार्कस रैशफोर्ड ने 65वें मिनट में गोल दागा था। मैनचेस्टर ने इस मैच को 3-0 से अपने नाम किया। उसके पांच मैचों में 12 अंक हो गए हैं। वह ग्रुप-ई में दूसरे स्थान पर है। स्पेनिश क्लब रियाल सोसिदाद पांच मैच में 15 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

## पाकिस्तान की हार से तिलमिलाए शोएब अख्तर

### कहा-भारत भी अगले हफ्ते बाहर हो जाएगा; उधर, शाहिद अफरीदी बोले-कोई उलटफेर नहीं हुआ

लाहौर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में अब तक भारत इकलौती टीम है, जिसने 2 मैच खेले हैं और दोनों में जीत हासिल की है। हालांकि, इसके बावजूद पता नहीं क्यों पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को लगता है कि टीम इंडिया सेमीफाइनल में बाहर हो जाएगी। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ पाकिस्तान की हार के बाद यह बात दोहराई।

वह पाकिस्तान की हार से काफी खफा थे। शोएब अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर यहां तक कह दिया, 'कहीं मेरे मुंह से उलटा सीधा न निकल जाए।' इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन रमीज राजा से लेकर टीम मैनेजमेंट को भी जमकर लताड़ लगाई। उधर, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने ट्वीट कर जिम्बाब्वे की तारीफ की। उन्होंने लिखा कि यह कोई उलटफेर (पाकिस्तान का खुद से काफी नीचे रैंकिंग वाली टीम से हारना) नहीं है। शोएब अख्तर के अलावा पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी आकिब जावेद, मोइन खान, वकार यूनिस और मिस्बाह-उल-हक ने भी बाबर आजम एंड कंपनी की जमकर आलोचना की। आकिब जावेद ने कहा कि वह बल्लेबाजों की कुछ तकनीकों को देखकर हैरान हैं। मोईन खान ने कहा कि ऐसा लगता है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की उछाल वाली पिचों को लेकर कोई तैयार ही नहीं की।




मोईन खान ने कहा कि पाकिस्तानी बल्लेबाजों के पास बुनियादी तकनीक की कमी दिखी। वकार यूनिस को लगता है कि पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इस डर से बल्लेबाजी कर रहे थे कि अगर वे आउट हुए तो पूरी टीम बिखर जाएगी। मिस्बाह-उल-हक ने सवाल उठाया कि क्या गेंदबाजी के लिए कोई टीम के पास कोई गेम प्लान है भी या नहीं?

शोएब अख्तर ने कहा, 'मैं बार-बार यह बात कह रहा हूं कि ये सलामी बल्लेबाज, मध्यक्रम हमारे लिए इस स्तर पर सफलता पाने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने हताशा जाहिर करते हुए कहा, मैं क्या कह सकता हूं? पाकिस्तान के पास एक खराब कप्तान है। जिम्बाब्वे के खिलाफ हारकर पाकिस्तान दूसरे मैच में ही विश्व कप से बाहर हो गया।' अफरीदी ने ट्वीट में लिखा, 'इस नतीजे को उलटफेर नहीं कहा जा सकता। यदि आपने मैच देखा होगा तो पता चलेगा कि जिम्बाब्वे ने पहली गेंद से ही टॉप क्लास क्रिकेट का मुजाहिरा पेश किया। उन्होंने यह भी दिखाया कि कैसे एक बैटिंग पिच पर छोटे लक्ष्य का बचाव किया जाता है।'

## आमिर ने पीसीबी चेयरमैन से मांगा इस्तीफा

कराची, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे से मिली एक रन की करारी हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी भड़क गए हैं। पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी मोहम्मद आमिर ने पोस्ट में लिखा है-'मैं पहले दिन से खराब टीम सेलेक्शन पर बात कर रहा हूं, अब उस चीज की जिम्मेदारी कौन लेगा। मेरा मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चैयरमैन और चीफ सिलेक्टर को टाटा बॉट-बॉय कहने का वक्त आ गया है। पीसीबी के चैयरमैन खुदा बना हुआ है, लेकिन अब उस पर फैसले की घड़ी आ गई है।' शाहिद अफरीदी- रिजल्ट खराब नहीं...जिम्बाब्वे ने अच्छा खेला पूर्व पाकिस्तान कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज शाहिद अफरीदी बोले- 'रिजल्ट को खराब नहीं कहेंगे।

## टी-20 वर्ल्ड कप में जिंदा हैं पाकिस्तान की उम्मीदें, अब भी पहुंच सकता है सेमीफाइनल में

कराची, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2022 अभी तक किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है. टीम को भारत और जिम्बाब्वे के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी. यहां तक कमजोर माने जाने वाली जिम्बाब्वे टीम के खिलाफ 1 रन से हार का सामना करना पड़ा. लेकिन टी20 वर्ल्ड कप 2022 में लगातार दो हार के बाद भी पाकिस्तानी टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर सकती है. आइए जानते हैं, कैसे?

**ग्रुप-2 की है ये स्थिति :** ग्रुप-2 में भारतीय टीम ने पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ धमाकेदार अंदाज में जीत हासिल की. वहीं, साउथ अफ्रीका का एक मैच रद्द हुआ और एक मुकाबले में उसने जीत हासिल की. इसलिए अफ्रीकी टीम के तीन अंक हैं और जिम्बाब्वे टीम के भी 3 अंक हैं. अभी समीकरण के हिसाब से भारतीय टीम का सेमीफाइनल में जाना तय है. वहीं, जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका में से एक टीम सेमीफाइनल में पहुंच सकती है।

**पाकिस्तान को लक की है जरूरत**

पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप में अपने शुरुआती दोनों मैच हार चुका है. ऐसे में उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने बाकी बचे तीनों ही मैच जीतने होंगे. पाकिस्तान को अभी साउथ अफ्रीका, नीदरलैंड्स और बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेलने हैं. ये पाकिस्तान ये तीनों मुकाबले बड़े अंतर से जीत लेता है, तो उसके 6 अंक हो जाएंगे. इसके अलावा उसे ये दुआ करनी होगी कि साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे अपने बाकी बचे तीन मैचों में से 2-2 मुकाबले हार जाएं. इस स्थिति में पाकिस्तानी टीम सेमीफाइनल में पहुंच सकती है।

**एक बार जीता है टी20 वर्ल्ड कप का खिताब**

पाकिस्तानी टीम ने साल 2009 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. तब से टीम इस ट्रॉफी से दूर है. वहीं, पिछले साल पाकिस्तानी टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी. जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था. लेकिन अब मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में भी पाकिस्तान टीम ने बहुत ही खराब प्रदर्शन किया है. ऐसे में कप्तान बाबर आजम की कप्तानी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.